हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 28.07.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 09 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### एक नजर

## प्रधानमंत्री आज सुबह 11 बजे करेंगे मन की बात



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार (28 जुलाई) को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित मासिक कार्यक्रम मन की बात को संबोधित करेंगे। मन की बात का यह 112वां संस्करण होगा। प्रधानमंत्री ने लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पिछले माह पुन: मन की बात को शुरू किया। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूजऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

## लाओस ने श्रीरामलला पर जारी किया डाक टिकट

**अयोध्या/वियनतियाने :** दक्षिण पूर्वी एशिया के देश लाओस ने अयोध्या के श्री रामलला पर एक डाक टिकट जारी किया है। जिसका शनिवार को विहिप ने स्वागत किया और कहा कि जहां संपूर्ण विश्व राम के प्रति निष्ठावान हैं, वहीं भारत में मुट्ठी भर लोग सत्ता सुख के लिये श्रीराम को काल्पनिक बताकर अपनी संस्कृति और भारत को शर्मसार करते हैं। विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने लाओस राष्ट्र द्वारा रामलला पर डाक टिकट जारी किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि जो लाओस अपने पूर्वजों और भारतीय संस्कृति के प्रति निष्ठावान है। राम लला हमारी धर्म संस्कृति के मेरूदंड हैं, जो जन-जन में समाये हैं। उन्होंने कहा श्रीराम के प्रति जहां विश्व में आस्था समर्पण दिखता है, वहीं दुर्भाग्य है कि भारत में श्रीराम को काल्पनिक और उनकी उपस्थिति को नकारकर तुष्टिकरण की राजनीतिक रोटियां सेकते हैं।

### विपक्षी राज्यों के बहिष्कार के बीच हुई नीति आयोग की बैठक, पीएम ने पेश किया विजन-2047

# हमें युवाओं को कुशल और रोजगार के लायक बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए : मोदी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित की गई। इसमें 20 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत @2047 के विजन को प्राप्त करने के लिए सभी राज्यों और केंद्र के सहयोग और सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पिछले दस वर्षों में स्थिर विकास हासिल किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था, जो 2014 में दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, 2024 तक 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। उन्होंने कहा कि अब सरकार और सभी नागरिकों का सामूहिक लक्ष्य दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि हमारे देश ने पिछले दस वर्षों में सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करके पहले ही काफी प्रगति की है। मुख्य रूप से आयात-संचालित देश होने से, भारत अब दुनिया को कई उत्पाद निर्यात करता है। देश ने रक्षा, अंतरिक्ष, स्टार्ट-अप और खेल जैसे व्यापक क्षेत्रों में विश्व मंच पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने 140 करोड़ नागरिकों के आत्मविश्वास और उत्साह की सराहना की, जो हमारे देश की प्रगति के पीछे प्रेरक शक्ति है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह परिवर्तन का दशक है जो विभिन्न क्षेत्रों में बहुत सारे अवसर लेकर आया है। उन्होंने राज्यों को इन अवसरों का उपयोग करने और नीति निर्माण और क्रियान्वयन में नवीन दृष्टिकोणों के माध्यम से विकास के लिए अनुकूल नीतियां बनाने और शासन कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के विजन को विकसित राज्यों के माध्यम से साकार किया जा सकता है और विकसित भारत की आकांक्षा जमीनी स्तर यानी प्रत्येक जिले, ब्लॉक और गांव तक पहुंचनी चाहिए। इसके लिए, प्रत्येक राज्य और जिले को 2047 के लिए एक विजन बनाना चाहिए ताकि 2047 में विकसित भारत को साकार किया जा सके। प्रधानमंत्री ने नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इसकी सफलता की कुंजी मापनीय मापदंडों की निरंतर और ऑनलाइन निगरानी थी, जिससे विभिन्न सरकारी योजनाओं में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए जिलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हुई। प्रधानमंत्री ने युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने के लिए कौशल और प्रशिक्षण पर जोर दिया क्योंकि दुनिया कुशल मानव संसाधन के लिए भारत की ओर देख रही है। उन्होंने राज्यों को निवेशक-अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने नीति आयोग को मापदंडों का एक 'निवेश-अनुकूल चार्टर' तैयार करने का निर्देश दिया, जिसमें निवेश आकर्षित करने के लिए लागू की जाने वाली नीतियां, कार्यक्रम और प्रक्रियाएं शामिल होंगी। निवेश आकर्षित करने के लिए उनके बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए इन मापदंडों में उपलब्धि के आधार पर राज्यों की निगरानी की जा सकती है। उन्होंने निवेश आकर्षित करने के लिए केवल प्रोत्साहन के बजाय कानून और व्यवस्था, सुशासन और बुनियादी ढांचे के महत्व को भी रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने जल संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए राज्य स्तर पर नदी ग्रिड बनाने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने सुझाव दिया कि हमें विकासशील भारत के लिए प्राथमिकता के रूप में शून्य गरीबी को लक्ष्य बनाना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि हमें केवल कार्यक्रम स्तर पर नहीं बल्कि व्यक्तिगत आधार पर गरीबी से निपटने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर से गरीबी को खत्म करने से हमारे देश में परिवर्तनकारी प्रभाव आएगा। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों को कृषि में उत्पादकता और विविधीकरण बढ़ाने तथा किसानों को बाजार से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती के तरीकों को अपनाने पर जोर दिया, जिससे मिट्टी की उर्वरता में सुधार हो सकता है, कम लागत के कारण किसानों को बेहतर और त्वरित लाभ सुनिश्चित हो सकता है और उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार भी उपलब्ध हो सकता है।

प्रधानमंत्री ने राज्यों को भविष्य में जनसंख्या और वृद्धावस्था के मुद्दों को संबोधित करने के लिए जनसांख्यिकी प्रबंधन योजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रधानमंत्री ने राज्यों से सभी स्तरों पर सरकारी अधिकारियों की क्षमता निर्माण करने को कहा और उन्हें इसके लिए क्षमता निर्माण आयोग के साथ सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों ने विकासशील भारत @ 2047 के विजन के लिए विभिन्न सुझाव दिए और अपने राज्यों में उठाए जा रहे कदमों पर भी चर्चा की। कृषि, शिक्षा और कौशल विकास, उद्यमिता, पेयजल, अनुपालन में कमी, शासन, डिजिटलीकरण, महिला सशक्तिकरण, साइबर सुरक्षा आदि के क्षेत्र में कुछ प्रमुख सुझाव और सर्वोत्तम अभ्यासों पर प्रकाश डाला गया। कई राज्यों ने 2047 के लिए राज्य विजन बनाने के लिए अपने प्रयासों को भी साझा किया।

## हेमंत सोरेन नीति आयोग की बैठक में नहीं हुए शामिल

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज दिल्ली में नीति आयोग की बैठक हो रही है। इस बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल नहीं होंगे। सुबह तक ऐसी चर्चा थी कि वे बैठक में शामिल हो सकते हैं, लेकिन अब यह तय हो गया है कि वे इसमें नहीं शामिल होंगे। नीति आयोग की बैठक 9:30 बजे से शुरू होनी थी, लेकिन सीएम अपने आवास पर ही थे। इससे पहले, 24 जुलाई को कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए सीएम ने इस बात का खंडन नहीं किया था कि वह नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होंगे। लेकिन देर रात तक सीएम दिल्ली नहीं गए।

## जम्मू-कश्मीर में खाई में गिरी कार एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत



एजेंसी

**अनंतनाग :** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सिंथन-कोकरनाग मार्ग पर शनिवार को एक तेज रफ्तार मारुति स्विफ्ट कार सड़क से फिसलकर खाई में पत्थरों पर जा गिरी। इस हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई।

कोकरनाग के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सुहेल अहमद ने बताया कि यह दुर्घटना डक्सुम नाका से 20 किलोमीटर दूर आरशान हट के पास हुई। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी इम्तियाज अहमद पत्नी, एक अन्य रिश्तेदार महिला और पांच बच्चों के साथ कार से किश्तवाड़ से माडवा किश्तवाड़ में अपने घर वापस आ रहे थे, जहां उनकी तैनाती थी। उसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में पांच बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष हैं। इनमें इम्तियाज राथर (45) निवासी किश्तवाड़, अफरोजा बेगम (40) पत्नी इम्तियाज अहमद राथर निवासी किश्तवाड़, रेशमा (40) पत्नी माजिद अहमद, अरीबा इम्तियाज (12) पुत्री इम्तियाज अहमद, अनिया जान (10) पुत्री इम्तियाज अहमद, अबान इम्तियाज (6) पुत्री इम्तियाज, मुसैब माजिद (16) पुत्र माजिद अहमद, मुशैल माजिद (8) पुत्र माजिद अहमद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम एसडीएच कोकेरनाग में किया जा रहा है।

## एसीबी ने आबकारी अधिकारी को 1.70 लाख रुपये रिश्वत लेते किया ट्रैप

**जयपुर :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) टीम राजस्थान में घूसखोर अधिकारियों पर भी शिकंजा कसने के लिए एक्शन मोड में है। एसीबी आए दिन भष्ट अधिकारियों पर ताबड़तोड कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में एसीबी ने जयपुर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जयपुर एसीबी टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दौसा आबकारी अधिकारी को रिश्वत लेते ट्रैप किया है। जयपुर एसीबी टीम ने आबकारी अधिकारी को शराब ठेकेदार से 1.70 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। सांगानेर थाने में एसीबी टीम आरोपी आबकारी अधिकारी से पूछताछ कर रही है। एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी जयपुर की ग्रामीण इकाई को परिवादी ने शिकायत दी थी। परिवादी ने शिकायत में बताया कि उसकी दौसा शहर में संचालित तीन लाईसेंसशुदा शराब की दुकानों को निर्बाध रूप से चलने देने की एवज में मासिक बंधी के रूप में आबकारी अधिकारी कैलाश चन्द्र प्रजापति 1 लाख 80 हजार रुपए रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है। जयपुर एसीबी के डीआईजी कालूराम रावत के सुपरवीजन में जयपुर एसीबी ग्रामीण के एएसपी सुनील सिहाग के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया। जिसके बाद शनिवार दोपहर को एसीबी टीम ने ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी आबकारी अधिकारी कैलाश चन्द्र प्रजापति ने जैसे ही परिवादी से 1 लाख 70 हजार रुपए की रिश्वत राशि ली। एसीबी ने आरोपी आबकारी अधिकारी कैलाश चन्द्र प्रजापति को रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## विजय माल्या पर सेबी का एक्शन, तीन साल के लिए किसी भी लिस्टेड कंपनी से जुड़ने पर रोक

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सेबी ने भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को बड़ा झटका दिया है। सेबी ने माल्या को 3 साल के लिए किसी भी लिस्टेड कंपनी से जुड़ने से रोक लगा दी है। यह कदम उस मामले में उठाया गया है जिसमें माल्या ने विदेशी बैंक खातों का इस्तेमाल कर भारतीय प्रतिभूति बाजार में गलत तरीके से धन भेजा। माल्या मार्च 2016 से ब्रिटेन में रह रहे हैं और भारत सरकार उन्हें किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़े धोखाधड़ी के आरोपों का सामना करने के लिए



प्रत्यर्पित करने का प्रयास कर रही है।

सेबी की जांच में पाया गया कि विजय माल्या ने जनवरी 2006 से मार्च 2008 तक अपने समूह की कंपनियों- हर्बर्टसन लिमिटेड और यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड के शेयरों का गोपनीय तरीके से कारोबार करने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशक मैटरहॉर्न वेंचर्स का इस्तेमाल किया। इसके लिए उन्होंने विभिन्न विदेशी खातों के माध्यम से धन भेजा और अपनी असली पहचान छिपाने के लिए विभिन्न विदेशी संस्थाओं का सहारा लिया। सेबी के आदेश में कहा गया है कि मैटरहॉर्न वेंचर्स को हर्बर्टसन में गलत ढंग से गैर-प्रवर्तक सार्वजनिक शेयरधारक के रूप में सूचीबद्ध किया गया था जबकि इसकी 9.98 फीसदी शेयरधारिता प्रवर्तक श्रेणी की थी।

## लोकतंत्र हमारी संस्कृति और स्वभाव का हिस्सा है : ओम बिरला

एजेंसी

**जोधपुर :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आम जनता को सरल, सुलभ, सहज और त्वरित गति से न्याय दिलवाने के लिए सरकार द्वारा किए कई वैधानिक बदलावों का जिक्र करते हुए न्यायपालिका से भी इसमें बराबर की भूमिका निभाने का आग्रह किया है। उन्होंने देश की पेंडिंग मुकदमों और अदालत से मिलने वाली लंबी-लंबी तारीखों का जिक्र करते हुए कहा कि न्यायालयों में लंबित मुकदमों के निस्तारण, न्याय व्यवस्था की खामियों को दूर करने और आम जनता को सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय देने के लिए देश की अदालतों को तकनीक का ज्यादा



से ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए। राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर जोधपुर में आयोजित राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जुबली समारोह को संबोधित करते हुए बिरला ने राज्य के तीनों अंगों के कार्यक्षेत्र की बात कहते हुए कहा कि संविधान निमार्ताओं ने राज्य के तीनों अंगों, विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका, के बीच कार्यों का बंटवारा किया है और तीनों अंगों को साथ-साथ चलते हुए स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से काम करना चाहिए।

भारत को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' बताते हुए बिरला ने हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में 65 करोड़ लोगों ने भागीदारी कर अपनी सरकार को चुना है। दुनिया के देश भारत के चुनाव को देखकर अचंभित हैं। लोकतंत्र हमारी संस्कृति और स्वभाव का हिस्सा है। भारत का लोकतंत्र शासन के सभी अंगों के सामूहिक प्रयासों से 75 वर्षों की यात्रा में सशक्त हुआ है। निष्पक्ष चुनाव आयोग पर जनता का भरोसा और चुनाव में लोगों की इतनी बड़ी भागीदारी, भारतीय लोकतंत्र की बड़ी ताकत है।

उन्होंने पीएम मोदी के 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य का जिक्र करते हुए कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक और प्रत्येक संस्थाओं को इसमें अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आम लोगों के जीवन को आसान, सरल और सुगम बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास हुए हैं। सरकार ने पिछले एक दशक में 'इज ऑफ लिविंग' के लिए अनगिनत कार्य किए हैं।

# केकेएम कॉलेज के छात्रों और पुलिस के बीच झड़प, दो पुलिस अधिकारी और नौ छात्र घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में शुक्रवार रात्री 10.30 बजे पाकुड़ नगर थाना गस्ती दल के द्वारा अपहरण की सूचना प्राप्त होने पर मोबाईल लोकेशन के आधार पर केकेएम कॉलेज, पाकुड़ परिसर में सत्यापन/जांच हेतु पहुंची थी। पूछ-ताछ के दौरान वहां केकेएम कॉलेज हॉस्टल परिसर में वर्तमान एवं पूर्ववर्ती छात्रों एवं असमाजिक तत्वों द्वारा गस्ती दल पर हमला कर दिया गया।

जिससे कई पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी बुरी तरह जख्मी हो गये। इस संबंध में जख्मी एवं अनुसंधानक पुलिस पदाधिकारी द्वारा पाकुड़



नगर थाना काण्ड सं0-179/24 एवं 180/24 दर्ज कराया गया है। उपरोक्त संबंध में थाना प्रभारी नगर को सूचना प्राप्त होने पर वे घटना स्थल पर पहुंचे तो इनपर भी हमला किया गया। बीच बचाव के दौरान दोनो तरफ से हुवे झड़प में कुछ पुलिस कर्मी एवं कुछ हमलावर को हल्की चोटें आईं। फिलहाल अभी स्थिती सामान्य बनी हुई है।

वहीं शनिवार को पुलिस एसोसिएशन एवं मेंस एसोसिएशन, पाकुड़ द्वारा पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ को ज्ञापन सौंपा गया जिसमे इन्होंने शुक्रवार को केकेएम कॉलेज परिसर में पाकुड़ पुलिस के गस्ती दल के पुलिस पादिधिकारियों/पुलिस कर्मी के साथ मारपीट की घटना में संलिप्त असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी करने का अनुरोध किया गया है। गिरफ़्तारी नही होने तक सभी पुलिस पदाधिकारी/पुलिस कर्मी द्वारा काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी कई बार केकेएम कॉलेज के छात्रों एवं असमाजिक तत्वों द्वारा पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी के साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट की घटना कारित की गयी है, जिसके संबंध में भी पाकुड़ नगर थाना में काण्ड दर्ज किया गया है। बार-बार इस तरह की अशोभनीय घटना घटित होने से पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी के ऊपर प्रतिकुल असर पड़ रहा है।

वहीं आदिवासी छात्रों ने आज पूर्व प्रस्तावित आक्रोश रैली निकाल पुलिस कप्तान को ज्ञापन सौंपा है। इधर आदिवासी छात्र एवं नेताओं ने पुलिस की करवाई को आक्रोश रैली को असफल करने की मंशा बताया है। उधर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित कई नेताओं ने इस घटना की निंदा कर कारवाई करने की मांग की है।

## कुपवाड़ा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान शहीद, मेजर समेत चार घायल



एजेंसी

**कुपवाड़ा :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के करीब माछिल सेक्टर में सेना ने घुसपैठ को विफल करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया। इस दौरान घायल मेजर रैंक के एक अधिकारी समेत चार भारतीय सैनिकों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि इस घटना में मेजर रैंक के एक अधिकारी समेत पांच जवान घायल हुए। इनमें से एक जवान का बलिदान हो गया। सुरक्षाबलों को शनिवार सुबह माछिल सेक्टर की कामकारी पोस्ट पर कुछ संदिग्ध हलचल दिखी थी। इसके बाद सतर्क जवानों ने भारतीय सीमा की तरफ तेजी से बढ़ रहे आतंकियों को ललकारा तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभालते हुए जवाब देना शुरू किया। मुठभेड़ शुरू होते ही सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान मेजर रैंक के एक अधिकारी समेत पांच भारतीय सैनिक घायल हो गए। उन्होंने तत्काल घटनास्थल से निकाला गया पर उनमें से एक सैनिक बलिदान हो गया है। घायल जवानों को पास के अस्पताल में पहुंचाया गया है। क्षेत्र में आतंकरोधी अभियान जारी है।

इधर चिनार कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि नियंत्रण रेखा पर मच्छल सेक्टर के कामकारी में एक अग्रिम चौकी पर अज्ञात कर्मियों के साथ गोलीबारी हुई है। इसमें एक पाकिस्तानी शख्स मारा गया है।

# कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री ने कांवड़ यात्रियों के लिए नि:शुल्क सेवा शिविर का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सावन का पवित्र महीना चल रहा है और श्रद्धालुगण बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए देवघर के बाबा धाम के लिए हजारों की संख्या में कावड़ लेकर पैदल यात्रा के लिए निकल पड़े है। ऐसे में नवयुवक कावरियां संघ मेरु, हजारीबाग के बैनर तले श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए निशुल्क उत्तम व्यवस्था, नाश्ता चाय, और गर्म पानी की व्यवस्था की गई है। यहां श्रद्धालु आसानी पूर्वक विश्राम कर सकते हैं ऐसी व्यवस्था टेंट लगाकर की गई है। इस नि:शुल्क सेवा शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री विनोद कुशवाहा ने फीता काटकर किया, साथ ही साथ मुख्य अतिथि ने कहा कि इस सेवा शिविर के माध्यम से हजारों की संख्या में निकले हुए पैदल यात्रा में श्रद्धालु लाभान्वित होंगे। इस मौके पर मेरू पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुशवाहा, पंचायत समिति सदस्य दशरथ यादव, उप मुखिया मनोज कुशवाहा, वार्ड सदस्य शंभू नाथ कुशवाहा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजकुमार मेहता, पूर्व मुखिया जयशंकर मिश्रा, योगेंद्र पासवान, संतोष कुशवाहा, प्रमोद मेहता, बलराम कुशवाहा, विजय कुशवाहा, अनिल मेहता, किसुन प्रसाद, निर्मल कुशवाहा, रामचंद्र गुप्ता, रामकुमार पटेल, झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय कुमार प्रजापति के साथ-साथ स्थानीय एवं अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव थाना परिसर में श्रावणी मेला को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**बड़कागांव :** श्रावणी मेला को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं संचालन थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने किया। बैठक में उपस्थित प्रबुद्ध लोगों ने एक एक करके अपना विचार दिया। जिसमें साउंड सिस्टम, जुलूस में भड़काऊ गाना नहीं बजाने का निर्णय लिया गया। शांति व्यवस्था बनाने के लिए बुद्धिजीवी को सहयोग करने की अपील किया गया। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि आपसी भाईचारा के साथ श्रावणी मेला मनाए। आपसी भेदभाव को मिटाइए, मिलजुल का त्यौहार मनाए। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने सभी पंचायतों के चयनित जनप्रतिनिधियों द्वारा सहयोग करने की अपील किया। मौके पर मौजूद प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि महूदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव में आयोजित मेला प्रखंड स्तरीय है जिसे शांतिपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, उपप्रमुख बचनदेव कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, पूर्व मुखिया दीपक दास, बालेश्वर महतो, आसिफ असगर, मोहम्मद इंतसार आलम, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### कुंज बिहारी ने नए डीजीपी से की मुलाकात

**हजारीबाग :** लोकहीत अधिकार पार्टी के नेता कुंज बिहारी साव ने शनिवार को नए डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात कर बुके भेंट कर डीजीपी बनने पर स्वागत किया व बधाई दी। इस दौरान कुंज बिहारी बड़कागांव में भ्रष्टाचार, नशा मुक्ति को लेकर चर्चा की और बड़कागांव प्रखंड को भ्रष्टाचार एवं नशा मुक्त प्रखंड बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है जिसे रोकने की जरूरत है। वही अफीम, चरस, भांग, गांजा, दारु से युवा पीढ़ी अपनी भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं जागरूकता अभियान चलाकर इन्हें बचाने की आवश्यकता है।

### लोक अदालत में 68 मामलों का हुआ निस्तारण

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शनिवार को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें सुलह समझौते के आधार पर 68 मामले का निस्तारण किया गया। नव लाख 23 हजार 875 रुपए का मामला सेटल हुआ। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 10 पीठो का गठन किया गया था। पीठ संख्या दो में विद्युत विभाग के 20 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या तीन में मोटर एक्सीडेंटक्लेम केस के एक मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या चार में आपराधिक 22 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या आठ में रेलवे के 13 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या नव में प्रिलिटीगेशन के 13 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या एक, पांच, छह, सात और 10 में एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका।

### एमके डीएवी में याद किए गए मिसाइलमैन डॉक्टर अब्दुल कलाम

**मेदिनीनगर (पलामू) :** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में भारत के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइलमैन प्रसिद्ध वैज्ञानिक, भारतरत्न, डॉक्टर अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय की प्रात: कालीन प्रार्थना सभा में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने की। समारोह के प्रारंभ में विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी.एन. खान ने मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ शिक्षकों के साथ डॉक्टर कलाम के चित्र पर पुष्पार्चन किया। तत्पश्चात छठी की छात्राएं सौम्या एवं आयुषी ने डॉक्टर कलाम पर एक सुंदर कविता प्रस्तुत की तथा 11वीं की छात्रा जस्सी ने डॉक्टर कलाम पर बहुत ही मार्मिक एवं भावपूर्ण व्याख्यान दिया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि राजेंद्र सचदेवा जी ने डॉक्टर कलाम को आधुनिक भारत का महान शिल्पकार बताया। उन्होंने बताया कि डॉक्टर कलाम छात्रों के बीच रहना पसंद करते थे। उनकी मौत भी शिलांग में छात्रों के बीच ही हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल्सझारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी.एन.खान ने अपने उद्बोधन में बताया कि डॉक्टर कलाम एक महान शिक्षाविद, उच्च कोटि के वैज्ञानिक तथा तकनीकी विशेषज्ञ, विकसित भारत के शिल्पकार थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया था।

## विधायक के प्रयास से प्रखण्ड के तीन उपस्वास्थ्य केंद्रों का होगा कायाकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला लगातार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पहले प्रखण्ड के दर्जनों का सड़को का जीर्णोद्धार कर गांव तक पहुंच को आसान बनाया और अब स्वास्थ्य ब्यवस्था को दुरुस्त करने में जुट गए हैं। विधायक अकेला के प्रयास के बाद प्रखण्ड के तीन उपस्वास्थ्य केंद्र का कायाकल्प होने जा रहा है। इस सम्बंध में मीडिया प्रभारी मनोज कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बरही विधायक अकेला के क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसी क्रम में इनके अथक प्रयास से चौपारण प्रखंड के 3 उप स्वास्थ्य केंद्र पंचायत पांडेयबारा का उप स्वास्थ्य केंद्र पाण्डेयबारा, पंचायत सिंघरावा का उप स्वास्थ्य केंद्र, हजारी धमना और पंचायत रामपुर का उपस्वाथ्य केंद्र, रामपुर का नया भवन बनेगा। नए भवन निर्माण के लिए जिला परिषद, हजारीबाग से निविदा (टेंडर) निकल चुकी है। वहीं बरही प्रखण्ड क्षेत्र के 2 स्कूल उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, कटियौन और उत्क्रमित मध्य विद्यालय केदारुत का भी चारदीवारी निर्माण के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम हजारीबाग से निविदा(टेंडर) निकल चुका है।

## सदर अनुमंडल क्षेत्र में कहीं भी अवैध माइनिंग बर्दाश्त नहीं : एसडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने शनिवार को सदर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सतबरवा के सलैया व हलुमाड़ गांव में अवैध बालू के परिवहन व भंडारण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान उन्होंने सलैया गांव में अवैध बालू का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया साथ ही 10 ट्रैक्टर अवैध बालू जो डंप कर एक स्थान पर भंडारित कर रखा गया था उसे भी जब्त किया। इसके बाद उन्होंने हलुमाड़ गांव के औरंगा नदी से 4 ट्रैक्टर जिसमें अवैध रूप से बालू लोड था उसे भी जब्त किया। इस कार्रवाई में मौके पर सतबरवा सीओ एवं सतबरवा थाने की पुलिस मौजूद रही। सभी के विरुद्ध सतबरवा थाने में एफआईआर भी दर्ज किया गया। ज्ञातव्य है कि जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को ही जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक कर तीनों एसडीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत संचालित हो रहे अवैध माइनिंग या बालू पर पूर्ण रूप से प्रतिबंद्ध लगाने को लेकर निर्देशित किया था। उपरोक्त कार्रवाई के संबंध में एसडीओ तिवारी ने बताया कि उपायुक्त द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि पूरे सदर अनुमंडल क्षेत्र में औचक रूप से निरीक्षण कर इसी तरह की कार्रवाई की जायेगी।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध माइनिंग को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनन से जुड़े लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। पिपराप्रखण्ड अंतर्गत सुखनदिया नदी के समीप ट्रेंच खोदकर मार्ग को अवरुद्ध किया गया ताकि अवैध बालू का परिवहन न हो पाये।

## शेफाली गुप्ता के सौजन्य से 4 अगस्त से होगा खेलो विधानसभा फुटबॉल टूर्नामेंट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण खेल प्रतिभा को बढावा देने के उद्देश्य तथा युवाओं की मांग पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से 04 अगस्त 2024 दिन रविवार को खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट - 2024 का आयोजन किया जा रहा है। शुभारंभ स्थान कर्जन ग्राउंड, हजारीबाग में खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया जाएगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश के कई वरीय पदाधिकारीगण तथा हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शामिल होकर शुभारंभ करेंगे। यह टूर्नामेंट सदर विधानसभा क्षेत्र के पांच स्थानो पर आयोजित होगा। सदर प्रखण्ड, कटकमदाग प्रखण्ड, कटकमसांडी प्रखण्ड, दारू प्रखण्ड एवं कर्जन ग्राउंड में आयोजित होगा। जिसकी शुरूआत हजारीबाग कर्जन ग्राउंड से होगा। सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायत की टीमे इसमें हिस्सा लेंगी। इस मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने समस्त सदर विधानसभा क्षेत्रवासियों को खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट - 2024 के शुभारंभ में शामिल होने का सादर आमंत्रित किया हैं।

## फर्जी पत्रकारों पर कानूनी कार्रवाई करें उपयुक्त : अवधेश शुक्ला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** झारखंड पत्रकार संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने पलामू उपयुक्त से मांग किया है कि पलामू में बढ़ रहे फर्जी पत्रकारों पर कानूनी कार्रवाई किया जाए। शुक्ल ने कहा कि फर्जी पत्रकारों के कारण पूरा पत्रकार समाज बदनाम हो रहा है। इस पर रोक लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बहुत से पत्रकार हैं जो ना किसी अखबार या नहीं किसी चैनल से संबंधित है। केवल अपना माइक और कैमरा लेकर पत्रकारिता करते चल रहे हैं। ना तो उनके पास आरएन आई का कोई रजिस्ट्रेशन है। शुक्ला ने कहा कि पलामू में बहुत से पत्रकार ऐसे हैं जिन्हें अखबार ने मानता नहीं दिया है उनके पास किसी प्रकार का पहचान पत्र अखबार या चैनल के द्वारा जारी नहीं किया गया है। ऐसे कथित पत्रकार अवैध वसूली में घूमते रहते हैं। जिसे वास्तविक पत्रकारों की छवि धूमिल हो रही है। शुक्ल ने पलामू उपयुक्त से ऐसे पत्रकारों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई करने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ऐसे पत्रकारों की बाढ़ आ जाती है।

## महिला केंद्रित विषयों पर समाज कल्याण विभाग द्वारा सूचना भवन सभागार में कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू) :** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा शनिवार को सूचना व जनसंपर्क विभाग के सभागार मेदिनीनगर में महिला केन्द्रित विषयो पर बिशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन लीगलएडडिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीताचौहान, प्रोटेक्शन ऑफिसर के डीपासवान, यूनीसेफ से तबरेज, बीटीटी सहिया की ओर से अरुण तिवारी व एलएडीसी के वीर बिक्रम बक्स राय ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर कार्य क्रम के मुख्य वक्ता लीगल एडडिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने महिला अधिकार बिषय पर जानकारी देते हुए कहा कि महिला बिना समाज अधूरा है। समाज के तरक्की के लिए महिलाओं को बराबर का अधिकार दिया गया है। महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए ताकि वह अपने अधिकार के साथ-साथ समाज के विकास में भी योगदान पा सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं को कभी दहेज के नाम पर तो कभी कन्या भ्रूण हत्या द्वारा जान से हाथ धोना पड़ता है परन्तु अब धीरे-धीरे समय बदल रहा है और नारी सशक्तिकरण की ओर अक्सर हो रही है और पुरुषों से भी कई मामले में आगे निकल रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी समाज में पुरुषों के समान अधिकार प्राप्त है। महिलाएं पुरुषों के समान अधिकार पाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है। लड़ाई शहरी जीवन में काफी हद तक सफल हो पाई परंतु ग्रामीण इलाकों में इसकी स्थिति अच्छी नहीं है। ग्रामीणइलाको में उनकी स्थिति अभी भी गौण है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जीवन की स्त्री को बंश बढ़ाने और घर संभालने का साधन मात्र न समझे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को कुछ विशेष अधिकार प्राप्त है जिसके तहत समान वेतन पाने का अधिकार, कार्यालय में हुए उत्पीड़न के खिलाफ अधिकार, नाम न छापने का अधिकार, घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकार, मातृत्व संबंधी लाभ के अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिकार, मुफ्त कानूनी मदद पाने का अधिकार, रात में गिरफ्तार न होने का अधिकार, गरिमा और शालीनता के लिए अधिकार, संपत्ति पर अधिकार प्रदान किए गये। उन्होंने डालसा से मिलने वाले सुबिधा के बारे में भी बिस्तार से चर्चा की। इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि महिला केंदित विषयो पर 100 दिनों का बिशेष जागरूकता अभियान 21 जून से चलाया जा रहा है जो चार अक्टूबर तक चलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने कई पंचायतों में उपलब्ध करवाया ट्रांसफार्मर



**हजारीबाग :** बिजली की समस्या से हर कोई लाचार है पूरी तरह परेशान है और ऐसी स्थिति में यदि ट्रांसफार्मर खराब हो जाए तो लोग और भी परेशान हो जाते हैं सदर विधानसभा क्षेत्र के कई प्रखंडों के पंचायत में पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण नयाखाप, छडवा, नया टोगरीं, डूमर, मोरांगी, दुग्धा सहित कई गांव के लोग भारी मात्रा में परेशान थे। उनकी परेशानी कोई सुनने वाला नहीं था जब स्थानीय लोग प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में अपने परेशानी के विषय में विस्तार पूर्वक बताया तो प्रदीप प्रसाद ने अपनी सहयोगी सुरेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों को बिजली विभाग से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया इसके बाद उनके टीम के सदस्य कार्य में पूरी निष्ठा पूर्वक जुट गए 24 घंटे के अंदर में सभी गांव में ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो गया, गांव में कई दिनों के बाद बिजली देख गांव वासियों के चेहरे पर खुशी झलक उठी बच्चे शिक्षा दीक्षा अच्छे तरीके से संपन्न कर पा रहे हैं बिजली जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण बन चुकी है। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि स्थानीय लोगों के द्वारा मिली जानकारी के बाद टीम के सदस्यों को कार्य में लगाया इसके बाद गांव में ट्रांसफार्मर लग गया है करीब छ से भी अधिक ट्रांसफार्मर को लगाया गया है। आम जनता को ना हो कोई दिक्कत, हमारी टीम सदर विधानसभा में पूरी तरह सक्रिय। लोगो की परेशानी वो हमारी परेशानी है।

### लुपुंग में रोड निर्माण कार्य में अनियमितता देख भड़के ग्रामीण

**कटकमसांडी :** कटकमसांडी प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम जेलमा से लूपुंग तक पथ के निर्माण पूर्ण हो गया लेकिन इस बीच सांडवा मठ के समीप सिवाने नदी में पूल के समीप बनाए जा रहे रोड का काली करना करना था लेकिन ऐसा काली करण किया की पूरा का पूरा रास्ते पे दरार आ गया। जिस में लोगो को आने जाने में काफी कठनाई का सामना करना पड़ता है। पुल निर्माण में भी संवेदक द्वारा अनियमितता बरतने से लूपुंग क्षेत्र के लोगों में आक्रोश पनपता जा रहा है। संवेदक द्वारा पूल निर्माण होने के बाद लगभग 100 मीटर तक रोड का काली करना था लेकिन इस रोड निर्माण में मानक के अनुरूप मेटेरियल नहीं दिए जाने से पुल के गुणवत्ता और जो 100 मीटर तक रास्ते का निर्माण करना था उस पर प्रश्न चिन्ह खड़े हो गए हैं। संवेदक द्वारा डस्ट युक्त निम्न स्तर की गिट्टी एवं मसाला में अल्प मात्रा में पिच देकर निर्माण कार्य किया गया जिस में रास्ते का किनारे और बीच में पूरा रोड दरार यानी बीच में फट गया जो राहगीरों को दुर्घटना का दावत दे रहा है। इसी बीच दर्जनों ग्रामीण कार्य स्थल पर पहुंचकर संवेदक के द्वारा कार्य प्रणाली पर आक्रोश व्यक्त किया। लुपुंग के ग्रामीणों निर्माण कार्य पर इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। युवा मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष दीपक मेहता ने बताया कि अगर संवेदक के द्वारा रोड को सही नही किया गया तो हजारीबाग उपयुक्त से उच्च स्तरीय जांच की मांग करते है।

### शशांक सुमन बने मेदिनीनगर लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष



**मेदिनीनगर (पलामू) :** लोक जन शक्ति पार्टी( रामविलास) अपना संगठन विस्तार करते हुए मेदिनीनगर शहर की कमान युवा नेता शशांक सुमन को दि गयी है। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान जी ने सुमन को नियुक्ति पत्र एवम पार्टी का अंगवस्त्र दे कर पार्टी में शामिल किया। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष शशांक सुमन ने उनके उपर विश्वास दिखाने के लिए राष्ट्रिय अध्यक्ष चिराग पासवान, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे एवम वरिष्ठ नेता रवि चौबे एवम प्रदेश महासचिव संजय श्रीवास्तव का आभार प्रकट किया। और विश्वास दिलाया की शीर्ष नेतृत‌व के अनुसार संगठन का कार्य करेंगे और पार्टी को मजबूत करेंगे।

### भाजपा नेता उदयभान नारायण सिंह ने सदर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का किया दौरा



**हजारीबाग :** भाजपा नेता उदयभान नारायण सिंह ने सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का शनिवार को दौरा किया, सर्वप्रथम सिंदूर पंचायत पहुंचे जहां पर ग्रामीणों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया जिसके बाद उदयभान नारायण सिंह ने वहाँ के शिवालय में जाकर पूजा अर्चना की तत्पश्चात वहाँ के ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को एक घर के सदस्य के रूप में जानने का पूरा प्रयास किया, ग्रामीणों को भरपूर भरोसा दिया की समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण किया जाएगा। इसके बाद ओरिया, सखियां एवं कर्वेकला पंचायत पहुंचे जहां पर युवा साथियों एवं महिलाओं के द्वारा जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया गया। सिंह ने मौके पर उपस्थित लोगो का आभार जताते हुवे कहा की रामगढ़ राज परिवार का इस क्षेत्र की जनता से काफी पुराना संबंध रहा है तथा क्षेत्र के विकास के लिए राज्य में भाजपा की सरकार बनाने में अपना सहयोग करें। कार्यक्रम में सिंदूर मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा प्रसाद मेहता, सखिया उपमुखिया अमित कुमार पासवान, जितेंद्र कुमार साहू, बाबूलाल राम, बैजू राणा, बबलू राम, दीपक गोप, अनवर हुसैन रियासत अली, राहुल ठाकुर, सूरज कुमार, उदय शर्मा, नरेश कुमार, गिरधारी राणा, गुड़िया देवी, सरिता देवी, पूर्णिमा देवी, सुनैना कुमारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ज्योति आईटीआई में टाटा मोटर्स द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का हुआ आयोजन

**मेदिनीनगर (पलामू) :** कांदू मोहल्ला मेदनीनगर स्थित ज्योति आईटीआई में देश के प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स जमशेदपुर द्वारा दिनांक 29 जुलाई 2024 दिन सोमवार सुबह 10 :00 बजे अप्रेंटिसशिप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शामिल होने के लिए किसी भी आईटीआई से इलेक्ट्रीशियन और फिटरट्रेड हो वह इस कैंपस में भाग ले सकते हैं इसकी जानकारी कॉलेज के प्लेसमेंट सेल के अधिकारी मनोरथ चौधरी ने दी है उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा 8 घंटे ड्यूटी के दौरान कैंटीनमेडिकलपीएफ की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए सबसे पहले आवेदकों को 29 जुलाई 2024 को अपनी सभी कागजात के साथ सुबह 10 :00 से शाम 4 :00 तक प्लेसमेंट सेल में निशुल्क रजिस्ट्रेशनफॉर्म भरना होगा उसके बाद कैंपस की प्रक्रिया की जाएगी। इस कैंपस आयोजन पर संस्थान के सचिव ज्योति पांडे ने आईटीआई पास युवाओं को निमंत्रित किया है और कहा है की यह बेहतरीन अवसर है संबंधित व्यवसायों में पास युवा कैंपस साक्षात्कार में भाग लेकर अपनी योग्यता के आधार पर रोजगार हासिल कर सकते हैं और हमारा शुरू से ही प्रयास रहा है कि पलामू प्रमंडल के बेरोजगार एवं जरूरतमंदों को ज्योति आईटीआई के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर प्राप्त हो।

## एक नजर

### बीएसएल में आयताकार भार उठाने वाले चुंबक के इनोवेटिव रिपेयर से लाखों की बचत

**बोकारो :** बीएसएल के इआरएस (इलेक्ट्रिकल रिपेयर शॉप) के टीम की इनोवेटिव पहल से न सिर्फ एक पुराने खराब पड़े आयताकार भार उठाने वाले चुंबक का रिपेयर संभव हो पाया है, बल्कि इससे संयंत्र को लाखों की बचत भी हुई है। यह चुंबक सी ओ एंड सी सी विभाग के वाई -2 बेल्ट के मैग्नेटिक सेपरेटर में प्रयुक्त होता है। गौरतलब है कि इआरएस विभाग प्लांट में इलेक्ट्रो-चुंबक, ब्रेक कॉइल, ईएमआर कॉइल, क्लच कॉइल, विशेष कॉइल, विशेष प्रकार के कॉइल संचालित चुंबक, स्लिप-रिंग्स इत्यादि के निर्माण व रिक्लेमेशन के लिए नियमित रूप से कार्य करता है। इसी कड़ी में इस टीम ने सी ओ एंड सी सी विभाग में खराब पड़े 1500 मिमी चौड़ाई के एक आयताकार भार वहन करने वाला चुम्बक के मरम्मत की पहल की जिसके कॉइल क्षतिग्रस्त थे और इसलिए पारंपरिक तरीकों द्वारा मरम्मत योग्य नहीं थे। इस चुम्बक की मरम्मत के लिए बाहरी एजेंसियों का सहारा लेना पड़ता, जिसमें समय और लागत दोनों लगते. बाहरी एजेंसियों से मरम्मत की कुल लागत लगभग 12 लाख रुपए और न्यूनतम समय 6 महीने अनुमानित था। इस पृष्ठभूमि में, इआरएस के विभागाध्यक्ष बीके राय ने अपनी टीम को चुंबक के रिपेयर के वैकल्पिक उपाय निकालने को उत्साहित किया। इआरएस के वरीय प्रबंधक नवीन कुमार, वरीय तकनीशियन मो. सलीम अंसारी और उनकी टीम ने इस चुनौती को स्वीकार किया।

### न्यूनतम फीस और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा स्कूल का यूपीएस : पीके सिंह

**बोकारो:** चंदनकियारी, तालगरिया रोड स्थित डीवाई पाटिल इंटरनेशनल स्कूल को सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा +2 स्तर तक संबद्धता प्रदान की गई है। इस संदर्भ में शनिवार को स्कूल प्रांगण में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस कॉन्फ्रेंस को स्कूल के चेयरमैन पंकज कुमार सिंह ने संबोधित किया। सिंह ने कहा कि न्यूनतम शुल्क में गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करना स्कूल का यूएसपी है। आसपास के सभी स्कूलों की तुलना में डीवाई पाटिल स्कूल में शुल्क कमतर है। उन्होंने आगे कहा कि डी वाई पाटिल शिक्षा के क्षेत्र में एक जाना-माना ब्रांड है और स्कूल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। यह पहले से ही ग्रामीण आबादी तक पहुंचने वाला एकमात्र स्कूल होने के कारण अपनी पहचान बना चुका है। जो छात्र बहुत प्रतिभाशाली हैं और अच्छे स्कूलों में पढ़ने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन कई कारणों से अच्छे स्कूलों तक नहीं पहुंच पाए हैं, उन्होंने पहले ही प्रवेश ले लिया है और असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे बच्चों के माता-पिता इस अवसर को अपने बच्चों के लिए वरदान मानते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जल्द ही स्कूल में लड़कों के लिए छात्रावास की सुविधा शुरू की जाएगी।

### डीएवी स्पोर्ट्स के कलस्टर स्तरीय खेल में 2300 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**बोकारो :** अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में डीएवी इस्पात विद्यालय 9ए आक्रामक पारी खेलते हुए डीएवी ढोरी को हरा कर विजेता बने । दिनांक 27 जुलाई 2024 शनिवार डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 बोकारो में डीएवी स्पोर्टस 2024 की संकुल स्तरीय (कलस्टर लेवल) झारखंड जोन जी के खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ । इस अवसर पर 11 विद्यालयों के लगभग 2300 खिलाड़ियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता में एरोबिक्स, एथलीट, बॉक्सिंग, बास्केट बॉल, चेस, क्रिकेट, जूडो, करार्टे, ताईक्वांडों, वुशू आदि खेल का आयोजन हुआ।

# शंकर रवानी हत्याकांड को पुलिस ने किया क्रैक, मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** विगत 18जुलाई को सेक्टर नौ, बसंती मोड़ में हुए दिनदहाड़े तड़ीपार अपराधी शंकर रवानी हत्याकांड को बोकारो पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। घटना के मुख्य आरोपी राजू दूबे, साजिशकर्ता अशोक सम्राट सहित घटना को अंजाम देने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस घटना के बाद जिस प्रकार से धनबाद सांसद ने एसपी के साथ बदजुबानी की और फिर दिशा की बैठक जिले के उपायुक्त विजय जाधव का सांसद को गरिमा का पाठ पढ़ाना के कारण ये हत्याकांड हाईप्रोफाइल बन गया था। जिले के पुलिस कप्तान पूज्य प्रकाश ने एस आई टी टीम गठित कर 15 दिनों में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर शंकर रवानी हत्याकांड का पटाक्षेप कर दिया। शनिवार को सेक्टर नौ हरला थाने में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया के समक्ष सभी आरोपियों को पेश किया गया। ज्ञात हो कि दिनांक 18.07.2024 सवेरे सात बजे बसंती मोड़ स्विफ्ट डिजायर कार व अपाचे सवार अपराधकर्मियों में शंकर रवानी को गोली मारकर हत्या कर दिया गया था । पुलिस सुबह करीब 08.25 बजे घटनास्थल पर पहुंचकर आनन फान में बीजीएच ले गई जहां डॉक्टरों ने शंकर को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई के लिखित के आधार पर हरला धाना काण्ड सं0-18/24. दिनांक-18.07.2024 पारा 103/61(2) बी०एन० एवं 27(3) आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया। कांड के संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के द्वारा त्वरित कांड के उद्भेदन हेतु पुलिस उपाधीक्षक नगर बोकारो के नेतृत्व में एसआईटी टीम का किया गया। जिसमें पु०नि० सह थाना प्रभारी हरला ,पु.नि प्रभारी सह थाना प्रभारी, बालीडीह, पु०नि० सह थाना प्रभारी, सेक्टर 12. पु०नि० सह थाना प्रभारी वास. पु०नि० सह थाना प्रभारी सेक्टर-4 थाना एवं अन्य तेज तर्रार पुलिस पदाधिकारी/कर्मी एवं तकनीको टीम को शामिल किया गया। काण्ड अनुसंधान के क्रम में तकनीकी साध्य एवं मानवीय सूचना के आधार पर संभावित विभिन्न ठिकानों पर लगातार छापामारी किया गया। पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में लगातार छापामारी एवं पुलिस दबिश से काण्ड के मुख्य षडयंत्रकारी राजेन्द्र दूबे उर्फ राजू डूबे, अशोक सिंह उर्फ अशोक सम्राट को विधिवत गिरफ्तारी की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त राजू दुबे से पूछताछ के क्रम में बताया कि यह घटना ऐश पॉण्ड में ठीकेदारी के कार्य में वर्जस्व को बनाये रखने हेतु अशोक सम्राट के साथ मिलकर षडयंत्र रचा एवं प्रतिद्वंदी शंकर रवानी की शूटरों की मदद से गोली मरवाकर हत्या करवा दिया।

## पुलिस ने चार किलो गांजा के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** तेतुलमारी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शक्ति चौक तपोवन के समीप 8 लाइन सड़क पर पुलिस ने पीछा करके बाइक को रोका तो काला प्लास्टिक में पैक 4 किलो गांजा के साथ सरायढेला निवासी जगजीवन नगर उमाशंकर सिंह उर्फ सूरज 23 वर्षिय व सरायढेला नूतनडीह आकाश शर्मा 26 को हिरासत में लिया। पुलिस ने गांजा के साथ हौंडा एस पी बाइक संख्या जेएच 10 सीएच -3101,दो मोबाइल भी बरामद किया। छापेमारी का नेतृत्व तेतुलमारी थाना प्रभारी लव कुमार चौधरी कर रहे थे। श्रवण राम, आ0 नारायण महतो, आ0 चंदन कुमार महतो, चालक प्रमोद कुमार तिवारी, तेतुलमारी पुलिस ने कांड संख्या 36/24 धारा-20(बी)(11)(ए) एनडीपीएस के तहत कार्यवाई की। उक्त जानकारी तेतुलमारी थाना में बाघमारा एस डी पी ओ आनंद ज्योति मिंज ने दी।

## हॉलपेक की चपेट में आने से युवक की मौत परिजनों को मिला 20 लाख का मुआवजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** लोदना स्थित सुशी कैंप अंतर्गत संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी देवप्रभा में शुक्रवार को हॉलपेक की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना के बाद झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की पहल पर दुर्घटना के शिकार हुए मृतक की पत्नी रेणु कुमारी और परिवार को 20 लाख रुपए का मुआवजा मिला है। बता दें कि धनबाद के लोदना स्थित सुशी कैंप अंतर्गत संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी देवप्रभा में नौकरी मांगने गए भागा 5 नंबर (भूली टाइप) निवासी 30 वर्षीय सूरज माली नामक युवक की हॉलपैक की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों का आरोप था कि हॉलपैक से कुचले जाने के बाद आउटसोर्सिंग कंपनी के लोग शव को उठा कर ले जा रहे थे। लेकिन ग्रामीणों ने जब देखा तो हंगामा शुरू कर दिया और देखते-देखते बात बिगड़ गई और ग्रामीणों ने कंपनी परिसर को घेर लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद विधानसभा मॉनसून सत्र में शामिल होने गई झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह रांची से देर रात घटना स्थल पर पहुंची और बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधन से मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। घंटो चली वार्ता के क्रम में मृतक की पत्नी रेणु कुमारी को 20 लाख रुपए मुआवजा राशि,मृतक के आश्रित बच्चों के पढ़ाई का खर्च तथा 01 आश्रित का नियोजन देने पर सहमति हुई। इस दौरान थाना परिसर में भारी संख्या में लोग मौजूद थे. वहीं मीडिया से बात करते हुए झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने सुशी देव प्रभा आउटसोसिंग की कार्य शैली पर सवाल खड़ा किया और किसी राजनीति पार्टी के दबाव में कंपनी पर काम करने का आरोप लगाया।

## स्वदेशी जागरण मंच ने कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** स्वदेशी जागरण मंच, बोकारो के जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा के आवास पर एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें कारगिल विजय दिवस पर अपने अदम्य साहस और वीरता से भारत माता की आन और तिरंगे की शान बरकरार रखने वाले कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि और वीर जवानों को नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज से लगभग 25 साल ठीक पहले ऐसे समय पर जब भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई पाकिस्तान के दौरे पर मैत्री का संदेश देकर बस के द्वारा यात्रा की थी ठीक उसी वक्त कायर पाकिस्तानियों ने भेष बदलकर रात के अंधेरे में करगिल के उंची चोटियों पर कब्जा करने का नापाक प्रयास किया। भारतीय सेना ने पाकिस्तानियों को ऐसा सबक सिखाया की आगे कभी घुसपैठ पर इस प्रकार की घटना को अंजाम देने का दूसाहस नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं की उसे युद्ध में हमारी भी छती हुई थी लेकिन हम विजय हुए और उसकी विजय गाथा हमारे वीर सैनिकों ने लिखा था। विदित हो कि पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच की नियंत्रण रेखा पार करके भारत की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान ने दावा किया कि लड़ने वाले सभी कश्मीरी उग्रवादी हैं, लेकिन युद्ध में बरामद हुए दस्तावेजों और पाकिस्तानी नेताओं के बयानों से साबित हुआ कि पाकिस्तान की सेना प्रत्यक्ष रूप में इस युद्ध में शामिल थी। इस युद्ध में लगभग 30,000 भारतीय सैनिक और करीब 5000 घुसपैठिए शामिल थे। भारतीय सेना और वायुसेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाली जगहों पर हमला किया और धीरे-धीरे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से पाकिस्तान को सीमा पार वापिस जाने को मजबूर किया। यह युद्ध ऊँचाई वाले इलाके पर हुआ और दोनों देशों की सेनाओं को लड़ने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। परमाणु बम बनाने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ यह पहला सशस्त्र संघर्ष था। भारत ने कारगिल युद्ध जीता।

### खोरठा बांग्ला से छेड़छाड़ नहीं होगा बर्दाश्त : साधु शरण

**बोकारो :** जनता मजदूर सभा के अध्यक्ष साधु शरण गोप ने बोकारो के डीसी को पत्र लिखकर पिछले दिनों उनके हस्ताक्षरित चौकीदार के बहाली के अधिसूचना में सुधार की मांग किया है। कहा एक स्तरीय नियुक्ति प्रक्रिया में झारखंड के अन्य स्थानीय भाषा को शामिल किया गया है लेकिन खोरठा और बांग्ला भाषा को छोड़ दिया गया है। जबकि बोकारो जिले के अधिकांश स्थानीय के बोलचाल की भाषा खोरठा है, कुछ क्षेत्रों में बंगला है। ऐसे में, इन लोकप्रिय भाषाओं को चौकीदार की बहाली में शामिल नहीं करके बोकारो के उपायुक्त ने खोरठा बांग्ला भाषी को उनके मूल अधिकार से वंचित करने का प्रयास है। इसे बोकारो वासी किसी भी हालात में बर्दास्त नहीं करेंगे। सरकार इसमें सुधार नहीं करती है,तो आंदोलन की राह ही अंतिम विकल्प होगा।

## डीएवी 8बी में फुटबॉल, बैडमिंटन एवं योगा टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**बोकारो :** शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 8 बी में डीएवी स्पोर्ट्स-2024 फुटबॉल, बैडमिंटन एवं योगा टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। इस टूर्नामेंट का प्रारंभ सुजय कुमार सी.जी.एम. फाइनेंस मीनम मिश्रा जी एम एजुकेशन डीएवी झारखंड जोन-जी के ए.आर.ओ विपीन राय, एवं विद्यालय इंचार्ज नागेंद्र प्रसाद द्वारा किया गया। मुकाबले में विभिन्न विद्यालयों से 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। डीएवी कथारा, डीएवी दुग्धा, डीएवी ढोरी, डीएवी स्वांग, डीएवी-6, बोकारो इस्पात विद्यालय-9 ई, बोकारो इस्पात विद्यालय 2सी के खिलाड़ियों ने भाग लिया। फुटबॉल टूर्नामेंट के अंडर 14 बालक वर्ग में डी.ए.वी.ढोरी एवं कथारा के बीच हुआ। जिसमें डीएवी ढोरी कथारा को पराजित कर फाइनल में पहुंचा दूसरा मैच डीएवी 6 एवं डीएवी 9ए में डीएवी 6 फाइनल मैच में पहुंचा। बालक वर्ग अंडर 19 फुटबॉल सेक्टर 6 एवं डी.ए.वी. 8बी के बीच हुआ। जिसमें 2-1 से डी.ए.वी. 8 बी ने डी.ए.वी.6 को पराजित फाइनल में पहुंचा। योगा टूर्नामेंट में अंडर 14 बालक वर्ग में डीएवी ललपनिया प्रथम तथा टूसी दित्तीय स्थान पर रहा, अंडर 14 बालिका वर्ग में चार टीमों डीएवी 2 सी, डीएवी ढोरी, डीएवी स्वांग, डीएवी ललपनिया ने भाग लिया था, जिसमें डीएवी ललपनिया प्रथम स्थान एवं डीएवी स्वांग द्वितीय स्थान पर रहा। योगा टूर्नामेंट अंडर 17 में बालिका वर्ग में डीएवी स्वांग प्रथम स्थान एवं डीएवी टू सी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, अंडर 19 बालिका वर्ग में डीएवी ललपनिया प्रथम एवं स्वांग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन टूर्नामेंट के अंतर्गत अंडर 14 बालिका वर्ग में डीएवी 9ई एंव डीएवी ढोरी फाइनल में पहुंचे, अंडर 14 बालक वर्ग में डीएवी ढोरी एवं डीएवी स्वांग फाइनल में पहुंचे। अंडर 17 बालिका वर्ग में डीएवी स्वांग एवं डीएवी दुग्दा फाइनल मैच में पहुंचे। सभी फाइनल मैच 28/7/24 को डीएवी 8 बी में होना है। विद्यालय के इंचार्ज नागेंद्र प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी एवं उनके जीत की बधाई दी, विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिकाओं का योगदान सराहनीय रहा विशेषकर खेल प्रशिक्षक पीयूष झा का योगदान रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### बौआ कला के ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक के साथ हुई वार्ता




**धनबाद:** शनिवार को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के आवासीय कार्यालय सिजुआ में एरिया 6 के महाप्रबंधक प्रणव दास एवं बौआ कला उत्तर के ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें मूल रूप से बिजली पानी एवं जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों का कार्यान्वयन सीएसआर मद से करने का बात कही गई। मौके पर मुख्य रूप से टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, बौआ कला उत्तर पंचायत के मुखिया भीमलाल रजक, पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी नारायण रजक, डब्लू आलम, दशरथ कुम्हार, साधु महतो, संतोष साव, संतोष रवानी, गोपी महतो, सरवर आलम, धीरेन रवानी, शिवा महतो, प्रमोद रवानी, रवि महतो, विकास नापित, मो. शमीम एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### कतरास महाप्रबंधक से 11 सूत्री मांगों को लेकर बीजेकेएमएस के महामंत्री ने की वार्ता



**तेतुलमारी:** बिहार जनता खान मजदूर सघ के क्षेत्रीय सचिव छोटू सिंह की अध्यक्षता में महाप्रबंधक सभागार में मजदूरो से जुड़े 11 सूत्री मांगों पर वार्ता हुई,वार्ता में बीजेकेएमएस के महामंत्री सह कांग्रेस नेता रणविजय सिंह का सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने महामंत्री का स्वागत किया। तत्पश्चात वार्ता में कतरास महाप्रबंधक जे एस महापात्रा ने संघ के महामंत्री एवं यूनियन के सदस्यों के समक्ष महामंत्री को सभी 11 सूत्री मांगों पर सहमति जताते हुये जल्द समाधान का भरोसा जताया साथ ही कुछ मांगो को मुख्यालय स्तर से समाधान होने की बात कही। महाप्रबंधक ने सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर के छोटु सिंह, मो आजाद, रमेश सिंह, पंचू सिंह, राजाराम यादव, शिव कुमार महतो, आकाश सिंह, राजेन्द्र महतो कृष्णा सिंह व प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक जे एस महापात्रा, मो आलमगीर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### निशिकांत दुबे के संसद में बयान के खिलाफ झामुमो ने किया प्रर्दशन



**बोकारो :** विगत दिनों भाजपा के सांसद द्वारा लोकसभा में झारखंड राज्य के अभिन्न अंग संताल बिहार बंगाल के कुछ जिले को मिला कर यूनियन टेरिटरी बनाने के संबंध में बयान दिया गया था । उक्त बयान झारखंड एवं झारखंडियों विरोध का मानसिकता का परिचायक है। इसी के विरोध में संध्या 4 बजे बिरसा चौक नयामोड़ में झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो जिला समिति द्वारा भाजपा का पुतला दहन किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा झारखंडी विरोधी बयान दे कर यहां के लोगों का विकास का अवरुद्ध कर रहा है चूंकि हमारी सरकार राज्य का विकास करने में यहां के लोगों के कल्याण में एक से बढ़ कर एक कार्य कर रहे जिससे भाजपा वालो को पचता नहीं है और यहां के लोंगो को आगे बढ़ने नही चाहता है ये लोग झारखंडी विरोधी है। पुतला दहन कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव संतोष रजवार, जिला सचिव जयनारायण महतो, जिला कोषाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य अशोक मुर्मू, मोहन मुर्मू, केन्द्रिय सदस्य बी के चौधरी, हसन, पूनम देवी, निशा हेंब्रम, अंबिका देवी, कुंती देवी, मो मनोहर मुर्मू ,फेयज खान, मदन महतो, कन्हैया सिंह, इकबाल अहमद, पनबाबू केवट, मुटुक लाल किस्कू, कालीचरण टुडू, मस्तान अंसारी, दीपक महतो, मो एकबाक अख्तर अंसारी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### कुमार मंगलम स्टेडियम में हुआ खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बोकारो :** समारोह का उद्घाटन केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1, बोकारो के विद्यालय प्रबंधन समिति के नामित अध्यक्ष, मुख्य महाप्रबंधक नगर प्रशासन, कुंदन कुमार ने किया कउन्होंने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अनुशासन और टीम वर्क को बढ़ावा देने में खेल के महत्व पर जोर दिया। उद्घाटन समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि के हरित स्वागत, अधिकारियों और सभी प्रतिभागियों को बैज लगाने के साथ हुई। इसके बाद निष्पक्ष खेल और प्रतिस्पर्धा की भावना का प्रतीक खेल ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जहां एथलीटों ने ईमानदारी के साथ प्रतिस्पर्धा करने का संकल्प लिया। खेल मशाल की रोशनी ने प्रतियोगिता की शुरूआत का संकेत दिया, जिससे उत्साह और उमंग का माहौल बन गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों और टीमों का मुख्य अथिति एवं दर्शकों से परिचय कराया गया। मुख्य अतिथि, कुंदन कुमार ने प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए खेल कौशल और समर्पण के महत्व पर जोर देते हुए प्रतियोगिता के शुभारम्भ की घोषणा की। इस प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 बोकारो सहित 16 केन्द्रीय विद्यालयों के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं कइस त्रिदिवसीय प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक एवं बालिकाओं के चौदह, सत्रह एवं उन्नीस वर्ष के वर्ग में दौड़, डिस्कस थ्रो, भाला फेंक, लम्बी कूद, शॉट पुट, ट्रिपल जम्प, हाई जम्प, 400 मीटर की बाधा दौड़, हैमर थ्रो आदि का आयोजन किया गया है। खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य सौहार्द को बढ़ावा देना और क्षेत्र के युवा एथलीटों की प्रतिभा को प्रदर्शित करना है। प्रतियोगिताएं अगले दो दिनों तक जारी रहेंगी, जिसके समापन पर विजेताओं को पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# गुमला उपायुक्त की अध्यक्षता में स्थापना सह अनुकंपा समिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में स्थापना सह अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न हुआ, उक्त बैठक में विभिन्न विषयों पर बिंदुवार चर्चा हुई एवं गुमला उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सामान्य अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु प्राप्त 4 में से 3 आवेदनों को अनुमोदित किया गया है। एवं दो मामलों में विलम्ब होने को देखते हुए उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित विभागों के संबंध कर्मियों के विरुद्ध स्पष्टीकरण की मांग की। उपायुक्त गुमला ने कहा कि सामान्य अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के मामलों पर किसी प्रकार की लापरवाही और कोताही स्वीकार योग्य नहीं है, योग्य नागरिकों को उनके अधिकार के लिए बार बार कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े, इसके लिए अधिकारी एवं संबंधित कर्मी इसका ध्यान रखे। उग्रवादी हिंसा से संबंधित अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु 6 आवेदनों में से 5 मामलों पर स्वीकृति प्रदान की गई एवं एक मामले में भाई के द्वारा आवेदन दिया गया था, जिसके जगह पत्नी के आवेदन की मांग की गई है। विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों का प्रथम /द्वितीय /तृतीय एम.एस.सी.पी. हेतु प्राप्त 4 आवेदनों पर स्वीकृति परदान की गई। वहीं कार्यरत कर्मियों का सेवा समपुस्टी हेतु प्राप्त एक प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। इस दौरान उच्च वर्गीय लिपिक के वेतनमान में वृद्धि करने के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव पर पुनः विचार करने का निर्देश दिया गया। विभिन्न संवर्ग के कर्मियों के स्थानांतरण /पदस्थापन हेतु प्राप्त 10 आवेदनों पर स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं 2 अनुसेवकों के स्थानांतरण हेतु प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इसका अलावा मुख्यलाय एवं एसपीएमयू में बाह्य स्रोत से कार्य करने वाले कर्मियों के संतोष जनक कार्य करने हेतु 5% वेतन में वृद्धि हेतु उपायुक्त के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है , जिसके तहत जिले स्क्रीनिंग समिति द्वारा अपने अधिनस्त कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर का हिंदी टंकण जांच करते हुए सेटिसफैक्ट्री परफॉर्मेंस नियंत्रण पदाधिकारी के अनुशंसा सहित जिला स्थापना शाखा को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। उक्त के जिला शिक्षा स्थापना एवं अनुकंपा समिति की भी बैठक हुई, जिसमें शिक्षा विभाग अन्तर्गत विभिन्न मामलों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, एसडीओ सदर, डीआरडीए निदेशक, डीएसपी गुमला, जिला स्थापना उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीपीआरओ (पंचायत) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## सड़क हादसे में एक की मौत

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो थाना के राष्ट्रीय उच्च पद 23 स्थित कुसुम्बाहा मोड़ बाजार के समक्ष कुसुम्बाहा मोड़ निवासी गोवर्धन उरांव अपने घर के पास सड़क पर करते वक्त सिसई के तरफ से रांची के तरफ जा रहे हैं स्कॉर्पियो कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतना जोरदार था की गोवर्धन उरांव की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, उक्त स्कॉर्पियो कर का नंबर प्लेट सड़क पर गिर गया और उक्त नंबर प्लेट के कारण उक्त स्कॉर्पियो कार को बेड़ों पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्कॉर्पियो को पकड़ने में सफल हो गई।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन0आर0ई0पी0-1, राँची**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 15/2024–25 जिसका पी0आर0 नं0 – 330791 NREP (24-25)D Group-2 शहरी क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड नं0–23 में तिवारी टेंक रोड मल्लाह टोली से बंशी चौक तक रोड एवं नाली निर्माण कार्य, जिसका अग्रधन की राशि भूलवश 53,700.00 रुपये हो गया है जिसे आंशिक सुधार करते हुए 83700.00 किया गया है। अग्रधन की राशि 53,700.00 के स्थान पर 83700.00 पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
PR 330944 NREP (24-25)_D एन0आर0ई0पी0–1, रांची



**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurement Tender Notice**

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Part – A | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/ 10/2024-25 | Rejuvenation of Badka Talab in ward no. 18 Under Medininagar Municipal corporation | 1,91,90,608/- | 3,83,900/- | 10,000/- | 12 माह |
| 2 | UDHD/MMC/ 11/2024-25 | Rejuvenation of School Pokhra Talab in ward no. 34 Under Medininagar Municipal corporation | 1,51,86,781/- | 3,03,800/- | 10,000/- | 12 माह |

| Part – B | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 29/07/2024 At 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 29/07/2024 At 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 29/07/2024 At 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 20/08/2024 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 21/08/2024 AT 02:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/– नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 330903 Urban Development (24-25)_D


# पिता ने 9 वर्षीय पुत्री को कुदाल से काटकर मार डाला, शव को कुएं में फेंका



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला सदर थाना स्थित पतगच्छा कतरी ग्राम के कलयुगी दानव पिता सूरज लोहार ने अपने ही मात्र 9 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी को कुदाल से काटकर कुंआ में फेंक दिया और उक्त हत्याकांड की जानकारी अपने परिवार और परिजनों को अपने मोबाइल से दी। गुमला सदर थाना स्थित पतगच्छा कतरी ग्राम निवासी नशेड़ी पिता सरजू लोहारा ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुयें बताया की, उसकी पत्नी मुंबई में काम करती हैं और वहीं रहतीं और मैं अकेला अपनी 9 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी, जो शारीरिक रूप से लाचार थी और अपाहिज (विकलांग) और मंदबुद्धि की थी। जिसकी परवरिश करने में अपनेआप को असमर्थता जाहिर करते हुए। नशेड़ी पिता सूरज लोहार ने शुक्रवार की रात्रि लगभग 8:00 बजे अपनी पुत्री को पहले कुदाल से काटकर उसकी निर्मम हत्या कर दी, और फिर भी उसको पूर्ण संतुष्टि नहीं मिली तो, उक्त दानव हत्यारे पिता सरजू लोहार ने उक्त मृतक पड़ी काजल कुमारी के उक्त शव को उठाकर, गांव के मंडल महतो के कुंआ में लेजाकर उक्त शव को डाल दिया और उक्त निर्मम हत्याकांड को अपने हाथों से अंजाम देने के बाद, उक्त निर्मम हत्या की सूचना अपने मोबाइल से अपने परिवार और परिजनों को दी। बाद उक्त घटना की जानकारी मिलते ही पतगच्छा - कतरी पुलिस पिकेट के प्रभारी मनोरंजन शर्मा एवं एस. आई. विवेक कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें। अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन और पुछताछ शुरू करते हुवे, उक्त दानव कलयुगी हत्यारे पिता को विधिवत गिरफ़्तार करते हैं। उक्त मासूम 9 वर्षीय मृत बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेकर, पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया और आज पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

# डीएवी सिल्ली के छात्रों ने नेशनल स्पोर्ट्स में लिया भाग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिल्ली/मुरी :** एस आर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग एवं हेहल, रांची में नेशनल स्पोर्ट्स (क्लस्टर लेवल - 5) का आयोजन किया गया। इसमें वुशु वर्ग -14, कराटे वर्ग -14 , शतरंज वर्ग -14, रोप स्किपिंग जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे विद्यालय के बहुत सारे छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। वुशु वर्ग -14 प्रतियोगिता में छात्रा आर्य रानी, आरव कुमार साहू तथा आदित्य कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया । पूजा महतो , रितेश कुमार महतो तथा शुभम चौधरी ने रजत पदक प्राप्त किया। मल्लिका साईं आशूं कुमार साहू, आदित्य देव तथा स्नेहा महतो ने कांस्य पदक जीता। कराटे वर्ग -14 प्रतियोगिता में अहाना मंडल, आयुष्मान शर्मा, मोहम्मद जीशान रजा तथा रुद्र प्रताप महतो ने स्वर्ण पदक जीता। पलक श्रुति, श्रेया चंद, अनुष्का कुमारी, अर्णव मंडल तथा लकी सिंह ने रजत पदक जीता। शगुन सिंह तथा सुजीत कुमार महतो ने कांस्य पदक जीता। रोप स्किपिंग ( रस्सी कूद) प्रतियोगिता में पीयूष कुमार महतो, तुषार सिंह मुरा , प्रेम कुमार महतो , देव मुखर्जी, अनुष्का कुमारी, काव्य कुसुम, पूर्वा मुखर्जी तथा प्रियांशी कर ने स्वर्ण पदक जीता । चेस वर्ग -14 प्रतियोगिता में वेदाशं, देवब्रुतो, सचिन आदित्य तथा प्रशांत ने कांस्य पदक जीता । प्रतियोगिता में विद्यालय की प्राचार्या बी. शरण , खेल शिक्षक विजय कुमार, शिक्षिका अंसारी शबनम , शिक्षक चितरंजन महतो तथा शशांक शेखर भी उपस्थित थे। यह विद्यालय की बहुत ही बड़ी उपलब्धि है।


**जिला समादेष्टा का कार्यालय,झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, खूँटी**

**गृह रक्षकों के लिए आवश्यक सूचना**

खूँटी जिला के पूर्व नामांकित ग्रामीण गृह रक्षक जिनके 04(चार) वर्षो की पुनः नामाकंन (बॉण्ड) पूर्व में 17.01.2020 को किया गया था। वैसे गृह रक्षकों को प्रखण्डवार पुनः नामांकन करना आवश्यक है।

अतः सूचित किया जाता है कि वैसे गृह रक्षक निश्चित रूप से पुलिस अधीक्षक कार्यालय खूँटी स्थित पुलिस उपाधीक्षक (मु0)–सह–जिला समादेष्टा का कार्यालय, खूँटी में निश्चित तिथि को पूर्वा 10.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक पूरी वर्दी में उपस्थित होकर पुनः नामांकन (बॉण्ड) करा लें। संबंधित गृह रक्षक अपने साथ 03 (तीन) पासपोर्ट साईज वर्दी में खींचा रंगीन फोटो, गृह रक्षक पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी अभिलेख साथ लाएंगे।

| क्रमांक | प्रखण्ड का नाम | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | खूँटी | 29.07.2024 |
| 2 | तोरपा | 30.07.2024 |
| 3 | कर्रा | 31.07.2024 |
| 4 | अड़की | 01.08.2024 |
| 5 | रनियाँ | 02.08.2024 |
| 6 | मुरहू | 03.08.2024 |

उपायुक्त,
खूँटी

PR 330905 District(24-25).D


## अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए मुखिया और कर्मियों के साथ बीडीओ ने की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड विकास कार्यालय के सभागार में शनिवार को अवैध खनन रोकने को लेकर मुखिया, चौकीदार के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी ने संयुक्त रूप से बैठक किया। बैठक में अंचल अधिकारी आशीष कुमार मंडल ने सभी मुखिया और पंचायत कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने गांव पंचायत में अगर किसी भी तरह के अवैध खनन ( पत्थर तोड़ना या अवैध बालू के उठाव ) हो रही हो तो उसकी सूचना अंचल को दे। ताकि अवैध खनन माफियाओं को चिन्हित कर कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही चौकीदार और राजस्व कर्मी को भी निर्देश देते हुए कहा कि अपने बीट क्षेत्र में पड़ने वाले किसी भी तरह के अवैध खनन की सूचना मिले तो अंचल कार्यालय को दे । ताकि उस पर रोक लगाया जा सके। अवैध खनन अवैध बालू उठाव को लेकर पूरी तरह छापेमारी की जाएगी। निश्चित तौर पर इस कार्य में संलिप्त लोगों के खिलाफ चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर थाना प्रभारी तरुण कुमार, मुखिया, पंचायत कर्मी राजस्व कर्मी, चौकीदार सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा, जयराम प्रपरनाचार्य जी महाराज की पूण्य तिथि का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गुमला :** झारखंड, छत्तीसगढ, उडिसा राज्यों के यशस्वी सन्त देवराहा बाबा के गुरू भाई ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा जयराम प्रपरनाचार्य जी महराज की पुण्य तिथि 28,29,30 जुलाई को रामरेखा धाम मे मनाया जा रहा है। 28 को अधिवास 29 को अखण्ड नाम प्रारम्भ 30 को विशाल भण्डारा का अयोजित है। इस पुनीत अवसर पर समस्त सनातनी हिंदू धर्मावलंबी भक्तों को प्रसाद ग्रहण के लिए रामरेखा धाम समिति आमन्त्रित करता है। ब्रह्मलीन बाबा इस बिहड जंगल पहाडो के बीच 1928 मे उसका आना हुआ था। उस समय उक्त क्षेत्रों में न आने जाने का सुविधा था और ना ही रहने की व्यवस्था, फलस्वरूप उन्होंने रामरेखा क्षेत्र के उक्त पहाड की गुफा मे रहकर आसपास के गांवो मे धर्म जागरण का अलख जगाया और जय श्री राम का शंखनाद किया। फलस्वरुप देखते ही देखते उन्होंने सैकडो धर्म जागरण शाखाओं और उक्त केन्द्रों की स्थापना कर डाला। जो आज भी सनातनी हिन्दू धर्मलंबियों के लिए जन जागरण का कार्य कर रहे है। रामरेखा बाबा जयराम प्रपरनाचार्य जी महाराज अपने तप, त्याग के वल पर रामरेखा धाम को एक देवभूमि स्थल बना डाला और उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर अपनी जगह बनाई, जिसके फलस्वरूप उन्हे रामानुज सम्प्रदाय का अध्यक्ष पद पर शुशोभित किया गया। जो अंतिम सांस और अन्तिम देह त्यागने तक बने रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला**

**अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या–WRD/MID/GUMLA/ $F_2$- 08/2024-25 (2 Call) दिनांक – 26.07.2024

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला ।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 01.08.2024 (अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 08.08.2024 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10.08.2024 (अपराह्न 02:00 बजे)

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | डेमरे नाला पर एकल चैकडेम निर्माण कार्य। | सिसई | 6371400.00 | 127500.00 | 10000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी ।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें ।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

PR 330940 Minor Irrigation(24-25).D


# उषा मार्टिन की अभिनव पहल, वैज्ञानिक खेती के संदेशवाहक बने गोवर्धन मुंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**टाटीसिलवे :** नकदी फसल की खेती से किसान स्वनिर्भर बनेंगे। इसके लिए कंपनी के माध्यम से प्रगतिशील किसानों को आगे लाने के लिए एकीकृत पहल की जा रही है। इसमें किसानों को प्रशिक्षण, खेत की मृदा बढ़ाने का प्रयास और उसको बाजार से जोड़ने की पहल की जा रही है। उषा मार्टिन के 18 गांवों में ऐसी पहल चलायी जा रही है। जहां प्रगतिशील किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग किया जा रहा है। जिले के अनगड़ा प्रखंड के जानुम गांव के किसान गोवर्धन मुंडा का परिवार सात सदस्यों का है. उनकी शैक्षिक पृष्ठभूमि में यह शामिल है कि उन्होंने सातवीं कक्षा तक पढ़ाई की है। प्रारंभ में, गोवर्धन ने एक मजदूर के रूप में काम किया, जब गोवर्धन ने खेती शुरू की तो उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। तीन साल पहले, गोवर्धन उषा मार्टिन फाउंडेशन में शामिल हुए, एक पहल जो उनकी खेती की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। आज वह अपने गांव के प्रगतिशील किसानों में से एक हैं। फाउंडेशन के सचिव डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि गोवर्धन मुंडा को पहले ड्रिप सिंचाई से परिचित कराया, जो उनके दो एकड़ के खेत में मुफ्त में स्थापित की गई थी। इस आधुनिक सिंचाई प्रणाली ने जल प्रबंधन में काफी सुधार किया, जिससे पानी का कुशल उपयोग और बेहतर फसल की पैदावार सुनिश्चित हुई। ड्रिप सिंचाई के अलावा, फाउंडेशन ने गोवर्धन को मौसम के अनुसार बीज और पौधे उपलब्ध कराए। इस सहायता में क्षेत्र पर्यवेक्षकों द्वारा सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों पर मार्गदर्शन शामिल है, जिससे उनकी कृषि उत्पादकता को मौसमी रूप से बढ़ाने में मदद मिली है। इस गरमी के तीन माह में गोवर्धन मुंडा ने दो लाख से अधिक के तरबूज, खरबूज और लौकी की बिक्री की है। उनकी सफलता क्षेत्र में लोगों के लिए प्रेरणादायी है।

## संत माईकल स्कूल में मनाया गया ग्रीन डे

**सिल्ली/मुरी :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन संत माईकल स्कूल, मुरी में ग्रीन डे अपार हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वर्ग नर्सरी से वर्ग द्वितीय के छात्रों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में बच्चे हरे रंग के परिधान में आए। बच्चे आम, पेड़, अंगूर, हरा मकई, भिंडी, मिर्च, पालक, कद्दू, पपीता, अमरूद आदि परिधान में आए। हरा रंग जो समृद्धि और उर्वरता का प्रतिनिधत्व करता है। इसी विचार के साथ बच्चे जिस परिधान में आए थे उसके बारे में बताए। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सपना दत्ता ने किया। उन्होंने बच्चो को हरियाली के फायदे के बारे में जागरूक किया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।**

**शुद्धि-पत्र**

लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा अन्तर्गत प्रकाशित कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0– WRD/MID/KODERMA-07/2024-25 Date 23-07-2024 जिसका PR No. 330430 Minor Irrigation (24-25),D है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

PR 330990 (Minor Irrigation) 24-25 (D)



**कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –NREP/HAZARIBAG/04/2024-25**
**दिनांक 26.07.2024**
**मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट**

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 01.08.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 01.08.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 20.08.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 22.08.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–7321025542 ई–मेल – nrephazaribag@gmail.com

निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बन्द कर दिया जाता है कि उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | केरेडारी | कन्या मध्य विद्यालय, चट्टी बरियातु का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 9899500.00 | 10000.00 | 198000.00 | नौ माह |
| 2 | केरेडारी | मध्य विद्यालय, भदईखाप का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 8180000.00 | 10000.00 | 164000.00 | नौ माह |
| 3 | चुरचू | कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, चरही का चाहरदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य। | 6561000.00 | 10000.00 | 132000.00 | नौ माह |
| 4 | ईचाक | ईचाक प्रखण्ड अन्तर्गत विश्वकर्मा औद्योगिक स्वावलम्बी सहकारी समिति लि0, मंगूरा के लिए एक सुविधा केन्द्र भवन का निर्माण। | 6314700.00 | 10000.00 | 127000.00 | नौ माह |
| 5 | केरेडारी | राजकीय उ0म0वि0, गौरी का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 8655000.00 | 10000.00 | 174000.00 | नौ माह |
| 6 | चुरचू | चुरचू पंचायत के ग्राम बोदरा टोला बगजोगरा में शिकारी मांझी के घर से बाली पुरन हांसदा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 15398400.00 | 10000.00 | 308000.00 | नौ माह |
| 7 | चुरचू | ग्राम पिपरा में अंसार चौक से लेकर कर्बला चौक तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 9152800.00 | 10000.00 | 184000.00 | नौ माह |
| 8 | डाड़ी | ग्राम डाड़ी में हीरक रोड डी0एल0एफ0 से डोका बेड़ा होते हुए मुण्डा टुंगरी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 19706700.00 | 10000.00 | 395000.00 | नौ माह |

8. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प सं0–2146(s) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्युन निविदाओं के लिए Additional Preformance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। निविदाओं का निष्पादन उपरोक्त वर्णित संकल्प के आधार पर होगा।
9. इस निविदा में अंकित क्रमांक 01–05 की योजनाओं के लिए भवन निर्माण विभाग एवं क्रमांक 06–08 की योजनाओं में ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले)/पथ निर्माण विभाग पंजीकृत (नवीकृत) समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।

नोट :–
केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेबसाईट http: www-jharkhand tenders.gov.in/ कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,हजारीबाग

PR 330886 Rural Development(24-25).D

# सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों को आकार देती हैं पाठ्यपुस्तकें

**प्रियंका सौरभ**

> शिक्षा में वर्तमान क्रांति अब जहां पक्षपाती सांस्कृतिक सिद्धांतों (सांस्कृतिक, ऐतिहासिक मुद्दों के दोनों पक्षों पर) को 'सही' पाठ्यक्रम के रूप में कानूनी रूप से लागू किया जा रहा है, किशोर और युवाओं की भविष्य की बौद्धिक क्षमताओं को समझना मुश्किल बना रहा है जो हमारी वयस्क आबादी बनेंगे। जैसे-जैसे देश आगे बढ़ रहा है, समकालीन मूल्यों को प्रतिबिंबित करने और विद्यार्थियों के बीच अधिक समग्र समझ को बढ़ावा देने के लिए शैक्षिक सामग्री को लगातार संशोधित और अद्यतन करना महत्वपूर्ण है।



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी ) देशभर में शिक्षा को मानकीकृत करने वाली पाठ्यपुस्तकों को विकसित और वितरित करके देश की शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीय एकीकरण, वैज्ञानिक सोच और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हुए एक व्यापक और संतुलित शिक्षा प्रदान करना है। भारत में छात्रों के सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को आकार देने में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों अमूल्य योगदान है. एक अच्छी शिक्षा व्यापक व्याख्या, तथ्यों का व्यापक प्रदर्शन, बौद्धिक विकास और उन तथ्यों, उन व्याख्याओं के आलोचनात्मक विश्लेषण का साधन प्रदान करती है। कई विषयों में सामाजिक और सांस्कृतिक कारक शामिल होते हैं और एक वैध पाठ्यक्रम में उन्हें यथासंभव ईमानदारी और निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत किया जाता है (हालांकि ऐसे विषयों में पूर्वाग्रह को बाहर करना कठिन है)।

मनोविज्ञान, मानव विज्ञान, राजनीति विज्ञान जैसे कई विषयों में सांस्कृतिक और सामाजिक पहलुओं का महत्व स्पष्ट है। पूर्वाग्रह से बचने की कठिनाई भी उन विषयों में स्पष्ट है। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें विविधता में एकता पर जोर देती हैं। विद्यार्थियों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविध परंपराओं के बारे में ज्ञान प्रदान करती हैं। उदाहरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों के त्योहारों पर पाठ्य-पुस्तकों के अध्याय सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देते हैं और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देते हैं। पाठ्यपुस्तकों में ऐसी कहानियां और पाठ शामिल किए जाते हैं जो ईमानदारी, करुणा और दूसरों के प्रति सम्मान जैसे नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं । उदाहरण के लिए 'ईमानदार लकड़हारा' जैसी कहानियां विद्यार्थियों को ईमानदारी और निष्ठा का महत्व सिखाती हैं।

एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें पुरुषों और महिलाओं को विभिन्न भूमिकाओं में चित्रित करके और समान अवसरों के महत्व पर जोर देकर लैंगिक समानता को बढ़ावा देती हैं । उदाहरण के लिए महिला स्वतंत्रता सेनानियों और वैज्ञानिकों के योगदान पर प्रकाश डालने वाले अध्याय लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करते हैं। पर्यावरण शिक्षा को शामिल करने से छात्रों में प्रकृति और संधारणीयता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में मदद मिलती है। उदाहरण के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और प्रदूषण के प्रभाव पर पाठ पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरुकता बढ़ाते हैं। पाठ्यपुस्तकें आलोचनात्मक सोच और वैज्ञानिक पद्धति को प्रोत्साहित करती हैं, जिससे समस्या-समाधान के लिए तर्कसंगत दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलता है। उदाहरण के लिए विज्ञान के अध्याय जिनमें प्रयोग और अवलोकन शामिल हैं, छात्रों को अपने आस-पास की दुनिया पर सवाल उठाने और उसका पता लगाने की शिक्षा देते हैं। मूल्य-आधारित पाठ्यक्रम शिक्षा के लिए एक संतुलित, समग्र दृष्टिकोण है जो राष्ट्रीय और व्यक्तिगत विद्यालय-केंद्रित पाठ्यक्रम के इर्द-गिर्द घूमता है ताकि एक ऐसा वातावरण बनाया जा सके जो समाज-समर्थक और पर्यावरण-समर्थक मानवीय मूल्यों के स्पष्ट शिक्षण और मॉडलिंग द्वारा आकार दिया गया हो। विद्यार्थइयों के लिए मूल्य-आधारित पाठ्यक्रम की उपलब्धियों में आत्म-मूल्य की सकारात्मक भावना विकसित करना, नैतिक और संबंधपरक क्षमताओं में सुधार और प्राकृतिक दुनिया के साथ अधिक जुड़ाव शामिल है। देश में विद्यार्थियों के सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को आकार देने में एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों के योगदान के साथ-साथ कुछ विकृत्यं भी है, जिन पर ध्यान देना समय की जरूरत है। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों की आलोचना इतिहास का विकृत संस्करण प्रस्तुत करने के लिए की जाती रही है। पाठ्यपुस्तकों की आलोचना इस बात के लिए की गई है कि वे दलितों, आदिवासियों और महिलाओं जैसे हाशिए पर स्थित समुदायों के अनुभवों और योगदानों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। उदाहरण के लिए इन समुदायों के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक व्यक्तित्वों और उनके योगदानों को अकसर कम दशार्या जाता है, जिससे शिक्षा में समावेशिता की कमी होती है। पाठ्यपुस्तकों में कुछ सामग्री पर लिंग, जाति और क्षेत्रीय रूढ़िवादिता को मजबूत करने का आरोप लगाया गया है, जो छात्रों के बीच पूर्वाग्रहों को बढ़ावा दे सकता है। उदाहरण के लिए महिलाओं को मुख्य रूप से घरेलू भूमिकाओं में दिखाना या कुछ क्षेत्रों को पिछड़ा दिखाना रूढ़िवादिता को मजबूत कर सकता है।

पाठ्यपुस्तकों में कुछ सामग्री पुरानी मानी जाती है और वर्तमान सामाजिक मूल्यों एवं चुनौतियों को प्रतिबिंबित नहीं करती है, जिससे यह आज के बच्चों के लिए कम प्रासंगिक हो जाती है। उदाहरण के लिए आधुनिक तकनीकी प्रगति, समकालीन सामाजिक मुद्दे और हाल की ऐतिहासिक घटनाओं से संबंधित विषय अकसर गायब होते हैं या अपर्याप्त रूप से कवर किए जाते हैं। कुछ पाठ्यपुस्तकों द्वारा प्रचारित रटने की पद्धति आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता को हतोत्साहित करती है, तथा समझने की तुलना में याद करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करती है। उदाहरण के लिए विश्लेषणात्मक कौशल की तुलना में तथ्यात्मक याद पर जोर देने वाले अध्याय विषयों की सतही समझ को जन्म दे सकते हैं और आलोचनात्मक सोच के विकास में बाधा डाल सकते हैं।

ऐतिहासिक रूप से और कुछ मौजूदा परिवेशों में पाठ्यक्रम ऐसे व्यक्तियों द्वारा विकसित किया जाता है जो विशिष्ट सिद्धांतों, जैसे कि धर्म, से जुड़े होते हैं और वह पाठ्यक्रम अपने पाठ्यक्रम को मान्य करने के लिए संस्कृति और समाज की एक पक्षपाती अवधारणा का उपयोग करता है। यही मूल कारण है कि गैर-धार्मिक लोग धार्मिक स्कूलों के लिए सार्वजनिक समर्थन के खिलाफ लड़ते हैं। हालांकि, शिक्षा में वर्तमान क्रांति अब जहां पक्षपाती सांस्कृतिक सिद्धांतों (सांस्कृतिक, ऐतिहासिक मुद्दों के दोनों पक्षों पर) को 'सही' पाठ्यक्रम के रूप में कानूनी रूप से लागू किया जा रहा है, किशोर और युवाओं की भविष्य की बौद्धिक क्षमताओं को समझना मुश्किल बना रहा है जो हमारी वयस्क आबादी बनेंगे। जैसे-जैसे देश आगे बढ़ रहा है, समकालीन मूल्यों को प्रतिबिंबित करने और विद्यार्थियों के बीच अधिक समग्र समझ को बढ़ावा देने के लिए शैक्षिक सामग्री को लगातार संशोधित और अद्यतन करना महत्वपूर्ण है।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## संपादकीय

### बाज आए अमेरिका

भारत और अमेरिका के संबंध क्या पटरी से उतर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 8-9 जुलाई की रूस यात्रा के संबंध में अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा के संदेश और समय ने अमेरिका को भारत की ओर से निराश किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन रूसी राष्ट्रपति पुतिन को युद्ध अपराधी घोषित कर चुके हैं। जाहिरा तौर पर ऐसे हालात में प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा पर अमेरिका से इसी तरह की प्रतिक्रिया अपेक्षित थी। डोनाल्ड लू से पहले नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेटी ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि अमेरिका और भारत के रिश्ते हाल के वर्षों में व्यापक बने हैं, लेकिन इनकी बुनियाद ज्यादा पुख्ता नहीं है। उन्होंने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता पर भी सवाल खड़े.किए थे। पश्चिमी देशों की मीडिया ने भी मोदी की रूस यात्रा की आलोचना करते हुए यहां तक कह दिया कि भारत पर भरोसा नहीं किया जा सकता। यह इत्तेफाक था कि जिस समय मोदी की रूस यात्रा हुई थी, उसी दौरान वाशिंगटन में सैन्य संगठन नाटो की शिखर वार्ता आयोजित थी जिसमें रूस विरोधी रणनीति का प्रारूप तैयार किया गया था। भारत के विदेश मंत्रालय ने डोनाल्ड लू की प्रतिक्रिया पर सधी हुई प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत और रूस के संबंधों पर चर्चा करते हुए व्यावहारिक वास्तविकता को ध्यान में रखना चाहिए। दोनों देशों के संबंध आपसी हितों पर आधारित हैं। रूस-यूक्रेन युद्धके बाद अमेरिका सहित पश्चिमी देश भारत और विशेषकर मोदी के प्रति बेरुखी का रवैया अपनाने लगे हैं। आगे चलकर यह रुख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष विरोध में बदल सकता है। ऐसे में रूस के साथ संबंधों को और मजबूत बनाया जाना आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी शायद इसी सोच को आगे बढ़ा रहे हैं। लोगों को याद होगा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1970 के दशक में ऐसी ही रणनीति अपनाई थी। भारत ने तत्कालीन सोवियत संघ के साथमैत्री संधि की थी जिसके कारण बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के समय भारत अमेरिका की चुनौती का सामना कर सका। भारत एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। ऐसे में अमेरिका और पश्चिमी देश नई दिल्ली को चाह कर भी अस्थिर नहीं कर सकते। लेकिन भारत को अपनी ओर से सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि भारत और रूस के बीच बढ़ता सैन्य सहयोग अमेरिका की आंखों में किरकिरी पैदा करता रहेगा।

## चिंतन-मनन

### सुख के स्वभाव में डूबो

लगता है, आदमी दुख का खोजी है। दुख को छोड़ता नहीं, दुख को पकड़ता है। दुख को बचाता है। दुख को संवारता है; तिजोरी में संभालकर रखता है। दुख का बीज हाथ पड़ जाए, हीरे की तरह संभालता है। लाख दुख पाए, पर फेंकने की तैयारी नहीं दिखाता। जो लोग कहते हैं आदमी आनंद का खोजी है, लगता है आदमी की तरफ देखते ही नहीं। आदमी दुखवादी है, अन्यथा संसार इतना दुख में क्यों हो! अगर सभी लोग आनंद खोज रहे हैं, तो संसार में आनंद की थोड़ी झलक होती। कुछ को तो मिलता! और कुछ को मिल जाता तो वे बांटते औरों को भी; तो कुछ झलक उनकी आंखों और उनके प्राणों में भी आती। अगर सभी आनंद की तलाश कर रहे हैं, तो लोग एक-दूसरे को इतना दुख क्यों दे रहे हैं। और ऐसा नहीं कि पराए ही दुख देते हों, अपने भी दुख देते हैं। अपने ही दुख देते हैं! शत्रु तो दुख देते ही है; हिसाब रखा है, मित्र कितना दुख देते हैं? जिन्हें तुमसे घृणा है, वे तो दुख देंगे, स्वाभाविक; लेकिन जो कहते हैं तुमसे प्रेम है, उन्होंने कितना दुख दिया, उसका हिसाब रखा है? और अगर हर आदमी दुख दे रहा है, तो एक ही बात का सबूत है कि हर आदमी दुख से भरा है। हम वही देते हैं, जिससे हम भरे हैं। वही तो हमसे बहता है जो हमारे भीतर लगा है। हमारे व्यवहार से दूसरों को दुख मिलता है, क्योंकि हमारे भीतर कड़वाहट है। हम लाख कहें हम प्रेम करते हैं, लेकिन प्रेम के नाम पर भी हम दूसरों के जीवन में नरक निर्मित करते हैं। पति-पत्नियों को देखो, मां-बाप को देखो; बेटे-बच्चों को देखो- सब एक-दूसरे की फांसी लगाए हुए है। ऐसा है। क्यों? और सभी कहते हैं कि हम सुख को खोजते हैं। मेरे पास रोज लोग आते हैं, जो कहते हैं: हम सुख चाहते हैं। अगर तुम सुख चाहते हो तो कोई भी बाधा नहीं है; सुख तो लुट रहा है। सुख तो चारों तरफ मौजूद है। ऐसे ही हो तुम, जैसे सामने गंगा बहती हो और किनारे पर खड़े तुम छाती पीटते हो, चिल्लाते हो: प्यासा हूं, मैं जल चाहता हूं!' झुको और पीओ! गंगा सामने बहती है। और गंगा के लिए तो चाहे दो कदम भी उठाना पड़े, सुख तो उससे भी करीब है। सुख तो तुम्हारा स्वभाव है। डूबो इस स्वभाव में। जिन्होंने भी कभी आनंद पाया है, उन्होंने एक बात निरंतर दोहराई है कि आनंद तुम्हारा जन्मसिद्ध अधिकार है। तुम जिस दिन तय कर लोगे कि आनंदित होना है, उसी क्षण आनंदित हो जाओगे। फिर एक पल की भी देरी नहीं है। देरी का कोई कारण नहीं है।

# सभी राज्यों से उभरे भाजपा नेताओं के बगावती स्वर



सनत जैन





इस साल के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद, भारतीय जनता पार्टी के सभी राज्यों से असंतोष और बगावत के स्वर सुनने को मिलने लगे हैं, लोकसभा के चुनाव में भाजपा को बड़ा नुकसान हुआ। 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 303 सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी। 2024 में भाजपा ने 370 पार का नारा लगाया था। लेकिन जब परिणाम आया, तो भारतीय जनता पार्टी 240 में सिमट कर रह गई। उसके बाद से ही देश के विभिन्न राज्यों से भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के विरोध में असंतोष और बगावत के स्वर उभरने लगे। किसी तरह से एनडीए गठबंधन की सरकार केंद्र में बन गई है। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन गए। उन्होंने अपने सभी विश्वस्त सहयोगियों को वही पद दिए जो उनके पास पूर्व में थे। इसके बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कामकाज को लेकर सभी राज्यों में भाजपा नेताओं के असंतोष और बगावती स्वर दिनों दिन मुखर होते जा रहे हैं। रही-सही कसर संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयानो से भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को चुनौती मिलने लगी है। भाजपा नेताओं के हौसले इतने बढ़ गए हैं, वह प्रधानमंत्री की नीति के खिलाफ ही खुलकर बोलने लगे है। हाल ही में पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी ने सबका-साथ सबका-विकास, नारे के स्थान पर खुद का नया नारा बुलंद कर दिया। जिसमें कहा गया जो हमारे-साथ, हम उसके-साथ, यह कहकर उन्होंने एक तरह से नरेंद्र मोदी का कद कम करने की कोशिश की है। पश्चिम बंगाल में पसमांदा मुसलमानों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने जो हाथ बढ़ाया था। उसकी कोई सफलता प. बंगाल में नहीं मिलने से, मुसलमानों को लेकर जो रणनीति भाजपा ने बनाई थी। उसका भी बड़े पैमाने पर विरोध हो रहा है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नेताओं के बीच असंतोष का स्वर बड़ा मुखर हो गया है। राज्य कार्य समिति की बैठक में योगी आदित्यनाथ का यह कहना कि अति आत्मविश्वास के कारण भाजपा का पतन हुआ है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ने खुलेआम योगी के खिलाफ कार्य समिति और उसके बाद मोर्चा खोले हुए हैं। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम कुमार धूमल ने भी केंद्रीय नेतृत्व के खिलाफ खुलकर अपनी आवाज मुखर की है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार के बीच खटपट की खबरें लगातार बाहर आ रही हैं। असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा को भी पार्टी के अंदर से असंतोष का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा विधायकों द्वारा उन्हें सीधी चुनौती दी जा रही है। भाजपा शासित राज्यों से भी संगठन में बैठे नेताओं द्वारा जिस तरह से असंतोष व्यक्त किया जा रहा है। उससे ऐसा लगता है, 2012-13 में जो कांग्रेस की स्थिति थी। वही स्थिति अब भारतीय जनता पार्टी में भी 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद बनने लगी हैं। केंद्रीय बजट ने आग में घी डालने का काम किया है। केंद्र की सरकार को बचाए रखने के लिए बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष पैकेज दिए गए हैं। इसमें भाजपा शासित राज्यों की उपेक्षा किए जाने से डबल इंजिन की राज्यों में भाजपा के खिलाफ नाराजी का माहौल बन गया है। जिस तरह से सभी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बीच में आपसी खटपट बढती चली जा रही है। उसको देखते हुए यह कहा जा सकता है, 2013 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का भाजपा संगठन और सरकार में जो प्रभाव था। दोनों ही नेताओं को सभी राज्यों से चुनौती मिलना शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी का अनुशासन भी कहीं देखने को नहीं मिल रहा है। ऐसी स्थिति में भाजपा हर दिन कमजोर होती नजर आ रही है। इस स्थिति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी संगठन की चिंताएं स्वाभाविक रूप से बढ़ गई हैं। पिछले एक हफ्ते से उत्तर प्रदेश का मामला जिस तरह से राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में छाया हुआ है। उससे भारतीय जनता पार्टी की छवि को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा नुकसान हो रहा है।

# श्रम बल : महिलाओं की भागीदारी का महत्त्व



हंसा मीना



किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने एवं मजबूती के लिए शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार सरकार की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर होने चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने सातवें बजट 24-25 में युवा शक्ति को प्रोत्साहित किया है। विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कौशल विकास पर सर्वाधिक ध्यान केंद्रित किया है।

लोक सभा चुनाव से पूर्व भाजपा ने महिलाओं से 'लखपति दीदी' के तहत आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का वादा किया था। मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रथम बजट में की गई महिला केंद्रित घोषणाओं में वह वादा पूर्ण होता नजर आ रहा है। प्रथम दृष्ट्या बजट रोजगारोन्मुखी प्रतीत हो रहा है क्योंकि इसमें सर्वाधिक ध्यान कौशल विकास पर दिया गया है। देश के श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी 37 प्रतिशत है, इसे बढ़ाने के लिए वित्त मंत्री ने मुख्य रूप से तीन योजनाओं का प्रावधान बजट में किया है। प्रथम-महिलाओं और लड़कियों के लिए कुल 3 लाख करोड़ रुपए का आवंटन, जो विभिन्न मंत्रालय मिलकर अगले एक वर्ष में खर्च करेंगे। द्वितीय-महिला रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार स्किलिंग प्रोग्राम चलाएगी। इसके लिए इंडस्ट्री मॉडल पर काम होगा। तृतीय-कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना। इसके लिए महिला बाल विकास विभाग के बजट में 2.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। अब स्टार्टअप के लिए युवा महिलाओं को आसान मदद मिल सकेगी। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के तहत सरकार पांच साल में टॉप कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिलाएगी। यहां एक साल में 5000 रुपए प्रति माह भत्ता मिलेगा। यह योजना कंपनियों के लिए स्वैच्छिक है। युवाओं को रोजगार के लिए यह बेहतरीन मौका है। संपत्ति खरीदना व्यक्ति के जीवन का सबसे बड़ा सपना होता है, इस सपने में सहयोगी बनते हुए मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में गरीब परिवारों को रियायती दरों पर आवास की सुविधा प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसी कड़ी में आगे की राह को और आसान बनाते हुए बजट में पहली बार प्रावधान किया गया है कि, प्रॉपर्टी खरीदने पर महिलाओं को स्टाम्प ड्यूटी देने पर राष्ट्रीय स्तर पर छूट प्रदान की जाएगी।

पिछले एक वर्ष में सोने-चांदी की कीमतों ने आसमान छू लिया था। इससे गरीब महिलाओं का आभूषण खरीदने का सपना धुंधला पड़ने लगा था। इस बार सात वस्तुओं पर कस्टम ड्यूटी घटाई गई है, जिनमें सोना-चांदी पर घटाई गई कस्टम ड्यूटी महिलाओं के लिए अधिक हितकर साबित होगी। बजट में आयातित सोना-चांदी पर कस्टम ड्यूटी 9 फीसद घटाई गई है जो पहले 15 फीसद थी। अब वह मात्र 6 फीसद लगेगी। अब महिलाएं राहत की सांस ले पाएंगी और उनका आभूषण खरीदना पहले की अपेक्षा आसान हो जाएगा। बजट में महिलाओं को औद्योगिक जगत में ऊंची छलांग लगाने का अवसर प्रदान किया गया है। छोटे और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के विकास की गारंटी देकर महिलाओं को उद्यमी बनने का अवसर प्रदान किया है। लघु उद्योग विकास बैंक से छोटे उद्योगों को लोन मिलना आसान होगा। एमएसएमई को संकटकाल में बैंक ऋण सुविधा जारी रखने के लिए नई व्यवस्था की गई है, इससे इनके बंद होने का खतरा टलेगा। एमएसएमई क्लस्टरों को सेवाएं देने के लिए सिडबी की नई शाखाएं खोली गई हैं। एमएसएमई का व्यवसाय जारी रखने और एनपीए होने से बचाने के लिए संवर्धित निधि से गारंटी देखकर ऋण प्रदान किया जाएगा।

एनडीए सरकार को विगत कार्यकाल में महिला आरक्षण एवं महिला केंद्रित योजनाओं से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। चूंकि महिलाएं प्रत्यक्ष तौर इन योजनाओं से लाभान्वित हुई थीं। अतः वर्तमान सरकार को उम्मीद है कि आगामी दिनों में कुछ राज्यों में होने वाले चुनावों में भी उन्हें इसका लाभ मिल सकता है। एनडीए सरकार ने महिलाओं को अच्छी योजनाओं का लाभ देकर अपना वोट बैंक तो सुरक्षित किया ही है साथ ही भावनात्मक रूप से जुड़ाव भी मजबूत किया है। बजट में महिलाओं को जो लाभ दिया गया है उससे प्रतीत हो रहा है कि सरकार का जो वोट बैंक छिटका है, बजट उसे कवर करने का पूर्ण प्रयास करेगा। बजट में प्रत्येक वर्ग को प्रत्येक क्षेत्र में लाभ देने का प्रयास किया गया। बजट को रोजगारोन्मुखी एवं युवा सोच को प्रोत्साहित करने वाला कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। प्रकृति में 'सृजन' और बेहतरीन प्रबंधन की प्रतीक महिला परिवार का आधार स्तंभ होती है। यदि वह आर्थिक रूप से मजबूत है तो परिवार की नींव को दृढ़ता प्रदान करती है। इससे समाज को मजबूती मिलती है, और देश सुदृढ़ बनता है।

एक नजर

## थाना दिवस पर कई मामलों का किया गया निबटारा

**तालझारी:** थाना अंतर्गत भूमि विवाद के निपटारा को लेकर तालझारी थाना परिसर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंचल अधिकारी सालखु हेम्ब्रम व थाना प्रभारी अमर मिंज ने किया। इस दौरान प्रखंड के करमपुरातो, मसकलैया, भगियामारी, कल्याणी व मोतीझरना पंचायत से कुल चार मामला आया,जिसमे एक भूमि विवादों को दोनों पक्षों को समझौता कराकर विवाद का निपटारा कर दिया गया। मौके पर सीओ ने कहा कि अंचल क्षेत्र में अधिक भूमि विवाद को देखते हुए थाना दिवस का आयोजन किया जाता है। इस थाना दिवस में दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी समझौता कराया जाता है। कुल चार मामला मे से एक का निपटारा कर दिया और तीन मामले का समझौता नहीं होने पर अगले थाना दिवस पर बुलाया गया है। थाना दिवस का आयोजन होने से लोगों को अंचल और कोर्ट के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है। इस मौके पर एएसआई कन्हैया प्रसाद साह उपस्थित थे।

## दो अलग -अलग मामले में दो आरोपी को भेजा गया जेल

**उधवा:** राधानगर थाना पुलिस ने दो अलग अलग कांड के दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अमानत में नाबालिक लड़की को शादी के झांसा देकर लड़की को अपहरण करने की मामले में अभियुक्त रिजवान आलम के विरुद्ध थाना कांड संख्या 169/22 दर्ज किया था और अभियुक्त फरार चल रहा था। राधानगर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उधर रांगा थाना क्षेत्र के लखीपुर के सुनील प्रमाणिक के विरुद्ध राधानगर थाना कांड संख्या 218/20 दर्ज था। राधानगर थाना पुलिस ने अभियुक्त सुनील प्रमाणिक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## नए डीआरएम पहुंचे साहिबगंज रेलवे स्टेशन, विकास कार्यों का लिया जायजा

**साहिबगंज:** पूर्व रेलवे के मालदा रेलमंडल के नए डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता शनिवार को विशेष निरीक्षण यान से साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर चल रहे सौंदर्यकरण व विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके यहां पहुंचने पर वरीय रेल अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वही इस दौरान डीआरएम ने रेलवे स्टेशन परिसर में अमृत भारत योजना के तहत चल रहे सौंदर्यकरण के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही इस दौरान उन्होंने क्रू बुकिंग लॉबी में भी जाकर रेल ड्राइवर कार्यालय का निरीक्षण करते हुए आवश्यक जानकारियां ली। उधर बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत साहिबगंज व राजमहल रेलवे स्टेशन पर चल रहे सौंदर्यकरण के कार्यों को दिसंबर 2024 तक हर हाल में पूरा कर लेना है। साथ ही साथ इन सभी कार्यों में उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने और परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए समय सीमा के महत्व पर बल दिया। वही बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाए जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं जिसे बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

# महिलाओं के गले से सोने की चेन छीनने वाले दो स्नेचरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के आजाद नगर पुलिस लाईन शिव मंदिर के समीप से शुक्रवार की सुबह एक महिला के गले से सोने का चैन छीनने वाले दो स्नेचर को पुलिस ने गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। जहां इस मामले को लेकर अनुमंडल कार्यालय में सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि आजाद नगर निवासी एक महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने पुलिस लाइन के समीप सोने का चैन छीनकर मौके पर से दोनों बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। उधर चैन स्नेचिंग की सूचना मिलते ही पुलिस अधिक्षक कुमार गौरव ने सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की के नेतृत्व में जिरवाबाड़ी थाना, नगर थाना व मुफस्सिल थाना की पुलिस से शहर की नाकेबंदी करा दी। उधर नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता ने गोपालपुल के पास वाहन जांच के दौरान लाल रंग की अपाची बाइक पर सवार दोनों युवकों को रुकने का इशारा किया जिसके बाद दोनों बाईक सवार युवक अपनी बाइक की रफ्तार तेज कर दी जिसके बाद नगर थाना प्रभारी ने झपट्टा मारकर सड़क पर गिरा दिया। उधर सड़क पर गिरते ही दोनों युवक पैदल पब्लिक हाई स्कूल के पीछे से रसूलपुर दहला मोहल्ले में घुस गए जहां पीछे पीछे पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी घरों की तलाशी लेने लगीं। इसी दौरान एक घर के बाहर छिपे पवन कुमार यादव उर्फ चिंटू यादव को नगर थाना प्रभारी ने खदेड़ कर दबोच लिया एवं उसकी बाइक भी जब्त कर ली। वही पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि उसके साथ रहने वाला एक अन्य सहयोगी गंगा नदी के रास्ते मनिहारी जाने वाला है। जहां पुलिस ने कांड के दूसरे आरोपी अजय यादव उर्फ गणेश यादव को मनिहार के गंगा नदी किनारे से गिरफ्तार कर लिया जिसके पास से महिला से छीना गया सोने का चैन बरामद किया गया। वही दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि देश के कई राज्यों में जाकर वे लोग इसी तरह से सोने के आभूषण व पैसों की छिनतई करते आ रहे है। वही अजय उर्फ गणेश यादव ने तो नेपाल में भी जाकर छिनतई की है जहां उनके पास से बरामद बाइक चोरी की है। उधर दोनों ने साहिबगंज जिले में विगत एक वर्ष से हुई छिनतई की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। वही दोनों आरोपियों ने अपने गिरोह के अन्य सदस्यों की भी जानकारी पुलिस को दी है। उधर इस मामले में जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या 115/24 दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की पहचान पवन कुमार यादव उर्फ चिंटू यादव उम्र 25 वर्ष पिता शम्मी यादव एवं गणेश यादव उर्फ अजय यादव उम्र 40 वर्ष पिता स्व. कन्हैया यादव के रूप में हुई है जो बिहार राज्य के कटिहार जिला के रोतारा थाना क्षेत्र के नया टोला दुर्गा मंदिर के निवासी हैं। उनके पास से एक लाल रंग की टीवीएस अपाची बाइक, 4 पीस बाइक व डिक्की का लॉक तोड़ने का औजार, 7 पुड़िया खुजली का पाउडर, एक सोने का टूटा हुआ चैन, 1 फर्जी आधार कार्ड व कपड़े बरामद हुए हैं।

# डीएफओ ने छापामारी कर ट्रेन से जब्त किया तीन कछुआ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** वन विभाग ने जलीय जीवों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। जहां गुप्त सूचना के आधार पर डीएफओ प्रबल गर्ग के नेतृत्व में, आरपीएफ व नगर थाना पुलिस के सहयोग से शुक्रवार की देर रात साहिबगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर खड़ी डाउन 14004 आंनद विहार एक्सप्रेस ट्रेन में छापामारी कर एक कछुआ बरामद किया है। उधर कछुआ एक बैग में भरा हुआ था जहां ट्रेन की तलाशी के दौरान एक बोगी में संदिग्ध अवस्था में एक पिट्ठू बैग बरामद किया गया। वही बैग खोलने पर उसमें 21 किलो का कछुआ बरामद हुआ। इधर ट्रेन खुलने के बाद बरहरवा में भी आरपीएफ की टीम ने तलाशी ली जहां उसी तरह के 2 अलग अलग पिट्ठू बैग से गमछे से लिपटा दो छोटा कछुआ बरामद हुआ। वही डीएफओ प्रबल गर्ग ने बताया कि बिहार, भागलपुर वन विभाग से डाउन आंनद विहार एक्सप्रेस से कछुओं की तस्करी की सूचना मिली थी जहां भागलपुर में भी कुछ कछुए जब्त किए गए थे। उधर सूचना के तुरंत बाद वन विभाग की पूरी टीम, आरपीएफ, नगर थाना व स्टेशन प्रबंधक के सहयोग ट्रेन में छापा मारा गया। इस दौरान साहिबगंज में 21 किलो का निलसोमिया गंजेटिक कछुआ जब्त किया गया जबकि उक्त ट्रेन से ही बरहरवा में भी दो कछुआ बरामद हुआ है। वही मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी में डीएफओ के अलावे वन विभाग के वन परिसर पदाधिकारी राणा रणजीत चौधरी, वन रक्षी अंकित झा, वन प्रहरी अभिषेक आनंद, जेडएसआई ऑइंड्रिला पॉल, रेस्क्यूर जितेंद्र हजारी, स्टेशन मास्टर राजहंस पाठक, आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिस्टोफर किस्कू, मुरली मनोहर सिंह, एएसआई अजय कुमार, बरहरवा वन रक्षी पप्पू यादव, प्रेम कुमार, राजेश टूडू मौजूद थे।

# सांसद ने कमलपुर मंडल में कार्यकर्ताओं संग की विधानसभा चुनाव पर चर्चा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** कमलपुर मंडल में जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। उन्होंने लोकसभा चुनाव में बेहतर परिणाम आने पर पार्टी के सभी स्तर के कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं को अपने अपने बूथ को मजबूत करने की अपील की। वही दूसरी ओर विगत दिनों पार्टी के जिला कार्यसमिति सदस्य संदीप मिश्रा की माता के निधन होने पर पार्टी कार्य की व्यस्तता के कारण नहीं पहुंच पाए थे। शनिवार को उनके घर पहुंचकर परिजनों से मिलकर शोक प्रकट करते हुए सांत्वना दी। इस दौरान पूर्व प्रत्यासी मुचीराम बाउरी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप महतो, संदीप मिश्रा, सुरेश प्रसाद केडिया, कृपासिंधू महतो, विश्वजीत कुंभकार, महावीर महतो, मुरारी मोहन पाल, रमानाथ कैवर्त, मलिंद्र मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# आरईओ की सड़कों के निर्माण में भ्रष्टाचार की शिकायत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मंडरो :** प्रखंड के मिजाचौकी भगैया मुख्य पथ से कौडीखुटाना मिशन सड़क होते हुए कोहबारा, हाथमारी गांव तक आईओ विभाग के द्वारा मरम्मती का कार्य कराया जा रहा है। सड़क मरम्मती कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। बताते चले की जैसे-तैसे घटिया सामग्री का उपयोग कर सड़क मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि सड़क मरम्मती का लगभग आधा कार्य हो चुका है। इसके बावजूद योजना स्थल पर किसी प्रकार का बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। जबकि सरकारी नियम है किसी भी योजना का कार्य शुरू करने से पहले योजना स्तर पर सर्वप्रथम बोर्ड लगाया जाता है। उक्त सड़क निर्माण में बरती जा रही गड़बड़ी को लेकर आदिवासी ग्रामीण बेहद नाराज दिखे। इसी कड़ी में शुक्रवार को दो दर्जन से अधिक आदिवासी ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया। इसकी सूचना विभाग के एक्सक्टिव देवीलाला हांसदा, जेई संदीप कुमार को दी गई हालांकि सूचना के बाद विभाग के पदाधिकारी ने मोबाईल फोन पर बताया कि बेहतर ढंग से कार्य हो रहा है। कार्य में कोई अनियमितता नहीं बरती जा रही है,तो अब ये उच्च स्तरीय जांच का मामला है। जिस विभाग से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है,उस विभाग के अधिकारी कह रहे हैं बेहतर सड़क बन रहा है,तो आखिर इसकी गुणवत्ता का जांच कौन करेगा? इन बातों से नाराज ग्रामीणों ने संबंधित पदाधिकारी को यह कहकर कार्य रोक दिया कि आप खुद कार्यस्थल पर पहुंचे और देखें कार्य में अनिमितता बरती जा रही है या नहीं हालांकि तैयार प्रक्कलन के विपरीत कार्य किया जा रहा है।

# बीडीओ ने मुखिया और पंचायत सचिवों के साथ की समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कुकड़ू :** सरायकेला जिला के कुकड़ू प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को कुकड़ू प्रखंड के प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो ने कुकड़ू प्रखंड के सभी पंचायतो के मुखिया एवं पंचायत सचिवों के साथ एक समीक्षा बैठक किया। इस बैठक में बीडीओ ने अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, मनरेगा योजना, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य, बिरसा हरित योजना समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का समीक्षा किया। इस दौरान अबुआ आवास योजना का मिले लक्ष्य की जानकारी देते हुए सभी मुखिया और पंचायत सचिव को कहा कि इसबार अबुआ आवास योजना के तहत 1732 आवास बनाने का लक्ष्य कुकड़ू प्रखंड को मिला है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का भी आवंटन जल्द होगा। साथ ही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर भी उन्होंने विस्तार से सभी मुखिया और पंचायत सचिव को जानकारी दिए। बीडीओ ने कहा कि जमशेदपुर एवं अन्य जिलों में इस योजना का फर्जी आवेदन फॉर्म बिक रहा है। लेकिन कुकड़ू प्रखंड में ऐसे फर्जी आवेदन फॉर्म से सावधान लोगों को सावधान रहना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर सभी आंगनवाड़ी सेविकाओं को फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा। इधर मनरेगा कर्मी हड़ताल में होने को लेकर उन्होंने कहा कि मनरेगा से जुड़े कार्य जैसे सिंचाई कूप इत्यादि को सुचारू रूप से चलाना है। मौके पर मुखिया भवानी सिंह मुंडा, रीना देवी, कलावती सिंह सरदार, राधिका सिंह मुंडा, चित्तरंजन सिंह मुंडा, सुधीर सिंह मुंडा, लालू माझी, मजीत सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बालू सिंह मुंडा, ऑपरेटर गीता कुमारी एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।

# डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक में विभिन्न योजनाओं के प्रस्तावों पर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले के समाहरणालय स्थित सभागार में शनिवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) न्यास परिषद की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सह परिषद के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने की। मौके पर उप विकास आयुक्त मो० इश्तियाक अहमद, सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, लिट्टीपाड़ा विधायक प्रतिनिधि -सह-जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत, पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि मो० गुलाम अहमद, महेशपुर विधायक प्रतिनिधि समेत पंचायतों के प्रमुख/उप प्रमुख, मुखिया/उप मुखिया व जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त बरणवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह बैठक जिले के पंचायतों के विकास के लिए है। सभी अपने झ अपने पंचायत क्षेत्रों के विकास को लेकर योजनाओं का चयन करें। क्रमवार सभी योजनाओं को लिया जाएगा। आप सभी विकास में सहयोग करें। राज्य सरकार सभी क्षेत्र में विकास को लेकर अग्रसर है। राशि के अनुकुल कार्ययोजना तैयार कर, प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया को ससमय पूरा किया जाए। जिन योजनाओं को लिया जा रहा है, उसकी निविदा जल्द जारी कर कार्य को शुरू करें, ताकि लोगों को योजनाओं का जल्द लाभ मिल सके। सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश डीएमएफटी के तहत उपलब्ध राशि की खर्च करने/कौन झ कौन सी योजनाओं को लिया जा सकता हैं उसकी जानकारी दी। कहा कि डीएमएफटी की राशि खनन से प्रभावित पंचायत क्षेत्रों (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से) प्रभावित हो रहा हैं वहीं किया जाना है। इसके लिए ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन किया जाता है। चयन के समय उच्च एवं निम्न प्राथमिकताओं का ध्यान रखना है। उपायुक्त ने उच्च प्राथमिकताओं में पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, स्वच्छता आदि से संबंधित योजनाओं एवं निम्न प्राथमिकता में आधारभूत संरचना, सड़क पुल/पुलिया, सिंचाई आदि से संबंधित योजनाओं को लेने की बात कहीं। उपायुक्त ने कहा कि वित्तीय वर्ष 24 -25 में डीएमएफटी कोष की राशि से खर्च उच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं में 60 फीसद एवं निम्न प्राथमिकता वाली योजनाओं में 40 फीसद होगी।

संक्षिप्त खबरें

## आदर्श मध्य विद्यालय में बच्चों ने किया पौधरोपण



**पटमदा:** एक पेड़ का महत्व को समझते हुए आदर्श मध्य विद्यालय बांगुडदा के छात्र छात्राओं ने शिक्षक और प्रबंधन समिति के सदस्यो की उपस्थिति के दो दर्जन पौधा लगाकर हरियाली लाने का संकल्प लिया ।सावन के मौसम में बारिश की कमी को समझते हुए पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाव का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विष्णुपद महंती, सुस्मिता खां, सुमित कुमार, सुभाष सतपति, प्रतिमा कुंभकार, सुमी हेंब्रम, अरविंद कविराज उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता विमल बैठा ने बोड़ाम प्रखंड को सुखाड़ घोषित करने की बीडीओ से की मांग




**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता विमल बैठा ने शनिवार को दर्जनों किसानों के साथ बोड़ाम बीडीओ नाजिया अफरोज से कार्यालय में मुलाकात कर बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र को सुखाड़ घोषित करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा है। विमल बैठा ने कहा है कि बोड़ाम प्रखंड एक कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहा के अस्सी प्रतिशत लोग कृषि से ही अपना जीविकोपार्जन चलाते हैं। इस साल मानसून की बारिश समय पर नही होने से कृषि कार्य में प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कहा कि बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र को सुखाड़ घोषित करते हुए किसानों को सरकार की ओर से मिलने वाली क्षतिपूर्ति राशि दिया जाय। इसके पहले विमल बैठा ने कई गांवों में दौरा करते हुए ग्रामीणों से मिलकर समस्याओं से अवगत हुए।। मौके पर युधिष्ठिर सिंह सरदार, मेघनाथ गोप, चैतन सिंह, माणिक चंद्र मोदक व गणेश गोप आदि किसान उपस्थित थे।

## मुहर्रम जुलूस में फिलिस्तीनी झंडा लहराने को लेकर पुलिस ने एक युवक को किया गिरफ्तार



**साहिबगंज:** थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनांक-17 जुलाई 2024 को साहेबगंज जिला के नगर थाना क्षेत्र में मुहर्रम जूलूस के पश्चात एक विडियो सोशल मिडिया में वायरल हुआ जिसमे एक व्यक्ति रसूलपूर दहला के फिलिस्तीन देश का झंडा लेकर जा रहा है। सदर अनुमंडल कार्यालय साहिबगंज में एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया। जाँचो परांत स्पष्ट हुआ कि उपरोक्त रसूलपूर दहला से निकले मुहर्रम जूलूस का है। इस मामले में नगर थाना कांड संख्या 76/24 दिनांक-20 जुलाई 2024 धारा-196/152 बी०एन०एस० दर्ज किया गया है। फिलिस्तीन देश का झंडा लहराने से स्थानीय लोगों में काफी रोश व्याप्त था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कांड के तुरंत उद्भेदन एवं दोषी अभियुक्त की गिरफतारी हेतु पुलिस अधीक्षक साहेबगंज के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी साहेबगंज के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा पुलिस अधीक्षक साहेबगंज को गुप्त सूचना के आधार पर उक्त कांड के अप्रा०अगि० मोङ्क अजरूद्दीन पिता जाकिर उर्फ सज्जू साकिन रसूलपुर दहला को जिरवाबाड़ी थाना अंतर्गत साउथ कोलोनी से गिरफतार किया गया है। इनके द्वारा इस कांड में अपनी संलिप्ता कर लिया गया है। अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं छापामारी दल में शामिल पुनि अमित कुमार गुप्ता पुनि-सह-थाना प्रभारी, नगर थाना, साहेबगंज, पुअनि प्रदीप कुमार महतो नगर थाना, पुअनि प्रवीण कुमार प्रभाकर नगर थाना, पुअनि मुरली मनोहर सिंह नगर थाना, सअनि अजय कुमार नगर थाना, सशस्त्र बल के आरक्षी नगर थाना मौजूद थे।

## सहायक गोदाम प्रबंधक बरहरवा को 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने का आदेश

**बरहरवा/साहिबगंज:** प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय स्थित प्रखंड खाद्य आपूर्ति गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में स्टोक पंजी का संधारण अप टू डेट नहीं पाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि जब पूर्व में संधारित स्टोक पंजी की मांग की गई,तो सहायक गोदाम प्रबंधक प्रेम नंदन चौड़े के द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। भौतिक रूप से पाए गए खाद्यान्न तथा उनके द्वारा जन वितरण प्रणाली विक्रेता के निर्गत खाद्यान्न की मात्रा की सहायक आकलन नहीं मिल पा रहा है,जिससे गवन होने का संदेह है। सिस्टम गलत पाया जाना कार्य के प्रति लापरवाही, अनियमितता एवं विभागीय निर्देश का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि सहायक गोदाम प्रबंधक को 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने का आदेश दिया गया है, अन्यथा खाद्यान्न की अनियमितता के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## डालमिया सीमेंट श्रावणी मेले के अवसर पर कांवड़ियों को दे रही राहत



**देवघर:** भारत की प्रमुख सीमेंट निमार्ता कंपनी, डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) झारखंड के सबसे बड़े त्यौहार श्रावणी मेले के दौरान स्थानीय युवाओं के समर्पण को मान्यता दे रही है। इस दौरान, पूर्वी क्षेत्र में अपनी 'सैल्यूटिंग द एक्सपर्ट' पहल के तहत, कंपनी ने राष्ट्रीय स्तर की खो-खो खिलाड़ी और सात बार की राज्य चैंपियन महिमा कुमारी को 'जय काँवड़ पुरस्कार' से सम्मानित किया। यह पुरस्कार काँवड़ियों की भावना और डालमिया सीमेंट 'आरसीएफ एक्सपर्ट' की विशेषज्ञता से प्रेरित है,जिसका उद्देश्य उनकी और स्थानीय उपलब्धि हासिल करने वाले लोगों की भावनाओं को मान्यता देना है। खेल में महिमा कुमारी के योगदान और उपलब्धियों के लिए उन्हें 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, ₹डालमिया सीमेंट एक विशेषज्ञ के रूप में, हर क्षेत्र के विशेषज्ञों को गर्व से सलाम करता है। हम उनके समर्पण और उत्कृष्टता को पहचान दिलाने के लिए समर्पित हैं। साथ ही, हम डालमिया सीमेंट 'आरसीएफ स्ट्रॉन्ग तो घर स्ट्रॉन्ग' के माध्यम से मजबूती और उत्कृष्टता लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# ओला इलेक्ट्रिक 1 अगस्त से शुरू कर सकती है आईपीओ एंकर बुक




**नई दिल्ली ।**

ओला इलेक्ट्रिक 1 अगस्त को अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ के लिए एंकर बुक शुरू करने की योजना बना रही है। उद्योग के सूत्रों ने बताया कि यह निर्गम 2 से 6 अगस्त के बीच लोगों के लिए खुलने की संभावना है। इसे 9 अगस्त को स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध कराया जा सकता है। ओला इलेक्ट्रिक ने ताजा निर्गम और ओएफएस के जरिये करीब 74 करोड़ डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा है। सूत्रों के मुताबिक सॉफ्टबैंक समर्थित ईवी निर्माता को आईपीओ से करीब 4.5 अरब डॉलर का मूल्यांकन की संभावना है जो इसके पिछले फंडिंग राउंड के लगभग 5.5 अरब डॉलर के मूल्यांकन से लगभग 18 प्रतिशत कम है। कंपनी एथर एनर्जी, बजाज और टीवीएस मोटर कंपनी के साथ प्रतिस्पर्धा करती है। ओला इलेक्ट्रिक ने 22 दिसंबर, 2023 को सेबी के पास अपना डीआरएचपी जमा कराया था। 20 जून को ओला इलेक्ट्रिक को आईपीओ के लिए बाजार नियामक से मंजूरी मिल गई। इस मंजूरी के साथ ही ओला इलेक्ट्रिक के लिए सूचीबद्ध होने वाली पहली भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी बनने की राह आसान हो गई है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों के आधार पर देश में तेल कंपनियां इनकी कीमतों को निर्धारित करती है। तेल कंपनियों के मुताबिक शनिवार को भी ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यानी कि सभी शहरों में इनकी कीमतें स्थिर चल रही हैं। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.44 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 89.97 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.95 रुपये प्रति लीटर और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर है। वहीं नोएडा में पेट्रोल 94.83 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 102.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.94 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर और पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

## विवाहित और महिला कारोबारियों को इंट्रा-डे ट्रेड में कम हुआ घाटा: सेबी



**नई दिल्ली ।**

घरेलू शेयर बाजार में दैनिक आधार पर शेयर की खरीद-बिक्री (इंट्रा-डे) करने वाले विवाहित कारोबारी अविवाहित कारोबारियों के मुकाबले कहीं बेहतर नतीजे प्राप्त करने में सफल रहे हैं। इसके अलावा इंट्रा-डे कारोबार के मामले में महिलाएं पुरुष कारोबारियों के मुकाबले अधिक मुनाफा कमाती हैं। यह विश्लेषण इक्विटी नकदी खंड में इंट्रा-डे कारोबार को लेकर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के एक अध्ययन में सामने आया है। एक कारोबारी सत्र में ही किसी शेयर की खरीद और बिक्री दोनों गतिविधियों का संचालन इंट्रा-डे कारोबार कहा जाता है। इस अध्ययन के मुताबिक विवाहित और एकल कारोबारियों के अलावा पुरुष और महिला कारोबारियों के बीच सौदा संबंधी व्यवहार और परिणामों के बीच बहुत अंतर है। सेबी ने पाया है कि इक्विटी नकदी खंड में इंट्रा-डे कारोबार करने वाले विवाहित लोग कई प्रमुख क्षेत्रों में अविवाहितों से बेहतर प्रदर्शन करते हैं। वित्त वर्ष 2018-19, 2021-22 और 2022-23 के दौरान अविवाहित कारोबारियों के मुकाबले विवाहित कारोबारियों ने इंट्रा-डे सौदों में कम नुकसान उठाया। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 75 प्रतिशत अविवाहित कारोबारी घाटे में रहे जबकि घाटे में रहने वाले विवाहित कारोबारियों की संख्या 67 प्रतिशत थी। इसके अतिरिक्त विवाहित कारोबारियों ने कहीं अधिक संख्या में सौदे भी किए। सेबी के अध्ययन का एक महत्वपूर्ण पहलू पुरुष और महिला कारोबारियों का तुलनात्मक विश्लेषण है। इन सभी वर्षों में लगातार लाभ कमाने वालों के बीच महिला कारोबारियों का पुरुष कारोबारियों की तुलना में अधिक अनुपात था। सेबी ने अपने अध्ययन में यह पाया है कि कारोबारियों का आयु समूह जितना कम होगा, उनमें नुकसान उठाने वालों का अनुपात उतना ही अधिक होगा। वहीं अधिक आयु समूह वाले कारोबारियों में नुकसान उठाने वालों का अनुपात कम था।

## अमेरिका में अन्य देशों की तुलना मे लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स की दर कम




**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने एक ओर इंट्राडे ट्रेडिंग पर लगने वाले शार्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी कर दी है, वहीं लंबी अवधि के निवेश पर लगने वाले लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स की दरों को भी बढ़ा दिया है लेकिन क्या लांग टेरन कैपिटल गेन पर टैक्स केवल भारतीयों को ही देना पड़ता है, क्या अन्य देशों में भी इस टैक्सेशन से जुड़े कुछ नियम हैं? गौरतलब है कि बजट 2024 के प्रस्ताव के तहत शार्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स की दर को 15 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया गया है। वहीं लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स दर को भी 10 से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया है। सरकार ने लांग टर्म में सोने और प्रॉपर्टी जैसे फिजिकल एसेट्स पर जो इंडेक्सेशन की सुविधा मिलती थी उसे भी खत्म कर दिया है। हालांकि, एक राहत है कि लांग टर्म कैपिटल गेन में अब 1.25 लाख रुपये तक का मुनाफा टैक्स मुक्त हो गया है। अमेरिका में दुनिया के कई विकसित देशों की तुलना में लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स की दर कम है। यहां शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स की दर सामान्य है जबकि लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स अधिकतम 20 प्रतिशत है। वहीं यहां चल और अचल संपत्ति की बिक्री पर होने वाले फायदे पर सरकार टैक्स लेती है, जो कि 20 फीसदी है। वहीं शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों के शेयर्स की खरीद बिक्री पर होने वाले फायदे पर सरकार टैक्स नहीं वसूलती है। जापान में एसेट क्लास के अनुसार टैक्स की दरें अलग-अलग हैं। जैसे शेयर की बिक्री, जमीन और मकान की बिक्री पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स अधिकतम 20 प्रतिशत है जबकि शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स 39 प्रतिशत है। ऑस्ट्रेलिया में प्रॉपर्टी या पर्सनल प्रॉपर्टी बेचने पर टैक्स लगता है। इस पर बहुत कम दर से टैक्स वसूला जाता है। यदि कोई ऑस्ट्रेलियाई नागरिक 12 महीने से ज्यादा के लिए कोई निवेश करता है, तो उसके कैपिटल गेन प्रॉफिट के 50 प्रतिशत पर ही उसे टैक्स देना होता है। सिंगापुर में किसी तरह का कैपिटल गेन टैक्स नहीं लगता है।

# भगोड़ा माल्या तीन साल तक भारतीय बाजारों में नहीं कर सकेगा प्रवेश



**नई दिल्ली ।**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने भगोड़े कारोबारी विजय माल्या पर तीन साल तक भारतीय बाजारों में प्रवेश करने पर रोक लगा दी है। यह कार्रवाई 2006 से 2008 के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) के रास्ते से भारतीय प्रतिभूतियों में पैसा लगाने के लिए की गई है। पूर्व शराब कारोबारी को तीन साल तक किसी भी लिस्टेड कंपनी से जुड़ने पर भी रोक लगा दी गई है। सेबी ने माल्या की सभी सिक्योरिटी होल्डिंग्स को फ्रीज करने का आदेश दिया है, जिसमें म्यूचुअल फंड यूनिट्स भी शामिल हैं। माल्या ने मैटरहॉर्न वेंचर्स नाम की एक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) कंपनी के जरिए अपने ही समूह की भारतीय कंपनियों के शेयरों में अप्रत्यक्ष रूप से कारोबार किया। इस तरह से उन्होंने प्रतिभूति बाजार में अपने निवेश की असली पहचान को छिपाया। सेबी ने कहा कि माल्या ने अपनी पहचान छिपाकर मैटरहॉर्न वेंचर्स नाम की एफपीआई कंपनी के जरिए निवेश किया, जो भारतीय कंपनियों के शेयरधारकों के हित के खिलाफ था। सेबी के आदेश के अनुसार इस एफपीआई कंपनी का इस्तेमाल हरबर्टसन्स और यूनाइटेड स्पिरिट्स (यूएसएल) जैसी शराब कंपनियों के शेयरों में लेन-देन के लिए किया गया। सेबी ने पाया कि मैटरहॉर्न वेंचर्स के पास हरबर्टसन्स के 9.98 प्रतिशत शेयर थे, जो वास्तव में प्रमोटर श्रेणी के थे और पूरी तरह से माल्या द्वारा फंडेड थे।

## सरकार राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली ।** फिच रेटिंग्स ने कहा कि भारत का चुनाव बाद का बजट इस बात की पुष्टि करता है कि सरकार राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। गठबंधन में शामिल दलों की मांग के बावजूद नई सरकार राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर टिकी हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में सरकार ने 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए केंद्र के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत कर दिया है। फरवरी के अंतरिम बजट में लक्ष्य 5.1 प्रतिशत तय किया गया था। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा लक्ष्य, रेटिंग एजेंसी के 5.4 प्रतिशत के अनुमान से काफी कम है। रेटिंग एजेंसी ने जनवरी 2024 में भारत की बीबीबी- रेटिंग की पुष्टि करते समय राजकोषीय घाटे के सकल घरेलू उत्पाद का 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। फिच ने कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार वित्त वर्ष 2025-26 में घाटे को जीडीपी के 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने के अपने लक्ष्य को भी हासिल कर लेगी।



## इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रोत्साहन की योजना सितंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक परिवहन प्रोत्साहन योजना (ईएमपीएस) को दो महीने के लिए बढ़ाकर के साथ कुल परिव्यय को भी बढ़ाकर 778 करोड़ रुपये कर दिया। इस योजना को इस साल मार्च में भारी उद्योग मंत्रालय ने शुरू किया था। इसका उद्देश्य पूरे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उपयोग को बढ़ावा देना है। ईएमपीएस योजना मूल रूप से एक अप्रैल, 2024 से 31 जुलाई, 2024 तक चलने वाली थी, जिसका कुल परिव्यय 500 करोड़ रुपये था। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक इस योजना को दो महीने 30 सितंबर, 2024 तक बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा योजना का परिव्यय भी बढ़ाकर 778 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इस योजना का उद्देश्य सरकार की हरित पहलों को आगे बढ़ाना और देश में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण परिवेश के विकास को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत पात्र ईवी श्रेणियों में पंजीकृत ई-रिक्शा एवं ई-कार्ट सहित इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहन शामिल हैं। आम लोगों के लिए किफायती और पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन विकल्प मुहैया कराने पर जोर देने के साथ यह योजना मुख्य रूप से उन ई-दोपहिया और ई-तिपहिया पर लागू होगी जो वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए पंजीकृत हैं। इसके अलावा निजी या कॉरपोरेट स्वामित्व वाले पंजीकृत ई-दोपहिया भी योजना के तहत पात्र होंगे।

## बीएचईएल को 10 हजार करोड़ की तापीय बिजली परियोजना मिली

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीएचईएल को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) से 10 हजार करोड़ रुपये की तापीय बिजली परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 800-800 मेगावाट की दो इकाइयां कोडरमा ताप बिजलीघर के दूसरे चरण की परियोजना के तहत झारखंड में स्थापित की जाएगी। परियोजना को 52 महीनों में पूरा किया जाना है और यह ऑर्डर 10 हजार करोड़ रुपये का है। इस कार्य में बॉयलर, टरबाइन, जनरेटर और संबंधित सहायक उपकरणों की आपूर्ति शामिल है। इसके अलावा भेल सिविल कार्य के अलावा परियोजना को चालू करेगी।

## जोमेटो सोशल मीडिया पर शुरू करेगा ब्रांड पैक्स




**नई दिल्ली।** जोमेटो के फाउंडर दीपेंदर गोयल ने एक्स (पहले ट्विटर) पर ब्रांड पैक्स शुरू करने की बात कही। गोयल ने अपनी पोस्ट में कहा कि मैं अक्सर अपने पसंदीदा रेस्तरां से दोबारा ऑर्डर करता हूं और हमारे बहुत से ग्राहक भी ऐसा ही करते हैं। इसे आपके लिए और अधिक फायदेमंद बनाने के लिए हम ब्रांड पैक्स पेश कर रहे हैं जो जोमेटो पर चुनिंदा रेस्तरां के लिए लॉयल्टी प्रोग्राम बनाने की हमारी पहली कोशिश है। ब्रांड पैक ऐसे पैकेज हैं जो उन ग्राहकों को रिवॉर्ड देते हैं जो बार-बार किसी खास रेस्तरां से ऑर्डर करते हैं। इनमें खास ऑफर्स और डिस्काउंट होते हैं, जिससे खाने का अनुभव और बेहतर हो जाता है। ब्रांड पैक जैसे लॉयल्टी प्रोग्राम कई दुकानें और कंपनियां अपने ग्राहकों को बार-बार खरीदारी करने के लिए आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए इस्तेमाल करती हैं। जोमेटो ने भी अपने ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए नए तरीके खोजने की कोशिश में यह नया तरीका शुरू किया है। गोयल ने बताया कि 4000 से ज्यादा रेस्तरां और एक लाख से ज्यादा ब्रांड पैक पहले ही बिक चुके हैं। ये पैक जोमेटो ऐप पर मिल रहे हैं। कई ब्रांड पैक खरीदने पर अगले तीन ऑर्डर पर 10 फीसदी की अतिरिक्त छूट मिल रही है। इस ऑफर के लिए मिनिमम ऑर्डर करने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा छूट की कोई सीमा नहीं है और इसे रेस्तरां के आम कूपन और जोमेटो गोल्ड की छूट के साथ भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

# बीते सप्ताह एक फीसदी चढ़ा शेयर बाजार

- सेंसेक्स 1,292 अंक बढ़त के साथ 81,332 पर बंद
- निफ्टी 428.7 अंक बढ़त के साथ 24,834 पर बंद




**मुंबई ।**

वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों और उम्मीद से ज्यादा बेहतर अमेरिकी डेटा की वजह से बजट सप्ताह में घरेलू शेयर बाजार ने तेजी बनाना जारी रखा। इस सप्ताह केंद्रीय बजट की घोषणाओं और इंडिया इंक के मिलेजुले नतीजों ने शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रखा। इस सप्ताह शेयर बाजार में एक फीसदी से ज्यादी तेजी दर्ज की गई। घरेलू शेयर बाजार के सप्ताह भर के कारोबार पर नजर डालें तो बजट पेश होने से एक दिन पहले सोमवार को शेयर बाजार का इंडेक्स सेंसेक्स 504 अंक गिरकर 80,100.65 अंक पर खुला और 102 अंक गिरकर 80,502 अंक पर बंद हुआ। जबकि एनएसई निफ्टी 50 168.6 अंक फिसलकर 24,362.30 अंक पर खुला और 21 अंक गिरकर 24,509 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 166.41 अंक की तेजी के साथ 80,668.49 अंक पर खुला और 73.04 अंक की गिरावट के साथ 80,429.04 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 59.65 अंक की बढ़त के साथ 24,568.90 अंक पर खुला और 30.30 अंक की गिरावट के साथ 24,479.00 पर बंद हुआ। बुधवार को विदेशी फंड की निकासी और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख ने भी घरेलू बाजारों के लिए खेल बिगाड़ दिया। कमजोर शुरुआत के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 233.7 अंक गिरकर 80,195.34 पर खुला और 280 अंक गिरकर 80,148 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 73.45 अंक गिरकर 24,405.60 पर खुला और 65 अंक गिरकर 24,413 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 606.77 अंक की गिरावट के साथ 79,542 पर खुला और 109.08 अंक टूटकर 80,039 पर बंद हुआ। निफ्टी 182.55 अंक की गिरावट के साथ 24,230 पर खुला और 7.40 अंक की मामूली गिरावट के साथ 24,406.10 अंक पर बंद हुआ। बीते कई दिनों की कमजोरी के बाद घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार की सुबह हरियाली दिखी। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 218.08 अंकों की बढ़त के बाद 80,234.64 पर खुला और 1,292.9 अंक की बढ़त के साथ 81,332.7 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 77.41 अंक मजबूत होकर 24,483.50 पर खुला और 428.7 अंक की बढ़त के साथ 24,834.8 अंक पर बंद हुआ।

## एप्पल ने आईफोन की कीमत 6,000 तक घटाई



**नई दिल्ली ।** बजट में मोबाइल फोन पर आयात शुल्क में कमी की घोषणा के बाद एप्पल ने भारत में आईफोन की कीमतें 6,000 रुपये तक घटा दी हैं। एप्पल की तरफ से जारी नई कीमत सूची के मुताबिक आयातित आईफोन प्रो मॉडलों की कीमत में 5,100-6,000 रुपये की कटौती कर दी गई है। एप्पल पहले आईफोन 15 प्रो को 1,34,900 रुपये और आईफोन 15 प्रो मैक्स मॉडल को 1,59,900 रुपये की शुरुआती कीमत पर बेच रही थी। भारतीय ग्राहकों के लिए 128 जीबी स्टोरेज वाले आईफोन प्रो मॉडल की कीमत 3.7 प्रतिशत की कटौती के बाद 1,29,800 रुपये होगी। इसी के साथ 256 जीबी स्टोरेज वाले आईफोन प्रो मैक्स की कीमत 1,59,900 रुपये से घटकर 1,54,000 रुपये हो गई है। इसके साथ एप्पल ने आईफोन के भारत में विनिर्मित 13, 14 और 15 शृंखला वाले आईफोन की कीमतों में भी 300 रुपये की कमी की है जबकि आईफोन एसई मॉडल 2,300 रुपये सस्ता हो गया है। आईफोन मॉडलों की कीमतों में यह बदलाव मोबाइल फोन और चार्जर पर आयात शुल्क को 20 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत करने के बजट प्रस्ताव के बाद हुआ है।

# चीन से बढ़ते इस्पात आयात का मुनाफे पर पड़ रहा असर: सज्जन जिंदल



**नई दिल्ली ।**

जेएसडब्ल्यू स्टील के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने कहा कि चीन से बढ़ते इस्पात आयात का घरेलू कंपनियों की कमाई पर नेगेटिव असर पड़ रहा है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में जिंदल ने कहा कि कई देशों ने इस्पात आयात के खिलाफ पहले ही कदम उठाए हैं और भारतीय इस्पात उद्योग भी समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए सरकार के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू इस्पात की मांग में 13.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो आर्थिक वृद्धि से अधिक है। यह बुनियादी ढांचे के विकास और प्रमुख इस्पात-उपभोक्ता क्षेत्रों की मजबूत मांग के कारण संभव हुआ है। जेएसडब्ल्यू स्टील के वित्त वर्ष 2023-24 के व्यावसायिक आंकड़े साझा करते हुए जिंदल ने कहा कि कंपनी ने इस अवधि में 92 प्रतिशत क्षमता उपयोग के साथ अपना उच्चतम कच्चा इस्पात उत्पादन प्राप्त किया। कंपनी ने अपने उत्पादन और बिक्री के लक्ष्य को 100 प्रतिशत पूरा किया। परिचालन से इसका राजस्व 1,75,006 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जिसमें ब्याज, कर, मूल्यह्रास और कर पूर्व आय की कमाई 28,236 करोड़ और कर के बाद का मुनाफा 8,973 करोड़ रहा। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7.30 रुपए प्रति शेयर के लाभांश की सिफारिश की है, जिसे शेयरधारकों की मंजूरी प्राप्त करनी होगी। इसके अतिरिक्त, कंपनी की योजना वित्त वर्ष 2030-31 तक भारत में अपनी क्षमता को 5 करोड़ टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की है।

## इस सप्ताह सोने की कीमत में 4804 रुपए की आई गिरावट

**नई दिल्ली ।** हाल ही में मोदी सरकार के बजट में सरकार ने सोने पर आयात शुल्क में कटौती की। जिसके बाद देश में गहनों के भावों में लगातार गिरावट आ रही है। इस सप्ताह एमसीएक्स पर सोने की कीमत में 4804 रुपए की गिरावट देखी गई। वहीं चांदी में 8275 रुपए की गिरावट की गिरावट आई है। अब सोने की कीमत 68186 रुपए प्रति दस ग्राम हो गया है। वहीं चांदी 81371 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। माना जा रहा है कि शुल्क में कमी होने से सोने के प्रति निवेशकों में आकर्षण और बढ़ेगा। दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 50 रुपए की मजबूती के साथ 70700 रुपए प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ। चांदी 400 रुपए मजबूत होकर 84400 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर बंद हुई। इससे पिछले हफ्ते आखिरी कारोबारी सत्र में 19 जुलाई को सर्राफा बाजार में सोना 73273 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 89300 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।





रिमझिम बारिश का मौसम आ गया है। हालांकि अभी झमाझम बारिश कुछ ही जगह हुई है, लेकिन हल्की ही सही, बारिश तो बारिश है। इसलिए कुछ खास तो होना ही चाहिए, ताकि लगे कि तुम भी झूम कर बरखा रानी का स्वागत कर रहे हो।

# बारिश में मस्ती के बहाने

## ऐसे बचाना अपने पेट्स को..

बारिश के समय तुम यह सुनिश्चित करो कि तुम्हारे पेट्स भीगे नहीं। अगर वो भीग भी गए हैं तो उन्हें तुरंत पोंछ दें। अगर उन्हें ठंड लग रही है तो किसी कंबल से ढंककर रखो। जैसे ही बारिश बंद हो तो उन्हें घुमाने कहीं बाहर ले जाओ। उनके साथ खूब खेलो, जिससे वे सुस्त न पड़ें। उनके फर और पंजों को साफ करते रहो। इस मौसम में सबसे ज्यादा जानवर बीमार होते हैं, इसलिए तुम उन पर नजर रखो। अगर उन्हें जलन-खुजलाहट हो रही है या बाल झड़ने लगे हैं तो यह इन्फेक्शन के पनपने की निशानी है। समय से वेक्सिनेशन करवाना जरूरी है।

## इंद्रधनुष देखो

दरअसल इंद्रधनुष वर्षा की बूंदों पर पड़ने वाली सूर्य की किरणों के डिस्पर्सन यानी फैलाव के कारण बनता है। जब सूर्य की किरणें वर्षा की बूंदों में प्रवेश करती हैं तो वे रिफ्लेक्ट यानी तिरछी हो जाती हैं और फिर बूंदों से निकलते समय लाइट प्रतिबिंब बनाती है। कहने का मतलब यह है कि सूर्य की किरणें कई कोणों पर रिफ्लेक्ट करती हैं, जिनकी वजह से रेन-बो बनते हैं। ये बरसात के मौसम के अलावा झरनों तथा समुद्र में बनने वाली बड़ी लहरों के पास भी दिखाई पड़ता है। सच तो यही है कि खुले स्थानों में जहां-जहां नमी बनती है, वहां-वहां रेन-बो दिखाई पड़ने की संभावना रहती है। इस मौसम में इसे तुम देख सकते हो।

## गीत तो गुनगुनाओ कोई

संगीत तो स्कूल में भी तुम्हारा मनपसंद विषय है। तो देर किस बात की अपना गिटार उठाओ और शुरू हो जाओ। इंस्ट्रूमेंट तुम्हारी पसंद का कोई भी हो सकता है। छई, छप्पा छई, छप्पाक छई.. जैसा कोई भी गीत तुम गुनगुनाओगे तो ऐसा लगेगा मानो बारिश की बूंदें भी तुम्हारा साथ दे रही हैं। जरूरी नहीं कि तुम्हें बारिश के गीत गाकर मस्ती करनी है। अपनी पसंद का कोई भी गाना, जिसे गाकर व दूसरों को सुना कर मजा आए, तुम गुनगुना और गा सकते हो।

## डॉगी का साथ व रिमझिम बरसात

तुम अक्सर शाम के वक्त अपने डॉगी को पार्क में घुमाने ले जाते हो। उसके साथ खेलने में तुम्हें मजा भी बहुत आता है। तो क्यों न इस मौसम में बारिश की रिमझिम फुहारों का मजा अपने डॉगी के संग लिया जाए। यकीन मानो उसे भी बहुत मजा आएगा। ध्यान रहे कि भीगने में तुम इतने मत खो जाना, जिससे तुम्हें समय का ख्याल ही न रहे। कहने का मतलब यह है कि 10-15 मिनट के बाद खुद डॉगी के साथ वापस घर आ जाना। हां, अगर तुम्हारा डॉगी कुछ दिनों से बीमार चल रहा है तो उसे बारिश में लेकर मत जाना।

## बारिश में नाव

क्या तुमने कभी नाव चलाई है? हम बड़ी नदी में चलने वाली नाव की बात नहीं कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं तुम्हारी खुद की बनाई कागज की नाव की। दरअसल अब तुम बच्चे नाव चलाकर मनोरंजन करते दिखाई नहीं देते। मगर आज भी दूरदराज के गांवों या छोटे शहरों में बच्चो बरसात के इस मौसम में मजे से नाव चलाते हैं। तुम भी दूर तक तैरती हुई नाव देख सकते हो। झमाझम बारिश के बाद तुम्हारी कॉलोनी में जगह-जगह पानी इकट्ठा हो जाता है। उस पर नाव छोड़ना, मस्ती ही मस्ती है। अगर तुम्हें फुल मस्ती चाहिए तो सभी दोस्त एक साथ अपनी कश्ती पानी में उतारो। फिर देखना कैसे छोटी-बड़ी कश्तियां धीरे-धीरे पानी में तैरती हैं। इन्हें देख कर तुम खूब मस्ती करोगे। अगर तुम्हें नाव बनानी नहीं आती तो तुम बड़े भाई या पेरेंट्स से सीखो। इन्हें नाव बनानी जरूर आती होगी। उनसे पूछना कि जब वे इस मौसम में खुद की बनाई नाव चलाते थे तो उन्हें कैसा लगता था।



बात जारी है पेज 8 पर...



## इनको मिल जाती है बारिश की आहट

- भारी बारिश या तूफान आने से पहले ब्लैक कोकाटूस पहाड़ों से नीचे आना आरंभ कर देते हैं। ऐसा ये सुबह के समय करते हैं।
- बिल्लियां अपने पैरों को चाटती हैं और उससे अपनी आंखों को साफ करती हैं। ऐसा माना जाता है कि बिल्ली के कान काफी तेज होते हैं और उन्हें मौसम बदलने से पहले ही कुछ ध्वनियां सुनाई देने लगती हैं, जिससे उनमें यह बदलाव आ जाता है।
- गाय का बछड़ा यदि ज्यादा एक्टिव दिख रहा हो तो इसका मतलब है कि बारिश आने वाली है। बछड़ा ऐसे में अपनी आंखों को खुजलाना आरंभ करता है।
- अगर कुत्ता अपनी पीठ के बल सोने लगे तो समझ लेना चाहिए कि मौसम बदल सकता है।
- अगर मेंढक चिल्लाने लगें तो मान लें कि 24 से 48 घंटे में बारिश होगी।
- तोते बारिश होने से पहले खास तरह की आवाजें निकालना आरंभ कर देते हैं।
- कछुए अगर नदी को छोड़कर मैदानी इलाकों की ओर आएं तो बारिश या बाढ़ आती है।

### गर्मागर्म पकौड़े हो जाएं

सोचो, आज छुट्टी का दिन है। आज भैया-दीदी, मम्मा-पापा, सभी घर में हैं। बाहर झमाझम बारिश हो रही है। खिड़की से तुम अपने गमले के पत्तों पर पड़ रही बूंदों को निहार कर खुश भी हो रहे हो। शाम का वक्त है। हर रोज की तरह चाय का समय है। मम्मा से कहो, मम्मा आज चाय के साथ गर्मागर्म पकौड़े बना दो। हां, तुम इतना जरूर कर सकते हो कि मम्मा की रसोई में कुछ मदद कर दो और पकौड़ों के बनते ही सभी को उनकी जगह पर सर्व भी कर देना। तुम खुद महसूस कर सकोगे कि बारिश में चाय और पकौड़ों का आनंद अलग ही होता है। तुम चाहो तो अपने कुछ दोस्तों को भी बुला सकते हो।

### बारिश को उतारो कैनवस पर

तुम में ऐसे बहुत से होनहार होंगे, जो देख कर कैनवस पर हूबहू वैसा ही उतार देते हैं। बस, तो इस मस्त मौसम में क्यों न कुछ ऐसा ही किया जाए। घर की बालकनी या खिड़की से बाहर ताक-झांक करो। तुम देखोगे कि बाहर एक से एक मजेदार सीन नजर आएंगे। सब्जी वाला भैया रेहड़ी दौड़ा कर सब्जियां बचा रहा होगा तो कुछ लोग एक ही छतरी से बारिश की बूंदों से बचने की कोशिश कर रहे होंगे। तो वहीं पेड़ों पर रिमझिम बारिश से मस्त प्राकृतिक दृश्य बन रहा होगा। बस उस दृश्य को कैनवस पर कैद कर लो।

### मस्ती कुछ ऐसे भी

हम जानते हैं कि तुम्हें बारिश में भीगने में बहुत मजा आता है, लेकिन मम्मा मना करती हैं। आठवीं में पढ़ने वाली श्वेत कहती हैं कि मैं तो बारिश का नाम सुनते ही झूमने लगती हूं। आर्टिफिशयल शॉवर में वो मजा कहां, जो बारिश में भीगने में आता है। हमने तो स्कूल खुलने से पहले बारिश का इंतजार शुरू कर दिया था।' वहीं स्वभाव से शरारती अंकित का कहना है कि मैं स्कूल पैदल ही जाता हूं, क्योंकि मेरा स्कूल नजदीक ही है। इन दिनों मैं चाहता हूं कि बारिश उसी समय हो, जब स्कूल की छुट्टी हो, ताकि जम कर भीगा जाए। और रास्ते में छोटे पानी भरे हर गड्ढे में छपाक से पैर जरूर मारता हूं। तो हो जाओ तैयार तुम भी।

### अपना कमरा बन जाएगा सुंदर

अपने कमरे की सफाई खुद करो। कई दिन से तुम्हारी अलमारी की सफाई नहीं हुई। उस पर रखे कुछ खिलौनों से तुम सिर्फ इसीलिए नहीं खेल पाते, क्योंकि उन पर धूल जमी हुई है। बस क्या, म्यूजिक चलाओ और झूमते-झूमते हुए अपनी अलमारी को बना दो एकदम साफ-सुथरा। बारिश के बहाने ही सही, तुमने अपने कमरे को भी सजा दिया।

### सीखेंगे कुछ नया

अब बाहर तो बारिश हो रही है, पार्क में जाकर खेला भी नहीं जा सकता। बारिश में भीगने का मन नहीं है। तो क्या तुम घर बैठे-बैठे बोर होना चाहते हो। क्यों न इस समय का सदुपयोग कुछ नया सीखने के लिए किया जाए। इसके लिए मम्मी से बात करो। घर के छोटे कामकाज सीखोगे तो भी अच्छा रहेगा। और कुछ नहीं तो अपना कमरा समेटना, किताबें सही जगह रखना सीखो। घर के दूसरे कामों में मां की मदद करो। अगर ये करने का मन नहीं है तो क्राफ्ट भी कर सकते हो, पोयम या कुछ और लिख सकते हो, साइट्स देख सकते हो या दादी-दादू के साथ समय बिता सकते हो।

### पतंग बनाना भी है मजेदार

मार्केट से बनी हुई पतंगें तुमने कई दफा खरीदी होंगी। इस बार क्यों न खुद ही पतंग बनाई जाए। जब बाहर जाना मुमकिन न हो तो ऐसे खुद पतंग बनाने का आइडिया है कमाल का। तुम स्कूल में तो अपनी कलाकारी खूब दिखाते हो, क्यों न इस क्रिएटिविटी को पतंग बनाने में लगा दिया जाए। जब डोर थामे तुम दूर दिख रही पतंग को देखोगे तो यकीन मानो तुम्हें जरूर अच्छा सा अनुभव होगा।

# दादी का अस्पताल

अंतरिक्ष के पास एक पैर से चलाने वाली साइकिल थी। वह जब उसे चलाने बाहर निकलता तो उसकी दादी पीछे दौड़तीं। घर ढलान पर था। आसपास बहुत से चिनार के पेड़ थे। जंगली घास भी थी। दादी को लगता कि कहीं बच्चा साइकिल को न संभाल सके और नीचे लुढ़क जाए। तब क्या होगा? कितनी चोट लगेगी। आसपास वाले दादी से मजाक में कहते- ऐसा करो तुम भी एक साइकिल ले लो । बच्चे के साथ चलाओ, कुछ कसरत भी हो जाएगी और यह डर भी जाता रहेगा कि अंतरिक्ष कहीं गिर न जाए। दादी सुनती और चुप रह जातीं। उन्हें लगता कि कहीं बच्चे की ज्यादा चिंता करके वह गलती तो नहीं कर रही हैं, क्योंकि सब कहते थे कि बच्चा गिरेगा नहीं, गलती नहीं करेगा तो सीखेगा कैसे?

लेकिन गलती करने के चक्कर में कहीं इतनी चोट लग गई कि संभाले नहीं संभली तब फिर सब उन्हें ही सुनाएंगे कि वह तो बच्चा है। तुम तो बड़ी थीं, रोका क्यों नहीं? खान-पान में भी वह चाहती थीं कि वह दाल खाए, सब्जी खाए, दूध पिए, मगर वह हमेशा चॉकलेट और बर्गर मांगता। दाल देखकर नाक-भौं सिकोड़ता और खाने के नाम पर इधर-उधर दौड़ता। वह अपने बेटे से कहतीं तो वह कहता-जो चाहता है खाने दो। बच्चे पर क्या रोक लगानी।

दादी को लगता कि क्या वह सचमुच पुराने जमाने की हो गईं। क्या उन्हें बच्चों के खान-पान और उनके स्वास्थ्य के बारे में कुछ नहीं मालूम। उन्हें लगा कि जब उनकी बात किसी को अच्छी ही नहीं लगती है तो वह क्यों बोलें? बस अब वह चुप रहने लगीं। अंतरिक्ष क्या खाता है, क्या करता है, इस पर वह कुछ न बोलतीं। वह उन्हें दिखाकर तेज साइकिल दौड़ाता, दादी का दिल जोर से धड़कता मगर वह चुप। वह जुकाम-खांसी में ठंडा जूस और आइसक्रीम खाने की जिद करता, उनका मन करता कि रोकें, मगर नहीं। वह एक चॉकलेट खाता, दूसरी मांगता। माता-पिता पकड़ाते जाते, दादी को बुरा लगता। सोचतीं कि बच्चों को कुछ हो न जाए, मगर किससे कहतीं? क्या सचमुच ही वह आउटडेटेड हो गई थीं या वक्त के हिसाब से दुनिया और बच्चों की जरूरतें बदल गई थीं, उन्हें ही पता नहीं चला था। वह अपने बच्चों के बचपन को याद करती थीं। बच्चे को जैसे ही कुछ तकलीफ होती थी और उन्हें समझ में नहीं आती थी तो वह फौरन अपनी मां या सास को फोन करतीं। फिर कोई न कोई दवा ऐसी होती जो घर के मसालों, सब्जियों, दही, दूध, शहद में मौजूद होती, बच्चों को देतीं और वे ठीक हो जाते। मगर अब सब बातों के लिए डॉक्टर के पास दौड़ना था। डॉक्टर न मिले तो अस्पताल ले जाना था।

सवेरे का वक्त था। सब लोग ऑफिस जाने की तैयारी कर रहे थे। दादी सबके लिए खाना बना चुकी थीं। सलाद काट रही थीं कि इतने में फोन बजा। वह फोन उठाने गईं। बातचीत करके लौटीं तो देखती क्या हैं कि जिस चाकू से सलाद काट रही थीं, अंतरिक्ष उसे ही लेकर दौड़े जा रहा है। दादी को डर लगा, वह उसके पीछे दौड़ीं और फिसलने से बचीं। उन्होंने अंतरिक्ष के पापा को पुकारा-अरे देखो तो इसके हाथ से चाकू ले लो। कहीं हाथ में न लग जाए। बहुत ही शैतान होता जा रहा है। अंतरिक्ष के पापा ने दौड़कर उसे पकड़ा और दोनों हाथों को पकड़ लिया। पापा चाकू ले लेंगे, यह सोचकर उसने चाकू को तेजी से मुट्ठी में बंद कर लिया। और दादी के मुंह से निकला-हे भगवान ये क्या हुआ? अंतरिक्ष के पापा की नजर भी पड़ी। उसकी की हथेली से तेज खून बह रहा था। उसके पापा ने घबराकर कहा-मां देखो यह क्या हो गया? अभी तो डॉक्टर भी नहीं आया होगा। उसकी मम्मी भी घबरा गईं।

दादी वापस रसोई में गईं। मसालदानी से ढेर सी हल्दी लाईं और अंतरिक्ष के घाव पर बुरक दी। थोड़ी ही देर में खून बहना बंद हो गया। फिर दादी ने पानी में पट्टी को डुबोया और उसके हाथ पर बांध दी। पानी की पट्टी से क्या होगा मां? उसके पापा ने पूछा तो दादी बोलीं-इससे घाव जल्दी भर जाएगा। लेकिन खून इतनी जल्दी कैसे रुक गया? हल्दी से। हल्दी एंटीसेप्टिक भी है।

वाह भई मां, आप तो पूरी डॉक्टर निकलीं। अंतरिक्ष के पापा ने कहा तो दादी मुसकराईं। उन्हें अपने बेटे का बचपन याद आ गया। कैसे खेलते वक्त वह चोट लगाकर लाता था और वह इसी तरह के उपाय किया करती थीं। फिर भी उसके माता-पिता को लगा कि उसे डॉक्टर के पास ले जाना जरूरी है। डॉक्टर ने उसे देखा। दवा लगाई। इंजेक्शन दिया फिर कहा-आपकी मम्मी ने बिलकुल ठीक किया हल्दी लगाकर और पट्टी बांधकर, वरना बच्चे का काफी खून बह जाता। घाव गहरा है। फिर मुसकराकर बोला-इन बूढ़ों की नॉलेज के सामने तो कई बार डॉक्टर भी हार मान जाते हैं। डॉक्टर की बात सुनकर अंतरिक्ष के मम्मी-पापा को भी लगा कि उन्हें भी कभी-कभी अपने माता-पिता की नॉलेज का लाभ उठाना चाहिए। जब वे लौट रहे थे, तभी रेडलाइट पर गुब्बारा बेचने वाला आया। जब अंतरिक्ष लौटा तो उसके हाथ में बड़ा सा गुब्बारा था। वह दौड़ता हुआ दादी के पास गया-देखो गुब्बारा। दादी बोलीं-ठीक है, खूब खेलो। अंतरिक्ष ने मम्मी-पापा को बाय कहा। वे दफ्तर चले गए थे और वह खेल में मशगूल हो गया था।





# ओलंपिक से गुड न्यूज... आज गोल्ड पर निशाना लगाने उतरेगी मनू भाकर

**-10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पहुंची**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक से भारत के लिए एक अच्छी खबर आई है। भारत की स्टार निशानेबाज मनू भाकर महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पहुंच गई है। इसके पहले भारत के पुरुष खिलाड़ी इस इवेंट में क्वालीफायर से आगे बढ़ने में नाकाम रहे थे। मनू ने शानदार प्रदर्शन कर सटीक निशाना साधकर मेडल पर दावेदारी ठोक दी है। टॉप 8 में रहने वाले निशानेबाज को फाइनल राउंड में जगह मिलती है। कुल 580 अंकों के साथ मनू ने तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई।

निशानेबाज मनू ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में शुरुआत शानदार अंदाज में की और पहली तीन सीरीज के बाद दूसरे नंबर पर बनी हुई थी। वहीं भारत की एक और निशानेबाज रिदिमा सांगवान 24वें स्थान पर खिसक गई। चौथी सीरीज के बाद मनू तीसरे स्थान पर पहुंच गई। पहली तीन सीरीज में उन्होंने 97, 97, 98 स्कोर किया जबकि चौथी सीरीज में 96 का स्कोर कर सकी। रिदिमा ने अच्छी वापसी कर 24वें नंबर से उपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंची।

इसके बाद उन्होंने आखिरी सीरीज में भी 96 स्कोर के साथ फाइनल में जगह बना ली। 10 मीटर एयर पिस्टल वूमेंस इवेंट वह तीसरे स्थान पर रही और अब मेडल की दावेदारी पेश करेंगी। रिदिमा सांगवान 15वें नंबर पर रहीं।

मनू भाकर से देश को गोल्ड मेडल की उम्मीद है। पेरिस ओलंपिक में शनिवार को 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह बनाने के बाद उन्हें एक दिन का आराम मिलेगा। रविवार दोपहर 3.30 बजे मेडल हासिल करने के लिए मनू फाइनल में उतरेंगी।



# श्रीलंका दौरे में बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम में जगह पक्की करना चाहेंगे श्रेयस



**मुम्बई (एजेंसी)।** श्रीलंका दौर से बल्लेबाज श्रेयस अय्यर टीम में अपनी जगह पक्की करने उतरेंगे। श्रेयस को घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था हालांकि इसके बाद उन्होंने रणजी खेला पर बीसीसीआई ने उन्हें सालाना अनुबंध नहीं दिया है। श्रेयस ने कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को खिताब जीतकर एक बार फिर अपने को साबित किया। केकेकार के मेंटोर गौतम गंभीर के भारतीय टीम का कोच बनने के बाद से ही श्रेयस को एक बार फिर वापसी का अवसर मिला है। उन्हें श्रीलंका दौरे के लिए एकदिवसीय सीरीज में शामिल किया गया है।

श्रेयस ने इस साल एकदिवसीय विश्वकप में मध्यक्रम के बल्लेबाज के रुप में शानदार प्रदर्शन किया था। वह मध्यक्रम के अच्छे बल्लेबाज हैं और वह श्रीलंका के खिलाफ तीनों मैचों में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। उनका लक्ष्य इस सीरीज में अधिक से अधिक रन बनाकर टीम में अपनी जगह पक्की करना रहेगा। कोच गंभीर का उन्हें साथ मिला हुआ है पर अगर वह प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो फिर गंभीर भी कुछ नहीं कर पायेंगे। वैसे भी इस समय टीम में जगह के लिए कांटे का मुकाबला है क्योंकि जिम्बाब्वे दौरे में कई युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया था और वे टीम में जगह के लिए प्रयास कर रहे हैं।

# खेलों के महाकुंभ पेरिस ओलंपिक- 2024 का आगाज, लेडी गागा ने बांधा समां



**ल्लाहौर (एजेंसी)।** पेरिस (ईएमएस)। पेरिस ओलंपिक-2024 का आगाज हो गया। ओपनिंग सेरेमनी में दुनिया के अनेक रंग नजर आए। फ्रांस की संस्कृति की झलक के अलावा इस सेरेमनी में कई दिग्गज सितारों ने अपना परफार्मेंस दिया लेकिन सबसे ज्यादा सिंगर लेडी गागा ने सबसे मन मोह लिया। लेडी गागा ने अपने दमदार परफॉर्मेंस से फैंस का दिल जीता और इस सेरेमनी को यादगार बना दिया।

ये ओलंपिक सेरेमनी वैसे भी ऐतिहासिक थी क्योंकि पहली बार इसका आयोजन किसी स्टेडियम में नहीं बल्कि सीन नदी पर हुआ। उस पर लेडी गागा के परफॉर्मेंस ने इसमें चार चांद लगा दिए। लेडी गागा ने फ्रांस के मशहूर गाने गाया। इस गाने को वैसे जिजी जियानमाइरे ने साल 1962 में गाया था। लेडी गागा ने 62 साल पुराने इस गाने को गाकर एक बार फिर जिंदा कर दिया। गागा के प्रदर्शन को लेकर फैंस उनके परफॉर्मेंस को लेकर उत्साहित थे। सीन नदी के आसपास के घरों में रहने वाले लोगों ने बालकनी से ही लेडी गागा के परफॉर्मेंस का आनंद लिया। गागा ने परेड ऑफ नेशंस के बीच में अपनी प्रस्तुति दी। सिर्फ उनके गाने ने ही नहीं बल्कि स्टेज पर जिस तरह से लेडी गागा ने कदम रखा, उनकी ड्रैस, उनके साथ परफॉर्म करने वाले साथियों की स्टाइल ने भी लोगों का ध्यान अपनी और खींचा।

# महिला एशिया कप: श्रीलंका, पाकिस्तान को 3 विकेट से हराकर महिला एशिया कप के फाइनल में



**दांबुला (एजेंसी)।** कप्तान चामारी अट्टापटू (63) रनों की शानदार पारी की बदौलत श्रीलंका ने शुक्रवार को महिला एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को 4 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है जहां रविवार को भारतीय टीम के साथ उसकी खिताबी भिड़ंत होगी। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 19 रन पर अपने 2 विकेट गंवा दिए। विश्मी गुणारत्ने (शून्य) और हर्षिता समाराविक्रमा (12) रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कविशा दिलहारी ने कप्तान अट्टापटू के साथ पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़े।

12वें ओवर में सादिया इकबाल ने समाराविक्रमा (17) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। नीलाक्षी डिसिल्वा (शून्य), हसिनी परेरा (3) और सुगंधिका कुमारी (10) रन बनाकर आउट हुईं। अनुष्का संजीवनी 22 गेंदों में 23 रन बनाकर नाबाद रही। श्रीलंका की टीम ने 19.5 ओवर में 7 विकेट पर 141 रन बनाकर मुकाबला 3 विकेट से जीत लिया। पाकिस्तान की ओर से सादिया इकबाल ने 4 विकेट लिए। निदा डार और ओमाइमा सोहैल ने 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुनीबा अली (37) और गुल फिरोजा (25) रनों की पारियों के दम पर पाकिस्तान ने श्रीलंका को दिया 141 रनों का लक्ष्य दिया। बल्लेबाजी करने उतरी मुनीबा अली और गुल फिरोजा की सलामी जोड़ी ने पाकिस्तान को धीमी लेकिन अच्छी शुरुआत देते हुए पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। 10वें ओवर में उदेशिका प्रबोधनी ने गुल फिरोजा को डिसिल्वा के हाथों कैच आउट कराकर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई।

इसके बाद इसी ओवर में प्रबोधनी ने मुनीबा अली को बोल्ड कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया। गुल फिरोजा ने 24 गेंदों में 25 रन बनाये। वहीं मुनीबा अली ने 34 गेंदों में 37 रनों की पारी खेली। सिदरा अमीन (10) और कप्तान निदा डार (23) रन बनाकर आउट हुईं। फातिमा सना ने 17 गेंदों में नाबाद (23) और आलिया रियाज ने 15 गेंदों में नाबाद (16)रन बनाये। पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 140 का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका की ओर से उदेशिका प्रबोधनी ओर कविशा दिलहारी ने 2-2 विकेट लिए।

# शर्मिला ने महिला हॉकी टीम में वापसी का राज बताया

नई दिल्ली ।भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड शर्मिला देवी ने कहा है कि अपने को बेहतर बनाने की चाहत के कारण ही वह टीम में वापसी कर पायी है। शर्मिला काफी समय तक टीम से बाहर रहने के बाद इसी साल एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैच से वापसी करने में सफल रही थीं। इस खिलाड़ी ने कहा है कि वह अब टीम में अपनी जगह बनाये रखने के लिए अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाये रखने का प्रयास कर रही हैं। शर्मिला ने कहा कि टीम से बाहर होने का दौर मुश्किल भर था पर उसे दौरान वह मानसिक रुप से मजबूत बनी रहीं जिसका लाभ उन्हें मिला है। इस खिलाड़ी ने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के बाद मुझे इस साल फरवरी 2024 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का मौका मिला। बीच का दौर मुश्किल था पर मैं सकारात्मक रुख के साथ धैर्यपूर्वक अपने अवसर का इंतजार करती रही।'' शर्मिला ने कहा ''मैंने अपने खेल पर काफी काम किया। मैं इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थी कि वापसी का यही एकमात्र रास्ता है और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। फारवर्ड के रूप में अपने कौशल पर काम करने के अलावा मैंने रक्षात्मक मामलों पर भी ध्यान दिया।''



## जो रूट ने तोड़ा ब्रायन लारा का ये बड़ा रिकॉर्ड, टेस्ट क्रिकेट में 63वां अर्धशतक ठोककर पूरे किए 12 हजार रन

लंदन ।वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस टेस्ट मैच की पहली पारी में वेस्टइंडीज ने 282 रन बनाए। इसके बाद पहली पारी में इंग्लैंड की टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 231 रन बना लिए हैं। वहीं खबर लिखे जाने तक जो रूट ने 122 गेंदों में 87 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं बेन स्टोक्स ने 54 रन दोनों ने ही अपने-अपने अर्धशतक पूरे कर लिए थे। जो रूट ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में 12 हजार रन पूरे कर लिए और वो अब ब्रायन लारा से ज्यादा रन बनाने वाले टेस्ट बल्लेबाज भी बन गए। हालांकि, इस मैच में स्टोक्स फिर पहली पारी में 54 रन बनाकर आउट हो गए।



# टीम को नई दिशा दे सकते हैं गंभीर : शास्त्री



मुम्बई ।पूर्व क्रिकेट रवि शास्त्री ने कहा है कि भारतीय टीम के नए मुख्य कोच गौतम गंभीर की राह आसान नहीं होगी। शास्त्री के अनुसार गंभीर को सबसे पहले खिलाड़ियों की सोच को समझना रहेगा। एक कार्यक्रम के दौरान शास्त्री ने कहा, 'खिलाड़ियों का प्रबंधन कोच का सबसे कठिन काम होता है। अब देखना होगा कि गंभीर इसे कैसे लेते हैं। उनका मानना है कि गंभीर के पास पर्याप्त अनुभव है और वह शीघ्र ही ये समझने का प्रयास करेंगे कि कौन किस प्रकार का है और उसकी खूबी क्या है। उन्होंने कहा हर किसी को समझने के लिए एक ही एक ही मानक नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, ' गंभीर ने केकेआर के मेंटोर के तौर पर अच्छा काम किया है। वह अभी युवा हैं और टीम को नई दिशा दे सकते हैं। इसके अलावा वह अधिकतर खिलाड़ियों को करीब से जानता है क्योंकि खिलाड़ी और मेंटॉर के रूप में वह अलग-अलग आईपीएल टीमों में शामिल रहा है। अब उसे मिलकर एक संयुक्त प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा, 'उसके पास अपने आइडिया भी होंगे। उसके लिए सबसे अच्छी बात यह है कि उसके पास एक परिपक्व और स्थिर टीम है। भले ही आपको लगता हो कि आप परिपक्व हैं, लेकिन आपको नए आइडियाज से लाभ हो सकता है। इसलिए मुझे लगता है कि यह दिलचस्प समय होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह उसका सबसे अहम कार्य होगा। लेकिन मुझे नहीं लगता कि उसे इसमें कोई समस्या आएगी क्योंकि उसने काफी लोगों के साथ खेला है और उसे लंबा अनुभव है।।

# भारत-श्रीलंका टी20 मैच: खिलाड़ी 100 फीसदी प्रदर्शन करें और सीरीज जीतें: असलांका

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** भारत का आज यानी शनिवार को श्रीलंका से टी20 का पहला मैच होना है। इसको लेकर श्रीलंका के नए कप्तान चरित असलांका ने कहा कि वह चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी मैदान पर अपना 100 फीसदी प्रदर्शन करें और सीरीज जीतें। भारत-श्रीलंका तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेंगे और उसके बाद इतने ही वनडे मैच भी खेलेंगे। असलांका ने माना किया कि उनकी टीम में प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और टीम के कप्तान के रूप में उन्होंने उन्हें मैदान पर खुद को स्वतंत्र रूप से पेश करने की आजादी दी है।

असलांका ने कहा कि मैं खिलाड़ियों के लिए सकारात्मक माहौल बनाना चाहता हूं। हमारे पास बहुत सारे प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि उनसे अधिकतम लाभ लेना और उन्हें मैच जिताना है। हमने उन्हें स्वतंत्र रूप से खेलने के की आजादी दी है और जब हमने उन्हें योजना दी है, तो बिना किसी डर के उन्हें क्रियान्वित करने के लिए जाएं। एक कप्तान के रूप में आप मुझसे यही उम्मीद कर सकते हैं।

हाल ही में खत्म हुए सीज़न में अपनी लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) फ्रेंचाइजी जाफना किंग्स को खिताब दिलाने के बाद ऑलराउंडर असलांका को लगता है कि यह देश का प्रमुख टी20 टूर्नामेंट है और शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया जाना चाहिए। असलांका ने कहा कि यदि आप एलपीएल को देखें तो यह नंबर-1 टूर्नामेंट है, हमें इस तरह के फैसले लेने होंगे। घरेलू टी20 से हटकर एलपीएल बहुत उच्च स्तर पर है। उन्होंने कहा लगता है कि यदि आप एलपीएल में प्रदर्शन करते हैं तो आपको ऐसा करना चाहिए। राष्ट्रीय टीम में खेलने का अच्छा मौका मिलेगा।

असलांका ने कहा कि हमारी टीम में चार सलामी बल्लेबाज हैं और जैसा कि मैं सोच रहा हूं उनमें से तीन शीर्ष में जगह बनाएंगे। उनमें से एक को बाहर होना होगा। उन्होंने कहा कि अंडर-15 में उन्होंने टीमों की कप्तानी की है और तब से बहुत बदलाव आया है। वह अपनी टीम के सदस्यों से भी यही कहते हैं हम उसी स्थान पर नहीं रह सकते जहां हम हमेशा से थे। दिन-ब-दिन,



आपको सुधार करना होगा और इसी तरह आप एक अच्छे खिलाड़ी या अच्छे कप्तान बनेंगे। मैंने कई कप्तानों के साथ खेला है, और उनके कई अच्छे गुणों को अपने जीवन में आत्मसात करने की कोशिश की है।

# हुआंग, शेंग ने चीन को दिया पेरिस ओलंपिक का पहला गोल्ड




पेरिस। विश्व चैंपियन निशानेबाज चीन के हुआंग युटिंग और शेंग लिहाओ ने शनिवार को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीत हासिल कर अपने देश को पेरिस ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। चीनी जोड़ी ने चेटेउरौक्स शूटिंग सेंटर में अपने असाधारण कौशल और धैर्य का प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक मैच में उनका सामना दक्षिण कोरिया के क्यूम जी-ह्योन और पार्क हा-जून से हुआ, जिसमें वे 16-12 के स्कोर से विजयी रहे। इससे पहले दिन में कजाकिस्तान की एलेक्जेंड्रा ले और इस्लाम सतपायेव की जोड़ी को कांस्य पदक प्रदान किया गया था। उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए जर्मनी की अन्ना जानसेन और मैक्सिमिलियन उलब्रिच को 17-5 के स्कोर से हराया।

# गौतम गंभीर के लिए पूर्व कोच राहुल द्रविड़ का खास संदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 के विजयी अंत के साथ राहुल द्रविड़ का मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल भी यादगार अंदाज में खत्म हुआ। इसके बाद बीसीसीआई ने गौतम गंभीर को टीम इंडिया का नया मुख्य कोच बनाया है। गंभीर श्रीलंका दौरे पर अपने कार्यकाल की शुरुआत कर रहे है। वहीं इसके पहले बीसीसीआई ने खास वीडियो शेयर किया है। एक नई शुरुआत के लिए पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने गंभीर को एक खास मैसेज दिया है। राहुल द्रविड़ संदेश में कहते हैं, हेल्लो गौतम, आपका हमारी दुनिया की सबसे रोमांचक जॉब में स्वागत है। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच के रूप में मुझे अपना कार्यकाल खत्म किए हुए 3 हफ्ते गुजर चुके हैं। द्रविड़ ने कहा, किसी भी चीज से ज्यादा मैं यादें और दोस्ती को संजोकर रखूंगा जो मैंने अपने टाइम में टीम के साथ बनाई। जैसे कि आपने इंडिया के कोच की जिम्मेदारी ली है, मैं आपके लिए भी यही कामना करता हूं। द्रविड़ ने अपनी बात खत्म कर टीम के खिलाड़ियों के बारे में बात की और गौतम गंभीर को गुड लक बोला। उन्होंने कहा कि मैं यह आशा करता हूं कि प्रत्येक टीम में पूरी तरह से फिट खिलाड़ी उपलब्ध होंगे। द्रविड़ का यह मैसेज सिर्फ एक विदाई नहीं, बल्कि मार्गदर्शन भी था। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि इस काम के साथ बहुत ज्यादा उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। खिलाड़ियों, कर्मचारियों और प्रशंसकों से मिलने वाले समर्थन के महत्व पर भी द्रविड़ ने बात की।

## केएससीए टी20 लीग : द्रविड़ के बेटे समित को मैसुरु वॉरियर्स ने 50 हजार में खरीदा

बेंगलुरू ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ अब महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 लीग में खेलते हुए नजर आयेंगे। समित को अपने करियर का पहला अनुबंध मिला है। समित को गत सत्र की उपविजेता मैसुरु वॉरियर्स ने 50 हजार की राशि में अपने साथ जोड़ा है। समित बल्लेबाजी के साथ ही मध्यम तेज गेंदबाजी भी करते हैं। समित कूच बेहार ट्रॉफी जीतने वाली कर्नाटक की अंडर 19 टीम में भी शामिल थे। केएससीए टी20 लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई। इसमें 240 खिलाड़ियों को खरीदा गया जिसमें श्रेयस गोपाल, कृष्णप्पा गौतम और जे सुचित भी शामिल हैं। मैसुरु वॉरियर्स की टीम के कप्तान करुण नायर हैं जबकि इसमें तेज गेंदबाजी प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल है। गौतम और सुचित में रहेंगे। वॉरियर्स ने करुण को इस बार भी बरकरार रखा है। वहीं वॉरियर्स ने कृष्णप्पा गौतम को 7.4 लाख और जे सुचित को 4.8 लाख रुपए में खरीदा है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को एक लाख रुपए में शामिल किया गया है। इस नीलामी में सबसे अधिक रकम एलआर चेतन को मिली। उन्हें बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने 8.2 लाख रुपए में खरीदा है। ब्लास्टर्स की कप्तानी मयंक अग्रवाल के पास है। महराजा ट्रॉफी का का सत्र अगले माह 15 अगस्त से 1 सितंबर के बीच होगा।



# महिला एशिया कप: दबदबा बरकरार रखकर आठवां खिताब जीतने उतरेगा भारत, श्रीलंका से मिलेगी कड़ी चुनौती

**दांबुला (एजेंसी)।** मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखकर श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले फाइनल में जीत दर्ज करके रिकॉर्ड आठवां खिताब जीतने की कोशिश करेगी। भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने लीग चरण में पाकिस्तान को सात विकेट से, संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से और नेपाल को 82 रन से हराया था। सेमीफाइनल में उसने बांग्लादेश को 10 विकेट से पराजित किया था।

भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अभी तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को कोई मौका नहीं दिया है। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने अभी तक टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है लेकिन टीम प्रबंधन गेंदबाजों विशेषकर दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह के प्रदर्शन से काफी खुश होगा।

दीप्ति ने टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक 9 विकेट लिए हैं जबकि रेणुका सात विकेट लेकर तालिका में तीसरे नंबर पर है। इन दोनों का इकोनॉमी रेट भी शानदार है जिसका मतलब है कि उन्होंने विरोधी टीम के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया है। इन दोनों की कसी गेंदबाजी का फायदा भारत के अन्य गेंदबाजों को भी मिला है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव इसका उदाहरण है जिन्होंने अभी तक 5.5 के इकोनॉमी रेट से 6 विकेट लिए हैं।

भारतीय टीम के लिए कोई विभाग चिंता का विषय नहीं है लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स को बल्लेबाजी के कम मौके मिलने से वह थोड़ा चिंतित हो सकता है। दूसरी तरफ श्रीलंका भी अभी तक अजेय रहा है। उसने टूर्नामेंट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी हासिल की है। श्रीलंका ने ग्रुप चरण में मलेशिया को 144 रन से हराया था। श्रीलंका की तरफ से कप्तान चमारी अटापट्टू ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है।

उन्होंने अब तक 243 रन बनाए हैं लेकिन उनके अलावा श्रीलंका की कोई भी अन्य बल्लेबाज 100 रन तक नहीं पहुंची है। भारत को अगर जीत दर्ज करनी है तो उसे श्रीलंकाई कप्तान पर अंकुश लगाना होगा। भारत के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के सामने श्रीलंका के गेंदबाजों की कड़ी परीक्षा होगी। ऑफ स्पिनर कविशा दिलहारी (सात विकेट) को छोड़कर अन्य श्रीलंकाई गेंदबाज अभी तक प्रभाव छोड़ने में विफल रही हैं।



## अरे भाई कैसी शराबबंदी.... पीएचसी प्रभारी नशे में धुत होकर कर रहा हंगामा

सीतामढ़ी ।नीतिश कुमार के बिहार में यू तो शराबबंदी है।लेकिन धरातल पर बंदी पूरी तरह सफल नहीं है।लेकिन चौंकाने वाली बात ये हैं कि नशा करने में सरकारी सेवक भी पीछे नहीं हैं।वे सेवक जो नशा न करने की सरकारी शपथ तक ले चुके हैं।इस बीच, जिले के एक पीएचसी प्रभारी के नशे में होने की बात उजागर हुई है। पीएचसी प्रभारी का नशे में धुत होकर हंगामा करना उन्हें बड़ा महंगा पड़ा है। उन्होंने शायद ही सोचा होगा कि जो कारनामा कर रहे हैं, वह उनके लिए घातक सिद्ध होगा और हुई भी वही। उनकी करतूत को स्थानीय सीओ ने बर्दाश्त नहीं किया।जैसे ही सुबह हुई, सीओ ने दोषी पीएचसी प्रभारी के खिलाफ स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी। महाशय को शराब पीकर बवाल काटना भारी पड़ गया। घटना जिले के बोखड़ा प्रखंड का है। जहां सरकारी आवास में अधिकारी और कर्मी रहते भी हैं। उसी के समीप पीएचसी भी है। 25 जुलाई की रात करीब 10:30 बजे पता चला कि पीएचसी प्रभारी संतोष कुमार ने परिसर में नशे में हंगामा कर रहे थे।सीओ ने पाया कि नशे में धुत पीएचसी प्रभारी अर्धनग्न अवस्था में हंगामा कर रहे हैं।साथ ही गाली गलौच भी कर रहे हैं।सीओ ने पीएचसी प्रभारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को जानकारी दी है कि वह प्रखंड स्तरीय विधि वायवस्था समिति की सदस्य भी है।इस नाते पीएचसी प्रभारी को समझाने उनके पास पहुंची, तब नशे में धुत अधिकारी ने उनके प्रति भी अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। प्रभारी नशे में किस हद तक थे, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने सीओ को जान मारने तक की धमकी दे डाली।

## पिथौरागढ़ में भारी बारिश का कहर, भागीरथी खतरे के निशान से ऊपर

पिथौरागढ़।उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं।हरिद्वार और ऋषिकेश में गंगा नदी का जल स्तर खतरे के निशान के करीब है। भारी बारिश के अलर्ट के बीच देहरादून, पिथौरागढ़ व बागेश्वर में स्कूल बंद किए गए हैं। वहीं चमौली जिले में दो वाहन पहाड़ी से गिरे मलबे में दब गए हैं।किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।देहरादून और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में शनिवार को तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, नैनीताल और पिथौरागढ़ जिले में कहीं–कहीं कई दौर की तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है उत्तरकाशी में गंगोत्री में भागीरथी का जलस्तर फिर बढ़ गया है।गंगोत्री में भागीरथी नदी का उफान घाटों के ऊपर तक पहुंच रहा है। गंगोत्री में आरती स्थल भागीरथ शिला से तक भागीरथी का जलस्तर पहुंच रहा है।तीर्थ पुरोहितों दान पत्र और अन्य सामान हटा दिया है।राज्य की सभी नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है।राज्य की सभी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पिथौरागढ़ में रामगंगा और काली नदी उफान पर चल रही है।वहीं पिथौरागढ़ में भारी बारिश से कई सड़कों पर मलबा आ गया है, जिसे रोड बंद हो गए।भारी बारिश से थल मुनस्यारी मोटर मार्ग, धारचूला तवाघाट मोटर मार्ग, गंगोलीहाट बेरीनाग मोटर मार्ग, राईआगर सेराघाट अल्मोड़ा मोटर मार्ग बंद हो गया है।वहीं गंगोत्री धाम में भागीरथी नदी का जल स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है।भागीरथी नदी का पानी गंगोत्री धाम में घाट में ऊपर तक आ गया है। जिसके बाद यहां पुलिस प्रशासन ने लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट करना शुरू कर दिया है।

## तिहाड़ की सुरक्षा भगवान भरोसे.... दो विचाराधीन कैदियों पर हमला

नई दिल्ली ।एशिया की सुरक्षित जेल में शामिल तिहाड़ जेल के अंदर दो विचाराधीन कैदियों पर हमले का मामला सामने आया है। दोनों घायल कैदी को दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार घायल कैदियों की पहचान लवली और लवेश के रूप में हुई है।लोकेश और उसके साथी कैदियों के द्वारा इन दोनों पर हमला करने का आरोप है।मौका पाकर लोकेश और उसके साथियों ने लवली और लविश पर हमला किया।जैसे ही हमले की जानकारी मिली तुरंत उन्हें हटाकर घायल कैदियों को अस्पताल ले जाया गया है।मामले की पुष्टि कर डीसीपी वेस्ट ने बताया कि 22 साल का लवली और लवेश अंडर ट्रायल कैदी है।इन दोनों को अंबेडकर 4 साल पहले हुई हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था।यह दोनों तिहाड़ जेल में बंद हैं।सेंट्रल जेल नंबर 9 के वार्ड नंबर 11 में इनपर हमला हुआ है।लोकेश, नितिन, हिमांशु और अभिषेक पर हमले का आरोप बताया जा रहा है।

## 28 दिन में 4.4 लाख भक्तों ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

जम्मू ।29 जून से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा शातिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ रही है।बीते 28 दिनों में 4.4 लाख से अधिक यात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए है। शनिवार को 1,771 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था घाटी के लिए रवाना हुआ। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने कहा कि 29 जून को यात्रा शुरू होने के बाद से पिछले 28 दिनों में 4.40 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा मंदिर के अंदर दर्शन किए।शुक्रवार को 8 हजार से ज्यादा यात्रियों ने मंदिर के अंदर दर्शन किए।शनिवार को 1,771 यात्रियों का एक और जत्था यात्री निवास से सुबह 3:25 बजे दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया, पहला काफिला 772 यात्रियों को लेकर 30 वाहनों के सुरक्षा काफिले में बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। जबकि 999 यात्रियों को लेकर 33 वाहनों का दूसरा सुरक्षा काफिला दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ।गुफा मंदिर में बर्फ की एक संरचना है जो चंद्रमा के चरणों के साथ घटती–बढ़ती रहती है।भक्तों का मानना है कि यह बर्फ की संरचना भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है।

## असम का शाही कब्रिस्तान विश्व धरोहर में शामिल

नई दिल्ली ।असम के शिवसागर शहर से 28 किलोमीटर दूर अहोम युग का शाही कब्रिस्तान बना हुआ है।1228 से लेकर 1826 के बीच में इस शाही कब्रिस्तान का उपयोग, राज परिवार के सदस्यों को दफनाने के लिए किया जाता था।इसकी संरचना पिरामिड के आकार पर है।इसे विश्व धरोहर में शामिल किया गया है। पहली बार पूर्वोत्तर राज्य असम को विश्व धरोहर सूची में जगह मिली है। विश्व धरोहर की सूची में भारत की यह 43 वीं धरोहर होगी।एशिया की पहले कब्रिस्तान के रूप में विश्व धरोहर मैं शामिल किया गया है। पिरामिड जैसी टीलेनुमा इस कब्रिस्तान में अनेक राजवंश के सदस्यों को उनकी प्रिय चीजों के साथ दफनाया जाता था।ताई- अहोम राजवंश ने असम में लगभग 600 सालों तक राज किया था।अंतर्राष्ट्रीय स्मारक और स्थल परिषद ने इसे यूनेस्को की सूची में शामिल करने की अनुशंसा की थी।असम के यह शासक चीन से आए थे।वास्तु कला की विशेषज्ञता का यह कब्रिस्तान दुनिया भर की धरोहर में सर्वश्रेष्ठ नमूना है। यह कब्रिस्तान 96 हेक्टेयर के बफर जोन में फैला हुआ है। इस कब्रिस्तान में अष्टकोणी दीवार के केंद्र में मंदिर भी स्थापित है।इस कब्रिस्तान में राजाओं और रानियों को दफनाया गया था।जिसके कारण यहां की जनजाति इसे पवित्र स्थल मानती है।

## लिव-इन रिलेशनशिप को शादी नहीं मान सकते, शादी एक पवित्र बंधन

**–एक कपल की याचिका पर हाईकोर्ट ने अपनी प्रतिक्रिया दी, सुरक्षा देने से इनकार**

चंडीगढ़।पंजाब–हरियाणा हाईकोर्ट में लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक कपल ने याचिका दायर कर सुरक्षा की मांग की है।याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि दो लोग कुछ दिनों से साथ रह रहे हैं, लिव–इन रिलेशनशिप होने का उनका दावा काफी नहीं है।कोर्ट के मुताबिक ऐसे मामलों में पुलिस को सुरक्षा देने का आदेश देना इन रिश्तों को मान्यता देने जैसा होगा।कोर्ट ने यह भी कहा कि भारत जैसे देश में शादी एक पवित्र बंधन और समाज का आधार है। जस्टिस संदीप मौदगिल ने कहा कि शादी एक पवित्र बंधन है जिसके कानूनी पहलू और सामाजिक मान्यता होती है।हमारी संस्कृति में नैतिकता का बहुत महत्व है लेकिन समय के साथ हम पश्चिमी सभ्यता को अपना रहे हैं जो कि हमारी संस्कृति से अलग है।भारत का एक वर्ग लिव–इन रिलेशनशिप को अपना रहा है।जज ने यह बात एक लिव–इन कपल की सुरक्षा की मांग को लेकर कही।इस मामले में एक 40 साल से ज्यादा उम्र की महिला और 44 साल से ज्यादा उम्र के पुरुष ने याचिका दायर की थी।दोनों ने अपने परिवार वालों से जान का खतरा बताया था। दोनों ने कोर्ट से सुरक्षा की मांग करते हुए कहा था कि परिवार वाले उनके रिश्ते में दखल दे रहे हैं।

# ममता बनर्जी के समर्थन में उतरे एमके स्टालिन, पूछा- क्या उन्हें को रोकना सहकारी संघवाद है?



**मुंबई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस दावे के बाद केंद्र सरकार की आलोचना की कि नीति आयोग की बैठक में उनके भाषण के दौरान उन्हें अनुचित तरीके से रोका गया था। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में स्टालिन ने सवाल किया, क्या यह सहकारी संघवाद है? क्या एक मुख्यमंत्री के साथ व्यवहार करने का यही तरीका है? केंद्र की भाजपा सरकार को यह समझना चाहिए कि विपक्षी दल हमारे लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं और उन्हें चुप कराने के लिए दुश्मनों की तरह व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए।

एमके स्टालिन ने आगे साफ तौर पर कहा कि सहकारी संघवाद के लिए सभी आवाजों के लिए संवाद और सम्मान की आवश्यकता है। दिल्ली में बनर्जी ने दावा किया कि उनका माइक्रोफोन सिर्फ पांच मिनट के बाद काट दिया गया, जबकि अन्य मुख्यमंत्रियों को बोलने के लिए अधिक समय दिया गया। हालाँकि, केंद्र सरकार ने उनके आरोपों को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उनके बोलने का आवंटित समय समाप्त हो गया था।

बैठक से बाहर निकलने के बाद पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा, 'मैं बैठक का बहिष्कार करके बाहर आई हूं। चंद्रबाबू नायडू को बोलने के लिए 20 मिनट का समय दिया गया था, असम, गोवा, छत्तीसगढ़ के सीएम ने 10-12 मिनट तक बात की। पाँच मिनट बाद ही मुझे बोलने से रोक दिया गया।' केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसे पूरी तरह से झूठ बताया है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग की बैठक में सीएम ममता बनर्जी शामिल हुईं। हम सबने उन्हें सुना। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक सीएम को आवंटित समय दिया गया था और उसे हर टेबल के सामने मौजूद स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया था। उन्होंने मीडिया में कहा कि उनका माइक बंद कर दिया गया था। यह पूरी तरह झूठ है। हर सीएम को बोलने के लिए उचित समय दिया गया।

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया है कि उनका माइक बंद था जो सच नहीं है। उन्हें इसके पीछे सच बोलना चाहिए न कि फिर से झूठ पर आधारित कहानी गढ़नी चाहिए। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मैंने नहीं देखा कि (नीति आयोग) बैठक में क्या हुआ है।' उन्होंने कहा कि मैं केवल इतना ही कह सकता हूं कि यह तथाकथित INDI गठबंधन बिल्कुल भी गठबंधन नहीं है क्योंकि ममता ने पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी। वे जनता के जनादेश को पचा नहीं पा रहे हैं, हाय तौबा मचा रहे हैं।

## सांसदों पर जमकर बरसे जगदीप धनखड़, 'हिट-एंड-रन स्ट्रैटजी' को लेकर की आलोचना

नई दिल्ली। संसद भवन में आयोजित राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को संविधान के संरक्षण और लोकतंत्र की रक्षा में संसद की सर्वोपरि भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि संसद सदस्य (सांसद) लोकतंत्र के सबसे गंभीर संरक्षक हैं, खासकर संकट के समय में जब लोकतांत्रिक मूल्य खतरे में हैं। नए सांसदों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि अगर लोकतंत्र में कोई संकट है, अगर लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला किया जाता है, तो आपकी भूमिका निर्णायक है।उन्होंने दोहराया कि संसद को पूर्ण स्वायत्तता और अधिकार के साथ काम करना चाहिए, इस बात पर जोर देते हुए कि कोई भी विषय सदन के भीतर चर्चा के लिए सीमा से बाहर नहीं है, बशर्ते कि उचित प्रक्रियाओं का पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि संसद अपनी प्रक्रिया, अपनी कार्यवाही के लिए सर्वोच्च है। संसद के अंदर जो कुछ भी होता है, अध्यक्ष के अलावा किसी को भी हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। यह न तो कार्यपालिका का हो सकता है और न ही किसी अन्य संस्थान का।कुछ सदस्यों के वर्तमान आचरण पर चिंता व्यक्त करते हुए, धनखड़ ने 'हिट एंड रन' रणनीति की आलोचना की, जहां सदस्य सदन में संक्षिप्त उपस्थिति से पहले और बाद में अन्य सदस्यों की बात सुने बिना मीडिया से जुड़ते हैं।उन्होंने कुछ व्यक्तियों को खुश करने के इरादे से व्यक्तिगत हमलों और विघटनकारी व्यवहार की बढ़ती प्रवृत्ति की भी निंदा की और चेतावनी दी, इससे बड़ी कोई विभाजनकारी गतिविधि नहीं हो सकती।

# उत्तराखंड में नदियां उफान पर, हरिद्वार-ऋषिकेश में अलर्ट, दून में स्कूल बंद



**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं। हरिद्वार और ऋषिकेश में गंगा नदी का जल स?तर खतरे के निशान के करीब है। भारी बारिश के अलर्ट के बीच शनिवार को भी देहरादून, पिथौरागढ़ व बागेश्वर में स?कूल बंद किए गए हैं। वहीं चमोली जिले में दो वाहन पहाड़ी से गिरे मलबे में दब गए हैं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। देहरादून और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में शनिवार को तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, नैनीताल और पिथौरागढ़ जिले में कहीं-कहीं कई दौर की तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।उत्तरकाशी में गंगोत्री में भागीरथी का जलस्तर फिर बढ़ गया है। गंगोत्री में भागीरथी नदी का उफान घाटों के ऊपर तक पहुंच रहा है। गंगोत्री में आरती स्थल भागीरथ शिला से तक भागीरथी का जलस्तर पहुंच रहा है। ?तीर्थ पुरोहितों दान पत्र और अन्य सामान हटा दिया है। बता दें कि शुक्रवार को यहां नदी उफान पर आ गई थी और तबाही ला दी थी।

मौसम विभाग की ओर से शनिवार को भी देहरादून जनपद में आकाशीय बिजली चमकने और भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए जिलाधिकारी सोनिका ने पहली से 12वीं तक के समस्त विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर शनिवार को अवकाश घोषित किया है।

शासकीय, अशासकीय और निजी विद्यालयों को जारी आदेश का पालन करेना होगा। भारी वर्षा के चलते शुक्रवार को भी देहरादून के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया था। मसूरी चकराता एनएच 707ए कैम्पटी फाल से आगे सैंजी ढांग में तथा जीवन आश्रम के समीप पूरी रात बंद रहा। शनिवार सुबह जेसीबी ने मलबा हटाकर मार्ग खुलवाया। एनएच 507, दिल्ली यमुनोत्री एनएच मसूरी बैंड के समीप अभी भी बंद है, दो जेसीबी मलबा हटाने में लगी हैं। मसूरी देहरादून मुख्य मार्ग खुला है।

### अलकनंदा-मंदाकिनी हुई विकराल

पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश से रुद्रप्रयाग जनपद में बहने वाली अलकनंदा और मंदाकिनी नदियां अपने रौद्र रूप में बह रही हैं।उत्तरकाशी में मुख्यालय, चिन्यालीसौड़ क्षेत्र में हल्की वर्षा हो रही है। जनपद के अन्य तहसील क्षेत्रों में बादल लगे हैं। गंगोत्री - यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात हेतु सुचारू बताया जा रहा है। लम्बगांव मोटर मार्ग आयंरखाल के पास मलबा व पत्थर आने के कारण मार्ग बाधित होने की सूचना है।शुक्रवार को त्रिवेणी घाट ऋषिकेश में गंगा का जल स्तर 339.62 मीटर तक पहुंचा, जो कि खतरे के निशान से महज 88 मीटर नीचे रहा। जल स्तर बढ़ने के कारण सुबह से गंगा घाटों पर पुलिस ने मुनादी शुरू की। तटीय क्षेत्रों में दिनभर तैराक पुलिस भी तैनात रही।शुक्रवार सुबह गंगा का जल स्तर 338.99 मीटर (समुद्र तल से)दर्ज किया जो धीरे-धीरे बढ़ते हुए दोपहर दो बजे के बाद चेतावनी रेखा को पार कर दिया। दोपहर 3:00 बजे तक 339:50 मीटर तक पहुंच गया, जबकि खतरे के निशान (340.50 मीटर) से महज 88 मीटर कम था। इस दौरान गंगा का जल स्तर आरती पांडाल से ऊपर पहुंच गया।सुबह से ही जल स्तर बढ़ने की सूचना मिलने पर पुलिस कर्मी व एसडीआरएफ के जवान गंगा घाटों पर तैनात रहे। सुबह से पुलिसकर्मियों ने मुनादी कर लोगों को सतर्क किया।

## नॉन-बायोलॉजिकल पीएम के लिए ढोल पीटने वाले तंत्र के रूप में काम करता है नीति आयोग, जयराम रमेश का बड़ा हमला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की बैठक की निंदा की, जिसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैठक से बाहर चली गईं और दावा किया कि उन्हें उनके भाषण के बीच में गलत तरीके से रोका गया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि चूंकि इसकी स्थापना दस साल पहले हुई थी, नीति आयोग पीएमओ का एक संलग्न कार्यालय रहा है और गैर-जैविक पीएम के लिए ढोल बजाने वाले के रूप में कार्य किया है। इसने किसी भी तरह से सहकारी संघवाद के उद्देश्य को आगे नहीं बढ़ाया है। इसकी कार्यप्रणाली स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण रही है, और यह पेशेवर और स्वतंत्र के अलावा कुछ भी नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह सभी भिन्न और असहमति वाले दृष्टिकोणों को दबा देता है, जो एक खुले लोकतंत्र का सार हैं। इसकी बैठकें एक दिखावा है। आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के प्रति उसका व्यवहार, हालांकि नीति आयोग का विशिष्ट है, अस्वीकार्य है। ममता बनर्जी ने दावा किया कि बैठक में उन्हें बोलने के लिए सात मिनट का भी समय नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष शासित राज्यों से मैं अकेला था जो वहां गया था। उन्हें मुझे 30 मिनट का समय देना चाहिए था। राजनाथ सिंह ने कहा कि सभी को 5-7 मिनट में अपने विचार रखने चाहिए, लेकिन मुझे बोलने के लिए 7 मिनट भी नहीं दिए गए।

अपने लोगों को 20 मिनट दिया गया और बाकी लोगों को 0, मैंने बैठक का बहिष्कार करके ठीक किया, मैं उन्हें बंगाल का अपमान करने नहीं दूंगी। अन्य राज्यों में जो विपक्षी पार्टियां सरकार चला रहे हैं उनके साथ मैं मजबूती से खड़ी हूं।

## असम में बनेगा तीसरा रक्षा गलियारा, राजनाथ सिंह ने दिलाया भरोसा : सीएम सरमा

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि राज्य में तीसरा रक्षा गलियारा बनने जा रहा है। इस सबंध में खुद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हे भरोसा दिलाया है। सरमा ने हाल ही में दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह से मुलाकात की थी। उन्होंने यहां मीडिया से कहा, हमारा लक्ष्य असम में तीसरा (रक्षा गलियारा) लाना है। सेमीकंडक्टर के साथ-साथ हम असम को विमान, हेलीकॉप्टर, मिसाइल और अन्य हथियार प्रणालियों के निर्माण के लिए एक केंद्र के रूप में स्थापित करेंगे।



असम के सीएम ने कहा कि रक्षा गलियारे की स्थापना का प्रस्ताव विचार अग्रिम चरण में है, लेकिन इसकी संवेदनशीलता के कारण इसमें कुछ समय लग सकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 23 जुलाई को लोकसभा में पेश केंद्रीय बजट 2024-25 पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए सरमा ने कहा कि पहली बार केंद्रीय बजट में स्वीकार किया गया है कि असम की बाढ़ देश के बाहर से आने वाले पानी के कारण होती है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने इस चुनौती से निपटने के लिए व्यापक समर्थन देने की अपनी तत्परता की घोषणा की है।सरमा ने राष्ट्रीय राजधानी की अपनी यात्रा के दौरान निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की और गुवाहाटी के पास एक सैटेलाइट टाउनशिप के लिए फंडिंग, नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन का विस्तार और इसकी चौथी इकाई के चालू होने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बोंगाईगांव रिफाइनरी और लेपटकाटा में ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड (बीसीपीएल) के विस्तार पर भी चर्चा हुई। सरमा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ अपनी बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने मंत्री से राम मंदिर के तीर्थयात्रियों के लिए गुवाहाटी से एक विशेष ट्रेन सेवा शुरू करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, असम एक लाख तीर्थयात्रियों को अयोध्या भेजने की योजना बना रहा है।

# विकसित भारत 2047....पीएम मोदी के संकल्प को पूरा करने में जुटा गुजरात: पटेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 'विकसित भारत 2047' के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने में गुजरात की संपूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'अर्निंग वेल' और 'लिविंग वेल' के दो प्रमुख स्तंभों पर आधारित रोडमैप के द्वारा राज्य के लोगों के जीवन स्तर को सर्वोत्तम बनाने और उनकी समृद्धि को अर्थव्यवस्था में सहभागी बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना चाहती है। मुख्यमंत्री पटेल ने इन लक्ष्यों को सुनियोजित और सुव्यवस्थित तरीके से हासिल करने के लिए के लिए थिंक टैंक के रूप में गुजरात राज्य इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन (जीआरआईटी-ग्रिट) की स्थापना करने की मंशा व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि देश की आबादी में लगभग पांच फीसदी हिस्सेदारी के साथ गुजरात ने वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.3 फीसदी का योगदान दिया है। इतना ही नहीं, देश की अर्थव्यवस्था में अपना अहम योगदान देने के लिए गुजरात 2047 तक 3.5 ट्रिलियन यूएस डॉलर की इकोनॉमी बनने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।



बैठक में मुख्यमंत्री पटेल ने पीएम गति शक्ति, स्वास्थ्य, नारी गौरव नीति, श्री अन्न (मिलेट), प्राकृतिक कृषि, डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और अमृत सरोवर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में राज्य सरकार की मौजूदा उपलब्धियों और भविष्य के विजन के लिए किए जा रहे ठोस आयोजन-उपायों की विस्तृत भूमिका दी। सीएम पटेल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत से ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। इसके लिए हमें सामूहिक प्रयासों करना होगा और ऐसी नीतियां बनानी होंगी, ताकि हम दुनिया के सबसे बड़े मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकें।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए इस विजन और विकसित भारत के लिए हरित विकास (ग्रीन ग्रोथ) के विचार को गुजरात आगे बढ़ा रहा है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि जनवरी-2024 में आयोजित वाइब्रेंट समिट में गुजरात ने सेमीकंडक्टर सेक्टर में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक लंबी छलांग लगाई है, जिसका लाभ न केवल पूरे देश को बल्कि दुनिया को भी मिलेगा। यही नहीं, देश की पहली सेमीकंडक्टर चिप का भी उत्पादन भी गुजरात में होगा। गुजरात सरकार ने सेमीकंडक्टर्स, ब्लॉकचेन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे भविष्य के क्षेत्रों में आज की युवा पीढ़ी को 'मुख्यमंत्री भविष्यलक्षी कौशल्य विकास योजना' के माध्यम से अभी से ही प्रशिक्षित करने के प्रयासों पर फोकस किया है।

सीएम पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए ग्रीन ग्रोथ के विचार को मूर्त रूप देने की दिशा में गुजरात सोलर रूफटॉप स्कीम के व्यापक कार्यान्वयन और कच्छ में निर्माणाधीन दुनिया के सबसे बड़े हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी पार्क के माध्यम से तेज गति से आगे बढ़ रहा है। राज्य में 43 लाख से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें लगभग 9 लाख किसान 7 लाख एकड़ से अधिक भूमि में प्राकृतिक खेती कर रहे हैं।

# सावधान... यूपी, राजस्थान, कोंकण-गोवा और गुजरात में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट

**–अगले चार दिन यूपी, राजस्थान के लिए बहुत भारी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के कई हिस्सों में बारिश से गंभीर हालात बन हुए हैं। कही बाढ़ और भूस्खलन के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है।

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में 17 दिन के ब्रेक के बाद मानसून फिर से आगरा के रास्ते पहुंच गया है। यूपी में 30 जुलाई तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इधर, गुजरात के भी कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 2700 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। बाढ़ प्रभावित इलाकों में 2200 लोग नवसारी और 500 लोग तापी जिले के हैं। उत्तराखंड में भारी बारिश से यमुनोत्री धाम के दोनों गर्मकुंडों में मलबा भर गया है। मंदिर का ऑफिस, रसोई टूट गई है, मंदिर तक जाने वाला पैदल पुल भी बह गया है। भारी मलबा और बोल्डर से यमुनोत्री मंदिर को भी नुकसान हुआ है। जानकीचट्टी-यमुनोत्री पैदल मार्ग पर राममंदिर के निकट रजिस्ट्रेशन केंद्र क्षतिग्रस्त हो गया है। लोगों को भागकर जान बचानी पड़ी।

### आगे कैसा रहेगा मौसम...

28 जुलाई को पूर्वी राजस्थान, कोंकण-गोवा और गुजरात में भारी से बहुत भारी बारिश (12 सेमी से ज्यादा) की चेतावनी दी गई है।

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के विदर्भ, छत्तीसगढ़, उपहिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, केरल और इंटीरियर कर्नाटक में भारी बारिश (7 सेमी तक) का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में अगले चार-पांच दिन लगातार बारिश का दौर रहेगा। राजस्थान में अब तक 185.3 एमएम औसत बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 1 फीसदी कम है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 **A** कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**